






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 305

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 21 अगस्त, 2024


## कोलकाता रेप-मर्डर केस

# सीजेआई ने नेशनल टास्क फोर्स बनाई

टास्क फोर्स मेडिकल प्रोफेशनल की सुरक्षा के उपाए बताएगी, आरजी कर अस्पताल में सीआईएसएफ की तैनाती






**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता रेप-मर्डर मामले में सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सुनवाई की। सीजेआई ने कहा- डॉक्टर्स की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए टास्क फोर्स बना रहे हैं, इसमें 9 डॉक्टर्स को शामिल किया गया है, जो मेडिकल प्रोफेशनल्स की सुरक्षा, वर्किंग कंडीशन और उनकी बेहतरी के उपायों की सिफारिश करेगी। टास्क फोर्स में केंद्र सरकार के पांच अधिकारी भी शामिल किए गए हैं। कोर्ट ने सीबीआई से 22 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट और राज्य सरकार से घटना की रिपोर्ट मांगी है। आरजी कर अस्पताल की सुरक्षा का जिम्मा सीआईएसएफ को दिया गया। केस की अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट के नेशनल टास्क फोर्स बनाने के फैसले का स्वागत किया है। दरअसल, 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या की गई थी। उसके बाद डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया। देशभर के डॉक्टर हड़ताल पर चले गए। वहीं 14 अगस्त की देर रात इसी अस्पताल में भीड़ ने घुसकर तोड़फोड़ की थी।

### 'हम डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित'

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि ये सिर्फ एक मर्डर का मामला नहीं है। हमें डॉक्टरों की सुरक्षा की चिंता है। बेंच ने कहा कि महिलाएं सुरक्षा से वंचित हो रही हैं। बेंच ने कहा कि आखिर ऐसे हालात में डॉक्टर कैसे काम करेंगे। हमने देखा है कि उनके लिए कई जगहों पर रेस्ट रूम तक नहीं होते। आज महिलाएं तेजी से वर्कप्लेस में शामिल हो रही हैं। इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और बदलाव लाने के लिए एक और बलात्कार का इंतजार नहीं कर सकते। चिकित्सा पेशे में हिंसा की आशंका बढ़ गई है। पुरुष प्रधान सोच के कारण महिला डॉक्टरों को ज्यादा निशाना बनाया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 卐अगर महिलाएं काम पर नहीं जा पा रही हैं और काम करने की स्थितियां सुरक्षित नहीं हैं तो हम उन्हें समानता से वंचित कर रहे हैं। ज्यादातर युवा चिकित्सक 36 घंटे काम करते हैं, हमें काम करने की सुरक्षित स्थितियां सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल बनाने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम सभी स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा से संबंधित मामले पर विचार कर रहा है, इसलिए हम देशभर में विरोध-प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों से अनुरोध करते हैं कि वे काम पर लौट आएं, क्योंकि इससे मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं मिलने में दिक्कत आ रही है।

### पुलिस की कार्रवाई पर भी उठाए सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पुलिस की कार्रवाई और पीड़िता के परिवार को अंधेरे में रखने से जुड़े आरोपों को लेकर भी सवाल पूछे। कोर्ट ने कहा कि ये एक अपराध का मामला नहीं है। इस मामले में एफआईआर दर्ज करने में भी देर हुई। यह अस्पताल की जिम्मेदारी थी कि वह एफआईआर दर्ज कराए। लेकिन देर रात एफआईआर दर्ज कराई गई। अस्पताल प्रबंधन इस मामले में आखिर कर क्या रहा था? अभिभावकों को भी पीड़िता का शव काफी देर बाद सौंपा गया। एफआईआर दर्ज करने में बेवजह देरी हो रही है। राज्य को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि तोड़फोड़ करने वालों को पकड़ा जाए। हम यह समझ नहीं पा रहे हैं कि राज्य सरकार अस्पताल में हुई तोड़फोड़ के मामले को कैसे नहीं संभाल पाई। कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य संदीप घोष को लेकर भी कई सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद डरावनी घटना है। प्रिंसिपल ने इस मामले को पहले सुसाइड बताने की कोशिश की। आखिर प्रिंसिपल कर क्या रहे थे।

### सुप्रीम कोर्ट के केंद्र सरकार से 8 सवाल

- अस्पतालों की सुरक्षा के क्या इंतजाम हैं।
- क्या प्रवेश द्वार पर चेकिंग की सुविधा है।
- रेस्ट हाउस की संख्या कितनी है।
- ऐसे कमरों में क्या सुविधाएं दी जा रही हैं।
- क्या अस्पताल के सभी क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।
- मरीजों की समस्या के समाधान का प्रशिक्षण दिया जाता है या नहीं?
- क्या अस्पतालों के बाहर पुलिस चौकी है।
- क्या समस्याओं के समाधान के लिए इंटरनल कमेटियां हैं?

### आरोपी का लाई डिटेक्टर टेस्ट होगा

ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले में आरोपी संजय रॉय का लाई डिटेक्टर टेस्ट होगा। कोलकाता की अदालत ने सीबीआई को इसकी इजाजत दे दी है। संजय 10 अगस्त से पुलिस गिरफ्त में है। सीबीआई की एक टीम सोमवार (19 अगस्त) शाम को कुछ इलाकों के सीसीटीवी कैमरों के सीसीटीवी फुटेज हासिल करने के लिए कोलकाता पुलिस हेडक्वार्टर पहुंची। पहले कहा जा रहा था कि आरजी कर अस्पताल से पहली बार निकलने के बाद आरोपी सेक्स वर्कर्स के मोहल्ले में गया था, लेकिन उसने वहां महज शराब पी थी। अब सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से यह पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि वह ठीक कहां-कहां और किस घर में गया था?

### पूर्व प्रिंसिपल जांच के दायरे में, लगातार चार दिन पूछताछ हुई

ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर केस में सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से भी पूछताछ कर रही है। उनसे शुक्रवार (16 अगस्त) से लगातार चार दिन पूछताछ की गई। बीच-बीच में उन्हें कुछ समय का ब्रेक भी मिल रहा था। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, डॉ घोष जांच एजेंसी के 10 सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए हैं।

### पीड़िता की पहचान उजागर होने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

सुप्रीम कोर्ट की तरफ से पीड़िता की पहचान उजागर करने को लेकर भी नाराजगी जाहिर की गई। कोर्ट ने कहा कि यह घटना दुखद है। सुप्रीम कोर्ट ने एलान किया कि इस घटना के बाद डॉक्टरों की स्थिति को लेकर नेशनल टास्क फोर्स बनाने जा रहे हैं। यह टास्क फोर्स कोर्ट की निगरानी में काम करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सीबीआई से 22 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट भी तलब की। साथ ही सीबीआई को तीन महीने के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने तीन हफ्ते के अंदर टास्क फोर्स से रिपोर्ट मांगी।

### डॉक्टरों की हड़ताल को एक सप्ताह बीता

मामले में डॉक्टरों की हड़ताल को रविवार को एक सप्ताह हो चुका है, जिससे मरीजों को परेशानी हो रही है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि सीबीआई दोषियों को पकड़े और अदालत उन्हें अधिकतम सजा दे। इसके अलावा, वह सरकार से यह आश्वासन चाहते हैं कि भविष्य में दोबारा कोई ऐसी घटना न घटे। उच्च न्यायालय ने उन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने का आदेश दिया, जिनमें पीड़िता के माता-पिता द्वारा अदालत की निगरानी में जांच की प्रार्थना भी शामिल थी।

### नेशनल टॉस्क फोर्स में ये डॉक्टर

- आरके सरियन, सर्जन वाइस एडमिरल
- डॉ. नागेश्वर रेड्डी, मैनेजिंग डायरेक्टर एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल गैस्ट्रोलॉजी
- डॉ. एम. श्रीनिवास, डायरेक्टर एम्स, दिल्ली
- डॉ. प्रतिमा मूर्ति, एनआईएमएचएएनएस, बेंगलुरू
- डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी, डायरेक्टर, एम्स, जोधपुर
- डॉ. सौमित्र रावत, गंगाराम अस्पताल के मैनेजिंग मेंबर
- प्रोफेसर अनीता सक्सेना, कार्डियोलॉजी हेड, एम्स, दिल्ली
- प्रोफेसर पल्लवी सापरे, डीन-ग्रांट मेडिकल कॉलेज, मुंबई
- डॉ. पदमा श्रीवास्तव, न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट, एम्स

### टास्क फोर्स में ये 5 सदस्य भी

- भारत सरकार के कैबिनेट सचिव
- भारत सरकार के गृह सचिव
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव
- नेशनल मेडिकल कमीशन के अध्यक्ष
- नेशनल बोर्ड ऑफ इग्जामिनर्स के अध्यक्ष

### क्या है पूरा मामला?

आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में नौ अगस्त की दरमियानी रात को प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। अगले दिन सुबह उसका शव मिला था, जिसके बाद से डॉक्टर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बंगाल पुलिस से जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दी है।

## क्रीमीलेयर पर 'कैंची' से बसपा में मची खलबली

काडर वोट बैंक को खुद से जोड़कर रखने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सुप्रीम कोर्ट के नजरिए के विपरीत किया 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान




- बसपा के नेशनल कॉर्डिनेटर आकाश आनंद ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर बड़ा बयान दिया
- काडर वोट बैंक को खुद से जोड़कर रखने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सुप्रीम कोर्ट के नजरिए के विपरीत अपील की
- बसपा नेताओं ने कहा, हमारी आजादी पर हमला किया जा रहा है

### सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को एससी-एसटी के आरक्षण में सब-कैटेगरी बनाने का अधिकार दिया

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को एससी,एसटी के आरक्षण में सब-कैटेगरी बनाने का अधिकार दिया है। साथ ही, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने पर भी जोर दिया है। जिसका बसपा प्रमुख मायावती समेत कई नेता और संगठन विरोध कर रहे हैं। 21 अगस्त को भारत बंद का ऐलान किया गया। बसपा प्रमुख मायावती ने इसका समर्थन किया है।

**जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** अनुसूति जाति, जनजाति आरक्षण में क्रीमी लेयर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के रुख के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेतृत्व में हलचल मच गई है। काडर वोट बैंक को खुद से जोड़कर रखने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सुप्रीम कोर्ट के नजरिए के विपरीत 21 अगस्त को भारत बंध का आह्वान किया है। बसपा के नेशनल कॉर्डिनेटर आकाश आनंद ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर बड़ा बयान दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने लिखा, आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ एससी/एसटी समाज में काफी गुस्सा है। इसलिए फैसले के विरोध में 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान किया है। आकाश आनंद ने आगे लिखा, हमारा समाज शांतिप्रिय समाज है। हम सबका सहयोग करते हैं। सबके सुख-दुख में हमारा समाज शामिल होता है, लेकिन आज हमारी आजादी पर हमला किया जा रहा है। 21 अगस्त को इसका शांतिपूर्ण तरीक़े से करारा जवाब देना है।

### बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्र ने भी की अपील



बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्र ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, साथियों, जैसा कि हम सब जानते हैं कि मायावती जी ने सुप्रीम कोर्ट के उप वर्गीकरण के फ़ैसले का पुरज़ोर विरोध किया है। बहन जी के दिशानिर्देश अनुसार बीएसपी के सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं से अपील है कि बीएसपी के नीला झंडा और हाथी निशान के तहत 21 अगस्त 2024 को होने वाले भारत बन्द में शामिल हो और जनता को खास कर दलित, शोषित , वंचित, अल्पसन्यक एवं न्याय पसंद लोगों तक उप वर्गीकरण के बारे में जागरूक करें। बसपा के सभी कार्यकर्ता अनुशासित एवं संवैधानिक तरीक़े से बड़ी संख्या में भारत बन्द में शामिल हों यह पार्टी की अपील है।

## अयोध्या, गोमतीनगर व कन्नौज का नवाब ब्रांड ही सपा की असली पहचान: योगी




- मुख्यमंत्री ने भाजपा के सदस्यता अभियान-2024 कार्यशाला में कार्यकर्ताओं से किया संवाद

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या, गोमतीनगर व कन्नौज की घटना ही समाजवादी पार्टी का नवाब ब्रांड है। कोलकाता की अराजकता पर चिकित्सक व आधी आबादी आंदोलित है, लेकिन सपा मुखिया दुष्कर्मियों व कोलकाता सरकार का बचाव कर रहे हैं। सपा मुखिया का बेशर्मीपूर्ण बयान ही उनकी पार्टी का असली चेहरा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में साजिश हो रही है। इसे समझने की आवश्यकता है। सीएम ने आरोप लगाया कि बहुसंख्यक समाज के विपरीत कथित धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने वाले दलों के स्वर भारत की मूल विचारधारा पर होने वाले हमले में नहीं निकलते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान-2024 की कार्यशाला में कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हमें बैकफुट पर जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि विपक्ष के कारनामों की पोल खोलने की जरूरत है। मुख्यमंत्री कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर हमलावर रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि इस अभियान को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाइए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या, गोमतीनगर व कन्नौज की घटना ही समाजवादी पार्टी का नवाब ब्रांड है।

**रिपोर्ट** 67 जिलों में 23 से 25 अगस्त और 30, 31 अगस्त को होगी प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा

## पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर योगी सरकार मुस्तैद, एसटीएफ के राडार पर 1541 अपराधी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

योगी सरकार ने प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी पुलिस की भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। सीएम योगी के निर्देश पर 60,244 आरक्षियों के पदों पर चयन के लिए होने वाली इस परीक्षा को प्रदेश के 67 जिलों में 23 से 25 अगस्त और 30, 31 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इसके तहत यूपी पुलिस और एसटीएफ 15 सौ से अधिक ऐसे अपराधियों पर लगातार नजर रख रही है, जो पिछले 12 वर्षों से पेपर लीक और सॉल्वर गैंग जैसी गतिविधियों में लिप्त रहे हैं। परीक्षा को पारदर्शी तरीके से कराने के लिए अब तक 48 लाख अभ्यर्थियों का आधार सत्यापन कराया जा चुका है जबकि शेष की सत्यापन प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा संदिग्ध अभ्यर्थियों के सत्यापन के लिए परीक्षा केंद्र पर ही ईकेवाईसी की व्यवस्था की जा रही है। इनकी परीक्षा के बाद भी स्कूटनी की जाएगी। वहीं 23 अगस्त को होने वाली परीक्षा के लिए मंगलवार से बोर्ड की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड होना शुरू हो गये हैं। 

- यूपी पुलिस के रिक्त 60,244 आरक्षी पदों पर चयन के लिए 1154 केंद्रों पर होगी परीक्षा
- 48 लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में होंगे शामिल, सुरक्षा के किये गये पुख्ता इंतजाम
- पिछले 12 वर्षों से पेपर लीक और सॉल्वर गैंग जैसी गतिविधियों में लिप्त अपराधियों पर विशेष नजर
- नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए अब तक 48 लाख अभ्यर्थियों का किया गया आधार सत्यापन

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड होना शुरू हो गये हैं। अभ्यर्थी अपनी परीक्षा तिथि के तीन दिन पहले से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

### अब तक 48 लाख अभ्यर्थियों का आधार सत्यापन पूरा

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड यूपीपीआरपीबी के अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप परीक्षा की शुचिता को बरकरार रखने के लिए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रदेश के 67 जिलों में परीक्षा के लिए 1174 केंद्र बनाए गए हैं, जो सभी शहर में ही स्थित हैं। यहां पर पांच दिनों में दो पॉली में 48,17,441 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इन जिलों में सकुशल परीक्षा कराने के लिए हर जिले में दो नोडल नियुक्त किये गये हैं, जिसमें जिला प्रशासन के एडीएम और पुलिस के एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी पिछले 25 दिनों से लगातार बोर्ड के टच में हैं। इसके अलावा बोर्ड की ओर से हर जिले में ऑब्जर्वर नियुक्त किये गये हैं। इनमें एसपी, एएसपी और डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारी शामिल हैं। बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए अब तक 48 लाख अभ्यर्थियों का आधार सत्यापन कराया जा चुका है। इस दौरान 20 हजार संदिग्ध अभ्यर्थी पाये गये हैं। इन सभी को परीक्षा के दिन केंद्र पर सप्लीमेंट्री कागज पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट के साथ ढाई घंटे पहले पहुंचने के निर्देश दिये गये हैं। इन सभी का परीक्षा केंद्र पर ईकेवाईसी किया जाएगा। इसके बाद भी इन्हे परीक्षा की अनुमति दी जाएगी। इन सभी अभ्यर्थियों की परीक्षा के बाद भी स्कूटनी की जाएगी।



### परीक्षा केंद्रों में लगाई गईं 17 हजार दीवार घड़ियां

बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा की सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इसके लिए पिछले 20 दिनों से यूपी पुलिस और एसटीएफ 1541 ऐसे अपराधियों पर लगातार नजर रख रही है, जो पिछले 12 वर्षों से पेपर लीक और सॉल्वर गैंग जैसी गतिविधियों में लिप्त रहे हैं। इन सभी अपराधियों की लिस्ट यूपी पुलिस और एसटीएफ को बोर्ड की ओर से मुहैया करायी गई है। इसके अलावा पिछले कुछ दिनों से टेलीग्राम के करीब 10 चैनल पर सक्रिय ठगी के गिरोह की जानकारी भी एसटीएफ और यूपी पुलिस से साझा की गयी है ताकि उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। बोर्ड की ओर से अभ्यर्थियों को इन ठगों से सावधान रहने के लिए वेबसाइट और सोशल मीडिया के जरिये अलर्ट किया जा रहा है।

### दोपहर 1 बजे तक करीब 4 लाख एडमिट कार्ड डाउनलोड

उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से अभ्यर्थियों को कई तरह की सहूलियतें भी दी गयी हैं। इसके तहत किसी भी अभ्यर्थी से यूपी की रोडवेज बसों में किराया नहीं लिया जाएगा। उनका एडमिट कार्ड ही उनका टिकट होगा। इसके लिए उन्हे अपने एडमिट कार्ड की छायाप्रति कंडक्टर को देनी होगी। इसके अलावा योगी सरकार की ओर से पहली बार परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के टाइम मैनेजमेंट के लिए परीक्षा केंद्र के सभी 17 हजार कमरों में दीवार घड़ी लगायी गयी है। इतना ही नहीं, उनकी डिमांड पर योगी सरकार की ओर से सभी अभ्यर्थियों को 5 मिनट एक्स्ट्रा ओएमआर सीट भरने के लिए दिये जा रहे हैं। वहीं 23 अगस्त को होने वाली परीक्षा के लिए मंगलवार से बोर्ड की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड होना शुरू हो गये हैं। 20 अगस्त को दोपहर एक बजे तक 3,56,918 अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर चुके हैं। जबकि 4 लाख 60 हजार अभ्यर्थी दो पॉली में परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड परीक्षा तिथि के तीन दिन पहले डाउनलोड कर सकते हैं।

# पैगंबर की शान में गुस्ताखी करने के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

जन एक्सप्रेस । कालपी



मजहब ए इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के चरित्र पर अमर्यादित तथा गलत टिप्पणी करने के विरोध स्थानीय मुसलमानों ने नाराजगी जताते हुए उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह को दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही करने की मांग उठाई है। मंगलवार को खानकाह शरीफ मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मौलाना अशफाक अहमद बरकाती तथा मुड़िया गुम्बद मस्जिद के इमाम हाफिज दाबर रजा के नेतृत्व में कालपी नगर की मस्जिदों के इमाम तथा मुसलमान तहसील परिसर में एकत्रित हो गये। कार्यालय में उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह को महमहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए मुफ्ती अशफाक अहमद बरकती ने कहा कि इस्लाम के पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के चरित्र पर सरल दीप के मठाधीश रामगिरि महाराज के द्वारा मर्यादित तथा गलत टिप्पणी की गई है इस वजह से हम सब मुसलमानों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। तथा दिलों में चोट पहुंची है। इस तरह की गलत बयान बाजी पर हम लोग नाराजगी प्रकट करते हैं। ज्ञापन में मांग उठाई है कि पैगंबर के चरित्र पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले रामगिरी महाराज के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की जाए। तथा देश में नफरत का माहौल उत्पन्न करने वालों पर पैनी नजर रखी जाये। तथा अमन शांति तथा सद्भावना बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। ज्ञापन देने वाले लोगों में प्रमुख रूप से मौलाना रिजवान नूरानी मस्जिद, हाफिज कलाम बड़ी मस्जिद, इमाम दावर रजा मुडिया गुम्बद मस्जिद, हाफिज रहमत बड़ी मस्जिद, हाफिज रफीक बड़ी मस्जिद, हाफिज नाजिम, मौलाना इरफान टीले वाली मस्जिद, मौलाना साजिद जामा मस्जिद, हाफिज हुसैन बेग तहसील वाली मस्जिद के अलावा मुस्लिम समाज के नागरिक शामिल रहे।

## किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम छिराली में खेत पर रखवाली करते समय किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम छिराली निवासी मूलचंद 56 वर्ष रोजाना की तरह सोमवार की शाम को खाना खाने के बाद खेत पर तिल के फसल की रखवाली के लिए गए थे। मंगलवार की सुबह जब वह घर नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिन्ता हुई और पुत्र महेंद्र उर्फ गोलू खोजबीन करते हुए खेत पर पहुंच गया। जहां पर उसने पिता को मृत पड़ा देखा और तत्काल मामले की खबर परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि किसान की मौत कैसे हुई है इसकी सही जानकारी नहीं हो सकी। प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक का लग रहा है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामला स्पष्ट हो जाएगा।

# डीएम व एसपी ने किया पुलिस परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी, चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी तथा श्रीगंगा प्रसाद जन सेवा इण्टर कॉलिज कर्वी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों पर प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, पेयजल, फर्नीचर, शौचालय, साफ सफाई व्यवस्था, स्ट्रांग रूम, चेकिंग, फेस्टिंग, बायोमेट्रिक व्यवस्था को देखा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा को संपन्न कराने के लिए 6 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें लगभग पांच हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। परीक्षा को संपन्न कराने के लिए जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा पर्याप्त पुलिस बल भी लगाया गया है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# अराजकतत्वों ने मां काली देवी की मूर्ति की खंडित, किया माहौल बिगाड़ने का प्रयास

### ग्रामीणों ने काटा हंगामा, सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करने का दिलाया भरोसा

जन एक्सप्रेस । उरई

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम जमालपुर में अराजकतत्वों ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास करते हुए मां काली देवी की मूर्ति को खंडित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया और कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम जमालपुर जुन्नारदार में अराजकतत्वों ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास करते हुए मां काली देवी की मूर्ति को खंडित कर दिया। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया, और गुस्साए ग्रामीणों ने विरोध करते हुए गांव में हंगामा काटना शुरू कर दिया और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करने लगे। घटना की खबर मिलते ही थानाध्यक्ष केपी सरोज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को भुजरिया तालाब में विसर्जन कर गांव के लोगों ने देवी मां के मंदिर में पूजा अर्चन कर चढ़ाई थी।घटना की खबर मिलते ही थानाध्यक्ष केपी सरोज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को भुजरिया तालाब में विसर्जन कर गांव के लोगों ने देवी मां के मंदिर में पूजा अर्चन कर चढ़ाई थी। इसके बाद गांव में लोगों के बीच मेल मिलाप शुरू हुआ था। सोमवार देर रात अराजकतत्वों के द्वारा काली मूर्ति खंडित कर दी गई, व मंदिर में विराजमान मां दुर्गा और भैरव बाबा की मूर्ति सुरक्षित है। थानाध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया और कार्यवाही करने का भरोसा दिया। इसके बाद गांव में माहौल शांत हो गया। फिलहाल पुलिस द्वारा पूरे मामले की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## युवती से दुराचार करने का आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में मानिकपुर थाना टीम द्वारा युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने तथा गर्भपात कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि बीते 17 अगस्त को वादिया ने थाना मानिकपुर में सूचना दी कि रोहित सोनकर निवासी शिवनगर ने उनको शादी का झांसा देकर उनके साथ दुराचार किया है। साथ ही गर्भ ठहर जाने पर गर्भपात करा दिया है। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में रोहित सोनकर के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह एवं आरक्षी दिनेश कुमार द्वारा रोहित सोनकर को गिरफ्तार किया गया।

# डीएम व एसपी ने ली कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने एससी, एसटी एक्ट, पास्को एक्ट, दहेज अधिनियम, आयुध अधिनियम, महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराध, आईपीसी धारा, सत्र न्यायालय, अधीनस्थ न्यायालय, अन्य अधिनियम, सम्मन तामिल, गवाहों की उपस्थिति, जमानत, एनडीपीएस एक्ट, टाप टेन अपराधों, गुंडा नियंत्रण, सडक सुरक्षा, अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर पाबंदी, ओवर लोड वाहनों पर कार्यवाही, अवैध शराब पर प्रतिबंध आदि बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महिला सम्बन्धी मामलों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की टीम गठित करके बिना परमिट वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही कराकर चालान कराया जाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों से कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर सतर्क दृष्टि रखते हुए अपने क्षेत्रों में कराया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि आर्म्स एक्ट के मामलों पर पुलिस की गवाही सुनिश्चित कराई जाए। अगर कहीं पर कोई समस्या हो तो अवगत कराएं, उसका निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो सूची भेजी गई है, उसमें सभी गवाही कराकर प्रत्येक दशा में इसी माह में निस्तारण कराया जाए। सम्मन तामिल समय से कराया जाए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, राजापुर निष्ठा उपाध्याय, मऊ जयकरन सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# नाली के विवाद में चली कुल्हाड़ी अधेड़ घायल

जन एक्सप्रेस । उरई

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम जमलापुर गांव में नाली विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। जिसमें एक पक्ष ने कुल्हाड़ी मारकर अधेड़ को घायल कर दिया। जिसे पुलिस द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम बिजवाहा निवासी श्री कृष्ण 55 वर्ष पुत्र श्यामलाल ने सिरसा कलार थाने में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी पुत्री नीरज कुमारी पत्नी राहुल जमलापुर थाना सिरसा कलार की निवासिनी है। बेटी के द्वारा फोन से सूचना दी गई कि गांव के ही लल्लू सिंह के खेत में जानवरो के चराने को लेकर विवाद हो गया। खबर मिलते ही जब मैंने वहां पहुंचकर मामले को सुलझाने का प्रयास किया। लेकिन लल्लू सिंह और सुरेश व विक्रम ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर मेरी मारपीट करने लगे। बल्कि हमलावरों ने जान से मारने का प्रयास करते हुए मेरे सिर में कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया जिससे खून से लथपथ होकर पीड़ित अचेत होकर वहीं गिर गया। मामले में थानाध्यक्ष ब्रजेश बहादुर सिंह का कहना है की नाली का विवाद है। घायल को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है, मेडिकल जांच आने के बाद कडी कार्यवाही की जाएगी।

## पत्नी के हत्यारोपी पति को आलाकत्ल के साथ किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के ऊमरी के गूंज मोहल्ला निवासी रोशनी देवी 28 वर्ष की बीते दिन शनिवार रात को उसके ही पति कैलाश ने डंडा से पीट पीटकर हत्या कर दी थी। मृतका रोशनी देवी का पति कैलाश परिवार के भरण पोषण के लिए जयपुर (राजस्थान) में पानी पुरी का धंधा करता था। जो पत्नी रोशनी देवी अपने 6 वर्षीय पुत्री और 5 वर्षीय पुत्र के साथ रहता था। रक्षाबंधन पर्व के लिए दो दिन पूर्व वह जयपुर से अपने घर ऊमरी आया था। घटना से पूर्व वह पत्नी को साथ लेकर अपनी ससुराल गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम रंधौरा गया गया था। इसके बाद बिना रुके अपनी पत्नी को साथ लेकर वापस ऊमरी चला आया था। घर आकर पति पत्नी में किसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ और क्रोध में आकर उसने डंडा से पत्नी की मारपीट शुरू कर दी। वह तब तक पीटता रहा जब तक उसकी की मौत न हो गई द्य घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ व रामपुरा थाना पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया था। वहीं पुलिस ने महिला के पिता की तहरीर पर इस घटना को रामपुरा थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। एसपी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ रामसिंह के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार पटेल ने मुखबिर की सूचना पर हत्यारोपी पति को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# आज बसपा कार्यकर्ता सौंपेंगे ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

21 अगस्त को हो रहे भारत बंद के दौरान बसपा कार्यकर्ता भी राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठ द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आरक्षण वर्गीकरण एवं क्रीमी लेयर को लेकर दिए गए निर्णय के विरूद्ध बहुजन समाज पार्टी बुधवार को राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपेगी। यह जानकारी देते हुए बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने बताया कि पार्टी कार्यालय से बसपा कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी सदर कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन देंगे। इस कार्यक्रम को पूरी तरह से संवैधानिक परिधि के अन्तर्गत शान्तिपूर्ण तरीके से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान किसी प्रकार का उपद्रव व तोड फोड करने वाले लोगों से बसपा कार्यकर्ता दूर रहेंगे।

# तीर्थयात्रियों को रुला रही हैं मध्य प्रदेश की सड़कें, गड्ढों से दुर्घटनाओं का खतरा



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

धर्मनगरी चित्रकूट में मध्य प्रदेश की सड़कें तीर्थयात्रियों को रुला रही हैं। आलम यह है कि बड़े-बड़े गढ्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं और जिम्मेदारों के माथे पर शिकन भी नहीं है। बुंदेली सेना ने एमपी सीएम मोहन यादव से तीर्थ की सड़कों की दुर्दशा पर जल्द कार्यवाही की मांग की है।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि तीर्थक्षेत्र में सावन महीने से ही श्रद्धालुओं की भारी भरकम आवक होती है। इसके बाद यह क्रम लगातार बढ़ता ही जाना है। साथ ही प्रत्येक माह की अमावस्या में लाखों भक्तजन तीर्थक्षेत्र में आते हैं। बावजूद इसके सड़कों की हालत अत्यंत ही दयनीय है। सतना बस अड्डा से लेकर सिरसावन तक सड़क में बड़े-बड़े गढ्ढे और जलभराव की समस्या बनी हुई है। इसके अलावा हनुमानधारा मार्ग की हालत भी दयनीय है। हनुमानधारा बाईपास में पुलिया के गढ्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। कर्वी-हनुमानधारा मार्ग में तो इतने बड़े गढ्ढे हो गये हैं कि दुर्घटनाओं का खतरा है। रोज जान जोखिम में डालकर सैकड़ों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। जिम्मेदार सबकुछ जानते हुए भी मौन धारण किए हैं। बुंदेली सेना ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की है कि तीर्थक्षेत्र की सड़कों को दुरूस्त किया जाय। ताकि श्रद्धालु परेशानियों से बच सकें और दुर्घटनाओं का खतरा न रहे।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । उरई

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंधौली में सोमवार की रात महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंधौली निवासी ज्योति 20 वर्ष पत्नी अजय सिंह ने सोमवार की रात अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह फांसी पर लटक रहे पत्नी के शव को देखकर पति घवरा गया और उसने मामले की खबर पड़ोस के लोगों को दी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि अजय सिंह गयी मजदूर था और गांव में मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। उसका विवाह 23 अप्रैल 24 को सरभंगा जिला सतना में हुआ था। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

### पर्यावरण बचाओ मुहिमः पाठा के युवाओं ने पेड़ों को राखी बांधकर ताउम्र सुरक्षा का लिया संकल्प

# पेड़ो-पौधों को राखी बांधकर पर्यवरण संरक्षण का लिया संकल्प

* सचिन वंदन ने कहा माफियाओं द्वारा नष्ट की जा रही है जंगलों की हरियाली

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



एक तरफ जहां बहने अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर धूमधाम से रक्षाबंधन पर्व मनाया वहीं पाठा के समाजसेवी सचिन वंदन अपने साथियों के साथ मिलकर पेड़ - पौधों को राखी बांधकर पर्यवरण संरक्षण का संकल्प लिया है। देश भर में राखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसी बीच पर्यावरण की चिन्ता करने वाले सचिन वंदन ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अनोखे अंदाज में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। रानीपुर टाइगर रिजर्व के मारकुंडी जंगल में पेड़ों को हल्दी चावल का टीका कर राखियां बांधकर आरती कर पेड़ो की हमेशा रक्षा का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि माफियाओं द्वारा रानीपुर टाईगर रिजर्व क्षेत्र में अवैध कब्जा कर हरियाली उजाड़ी जा रही है, जहां पेड़ो को बचाने की मुहिम लगातर जारी रहेगी।

सचिन वंदन का कहना है कि जब हम पेड़- पौधो की रक्षा करेंगे तो पेड़ हम सबकी रक्षा करेंगे। इन्ही से हमें जीने के लिए प्राणवायु मिलती है। कोरोना में ऑक्सीजन की कमी से लाखों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं तो पेड़ों का महत्व और बढ़ जाता है। इनकी रक्षा करना हर नागरिक का दायित्व है। पेड़-पौधों से ही त्यौहार और खुशियां हैं। पेड़ पौधे हैं तो पर्यावरण है। पर्यावरण है तो हम हैं। हम हैं तो हमारे त्यौहार भी हैं। चित्रकूट के पाठा में भाई-बहन के त्यौहार रक्षाबंधन पर पर्यावरण की चिंता करने वाले पर्यावरण प्रेमियों ने पेड़-पौधों को राखियां बांधकर ताउम्र उनकी हिफाजत करने का संकल्प लिया है। इस मौके पर दीपक चतुर्वेदी,प्रमोद कुमार, बालगोविंद, लालाराम, सोनू सिंह, कुलदीप आदि पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

### किसी भी कीमत में नहीं कटने दिए जाएंगे दरख़्त

रानीपुर टाइगर रिजर्व के मारकुंडी वन परिक्षेत्र अन्तर्गत टिकरिया - मारकुंडी के बीच वन विभाग के भूमि पर बड़े एरिए में बाउंड्रीवाल कर सैकड़ों हेरभरे पेड़ों को जेसीबी से उखाड़ दिया है। युवाओं की टीम ने रक्षबंधन पर दरख्तो को राखी बांधकर उनको बचाने का संकल्प लिया है। पर्यावरण के चिन्तक सचिन वंदन ने कहा सैकड़ों जिंदा पेड़ों को मशीन से उखाड़कर समतल किया जा रहा है। वन विभाग को जानकारी होते हुऐ भी कोई कार्यवाही नही की जा रही है। रक्षाबंधन पर्व पर पेड़ - पौधों को राखी बांधकर उनके हिफाजत का संकल्प लिया है। सचिन ने कहा अब किसी भी कीमत उक्त में पेड़ों को नष्ट नही होने दिया जाएगा।

# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की जयंती जिला कौंग्रेस चित्रकूट के कैंप कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर पर सभी कौंग्रेसियों ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आगे ले जाने का काम किया है। संचार क्रांति युवाओं को मताधिकार का अधिकार कई कानून को बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम सभी संकल्प लें कि उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर देश एवं कौंग्रेस पार्टी को आगे ले जाने का काम करेंगे। पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा देश की प्रगति पर राजीव गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने देश की तरक्की के लिए कम समय में बहुत काम किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए हम सभी कौंग्रेसियों को एकजुट होकर जनता के बीच पहुंचकर कौंग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करना है।

इस मौके पर किसान कौंग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह, महेंद्र सिंह, विजय मणि त्रिपाठी, अजीत मिश्रा, राम जी कोल, अर्चना त्रिपाठी, गोलू, आदित्य त्रिपाठी, हरिओम पांडेय आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 17 से 21 अगस्त, 2024 के मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# छह वर्ष के मासूम से कुकर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर के ग्वालटोली थाना क्षेत्र में 16 साल के मासूम से कुकर्म के प्रयास का मामला सामने आने के बाद इलाके में हडकंप मच गया है। आरोपी ने मासूम के साथ कुकर्म करने का तो प्रयास किया ही साथ ही उसे बांधकर एक पार्क में फेंक दिया। मामला पुलिस के आला अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है, जहां एक ओर आरोपी से पूछताछ की जा रही है तो वहीं दूसरी ओर मासूम का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हालांकि इस मामले में कोतवाली स्तर पर मामले को अधिकारियों से छुपाने की बात सामने आई है जिस पर उच्च अधिकारी जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्वालटोली थाना क्षेत्र स्थित मकबरा के पास आठ बच्चे जिनके पिता की मौत हो चुकी है और मां अभी हाल ही में किसी के साथ फरार हो गई है एक तरीके से माना जाए तो अनाथ ही कहेंगे वह अपने रिश्तेदारों के रहमों करम पर जीवन यापन कर रहे हैं। उन्हीं में से एक छह वर्ष के मासूम बच्चे को क्षेत्र में रहने वाला एक युवक उसके साथ दुष्कर्म करने की नीयत से उठा ले गया था। दुष्कर्म की घटना को युवक अंजाम दे पाया कि नहीं दे पाया इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है वहीं यह कहा जा रहा है कि उसने प्रयास किया था लेकिन असफल रहा। मासूम के चाचा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका भतीजा बीते दिन सोमवार को रक्षा बंधन वाले दिन घर के बाहर खेलते समय अचानक से लापता हो गया था। वही काफी ढूंढा गया तो देर रात सिटीमेट में पार्क में मरणासन्न हालत में स्थानीय नागरिकों को घायल हालत में दिखाई दिया। यह भी बताया कि मासूम के हाथ पैर रस्सी से बंधे हुए थे और वह अर्धनग्न हालत में लहूलुहान था। स्थानीय नागरिकों के द्वारा सूचना पुलिस को भी दी गई थी जिस कारण मौके पर पुलिस और दरोगा भी मौके पर पहुंचे थे जिसके बाद मासूम बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी सेंट्रल ने जानकारी देते हुए बताया है कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है उससे पूछताछ कर आवश्यक विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# पैगम्बर ए इस्लाम की शान में गुस्ताखी करने वाला रामगिरी महाराज हो गिरफ्तार: हयात ज़फर हाशमी



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

मुल्क को तोड़ने और नफरत की आग में झोंकना की साजिश के तहत पैगम्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद मुस्तफा सललल्लाहु अलैहे वसल्लम की शान मे महाराष्ट्र के नासिक का एक पाखंडी बाबा रामगिरी महाराज द्वारा की गई तौहीन के खिलाफ व कोलकाता मे महिला डाक्टर मोमिता देवनाथ के साथ हुई दरिंदगी के विरुद्ध अधिवक्ता संयुक्त मोर्चा व एमएमए जौहर फैन्स एसोसिएशन के बैनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात ज़फर हाशमी व अधिवक्ता अंकुर दीक्षित की अगुवाई में जिलाधिकारी कार्यालय मे माननीय मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र, बंगाल व माननीय गृह मंत्री भारत सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कानपुर के माध्यम से भेजा गया ज्ञापन के दौरान रामगिरी को गिरफ्तार करो, तौहीने रिसालत बर्दाश्त नहीं, पैगम्बरे इस्लाम का यह अपमान नही सहेंगे नही सहेंगे, नफरत फैलाने वालो रासूका लगाओ आदि नारेबाजी कर अपने गुस्से का इजहार किया। ज्ञापन का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात ज़फर हाशमी ने कहा कि पिछले कई सालों से इस्लाम धर्म के विषय में जहर उगलने का सिलसिला शुरू हुआ है कभी पैगम्बर ए इस्लाम, कभी पवित्र ग्रंथ कुरआन, कभी आज़ान पर अनर्गल बयानबाजी की कर देश मे गृह युद्ध जैसी स्थिति पैदा करने की बड़े पैमाने पर साजिश हो रही है मगर देश का अमनपंसद मुसलमानों ने इनकी नापाक कोशिशों को फेल कर दिया है। 16 अगस्त को रामगिरी महाराज द्वारा दिया गया बयान उसी साजिश का हिस्सा है रामगिरी ने जिन शब्दों का प्रयोग कर पैगम्बरे इस्लाम की शान मे तौहीन की है उससे विश्व भर के करोड़ो अनुयायी लोगो को ठेस पहुँची है जिसे किसी भी क़ीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा हमारी संस्था भारत सरकार, व महाराष्ट्र सरकार से माँग करती है कि ऐसे तथाकथित लोगों पर तत्काल रासुका लगाकर भेजा जाए जौहर एसोसिएशन के प्रदेश विधिक सलाहकार सैय्यद नजमुस्साकिब नजम ने कहा पैगम्बरे इस्लाम को अल्लाह पाक ने दुनिया वालो के लिए रहमत बनाकर भेजा उनकी तालीम से सिर्फ मज़हबे इस्लाम के मानने वाले नही बल्कि हर मज़हब के लोग अच्छी तरह वाकिफ हैं लिहाज़ा उनकी शान मे की गई तौहीन बर्दाश्त नही की जाएगी ज्ञापन के वालो मे हयात ज़फर हाशमी के अलावा अंकुर दीक्षित, सैय्यद नजमुस्साकिब, मौलाना हस्सान क़ादरी, फिरोज़ अन्सारी (बॉबी), कौशल बाल्मीकी, आदिल कुरैशी, सैफी अन्सारी, यूसुफ, मोहम्मद ईशान, मोहम्मद तौफीक, अली, आलम बेग, अब्दुल माबूद, मुर्तुजा खान, आमिर रियाज़, राहुल वर्मा, फैज़ अहमद, शहनावाज अन्सारी, फैसल खान, आदि लोग मौजूद थे।

## किसानों को धान फसल के लिये खरपतवार नाशी का किया वितरण

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर पर संचालित निक्रा परियोजना की उप परियोजना एससी एसपी योजना के अंतर्गत मंगलवार को किसानों को धान फसल के लिये खरपतवार नाशी वितरित की गई। प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि धान की खेती में रोग एवं कीट के अलावा खरपतवार भी बहुत अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। यह धान की पैदावार पर भी असर डालते हैं उन्होंने कहा कि खरपतवार को समय पर नियंत्रण नहीं किए जाने पर धान के विकास पर प्रभाव पड़ता है व खरपतवार की वजह से विभिन्न कीटों का भी आकर्षण होता है जो धान की फसल के लिए नुकसानदायक है। डॉ. सिंह ने बताया कि धान फसल में यदि सही समय पर खरपतवार नियंत्रण नहीं किया गया तो फसल को 25 से 30 फीसदी तक नुकसान की संभावना होती है। उन्होंने बताया कि किसानो को इस नुकसान से बचने के लिए अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत ग्राम औरंगाबाद में निक्रा परियोजना के अंतर्गत धान फसल प्रदर्शन के लिए खरपतवार नियंत्रण विस्पायरीबैग दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील खान, पशुपालन वैज्ञानिक डॉ.शशिकांत, प्रसार वैज्ञानिक डॉ. राजेश राय, गृह वैज्ञानिक डॉ. निमिषा अवस्थी सहित लगभग 60 किसान मौजूद रहे।



# कानपुर यूनिवर्सिटी में पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय केन्द्र में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में स्पिक-मैके हके द्वारा दशांक श्रृंखला कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। जिसका शुभारंभ लीना मलाकार ने गणेश वन्दना कर किया। इस कार्यशाला के प्रथम दिन विश्विद्यालय के विभिन्न विभागों से 100 से भी अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन सौम्या मिश्रा और कृष्णा भदौरिया ने किया व यशी बाजपई ने माल्यार्पण कर एवं आयुष ने पौधा भेंट कर कथक नृत्यांगना लीना का स्वागत किया । इस अवसर पर लीना मलाकार ने कहा कि यह कार्यक्रम स्पिक मैके की एक पहल कलाकारों और दर्शकों को एक मंच पर लाने के लिए है। उन्होंने कहा इसमें न केवल उनको अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला बल्कि युवाओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अन्वेषण करने के लिए प्रेरित करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि भारतीय नृत्य और संस्कृति हमारी पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि हमारे समाज की मान्यताओं, परंपराओं, और आध्यात्मिकता का प्रतिबिंब भी हैं।

युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्पिक-मैके संगठन एक स्वैच्छिक युवा आन्दोलन है जो भारतीय शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक संगीत, योग, ध्यान, शिल्प और भारतीय संस्कृति के अन्य पहलुओं को बढ़ावा देकर भारतीय सांस्कृतिक विरासत के अमूर्त पहलुओं को बढ़ावा देता है।

कार्यक्रम में आत्मोदय हॉबी क्लब कोर्डिनेटर डॉ. ममता तिवारी, संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि गोरे, संगीत विभाग की डॉ. ऋचा मिश्रा, संगीत विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. शुभम वर्मा, डी.जी. कालेज की डॉ. संगीता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

## पेंटर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बिठूर थाना क्षेत्र के नौरंगाबाद कालौनी निवासी शिवसिंह कमल उम्र 26 वर्ष ने घर से करीब 400 मीटर दूर बंद पड़े ईट भठ्ठे के पास खेत में खड़े नीम में बेल्ट के सहारे फांसी लगा आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुच टिकरा चौकी इंचार्ज अनिल मलिक ने परिजनों से शिनाख्त कराने के बाद शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बड़े भाई राहुल ने बताया कि शिव सिंह पेंटिंग का काम करता था। सोमवार की दोपहर के बाद वह घर से घूमने के लिए निकला था। जब देर शाम तक घर नही पहुचा तो दोस्तो और रिश्तेदारों से पता किया गया लेकिन कुछ पता नही चल सका था।सुबह खेतो पर काम के लिए गए किसानो ने शिवसिंह के शव को नीम के पेड़ से बेल्ट के सहारे लटका हुआ देख परिजनों को सूचना दी।

# डीसीपी वेस्ट ने फॉरेंसिक टीम के साथ किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



पनकी क्षेत्रांतर्गत हुई ट्रेन दुर्घटना की जांच के क्रम में पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह द्वारा फॉरेंसिक टीम लखनऊ,कानपुर के साथ कल मंगलवार को पुनः घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। ज्ञातव्य हो कि बीती 17 अगस्त की रात्रि करीब 2:30 बजे गोविंदपुरी-भीमसेन स्टेशन के मध्य ट्रेन नम्बर 19168 साबरमती एक्सप्रेस के साथ हुई दुर्घटना जिसमें ट्रेन के डिब्बे पटरी से उतर गए थे। घटना की त्वरित जांच व साक्ष्य संकलन के क्रम में 20 अगस्त को पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के निर्देशन मे पुनः पुलिस उपायुक्त पश्चिम महोदय द्वारा फॉरेंसिक टीम लखनऊ, फॉरेंसिक टीम कानपुर व सहायक पुलिस आयुक्त पनकी, सहायक पुलिस आयुक्त कल्यानपुर, थाना प्रभारी पनकी के साथ दुर्घटना के समय मिली संदिग्ध वस्तु का घटना स्थल पर परीक्षण कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई।

# राजीव गांधी की जयन्ती के अवसर पर गोष्ठी एवं वृक्षारोपण किया गया



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में फूलबाग में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयन्ती के अवसर पर गोष्ठी एवं वृक्षारोपण किया गया।

कॉंग्रेस जनों ने इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र प्रांगण मे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के नाम पर 51 पौधों को रोप कर पर्यावरण सन्तुलित करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा*द्य ने कहा राजीव गांधी भारत में सूचना क्रान्ति के जनक माने जाते हैं। देश के कम्प्यूटराइजेशन और टेलीकम्युनिकेशन क्रान्ति का श्रेय उन्हें जाता है। साथ ही कहा स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में महिलाओं को 33त्न रिजर्वेशन दिलवाने का काम उन्होंने किया साथ ही मतदाता की उम्र 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष तक के युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार राजीव गांधी ने दिलवाया।

कार्यक्रम का संयोजन पीसीसी सदस्य संदीप शुक्ला ने किया, अध्यक्षता नेहरू युवा केन्द्र के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने किया संचालन कृपेश त्रिपाठी ने किया एवं ब्रजेश त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इकबाल अहमद, बूटा सिंह, सतीश दीक्षित, इखलाक अहमद डेविड, आमोद त्रिपाठी, जीशान अंसारी, नदीम सिद्दीकी, राम चन्द्र गुप्ता, दीप पाण्डेय, जफर शाकिर, विनय पाण्डेय, राहुल कठेरिया, दिन्नू त्रिवेदी, राकेश शुक्ल, मोहम्मद रफीक, आशुतोष त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# लोडर ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, पुत्र की मौत



**जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात**

कानपुर देहात में शाहजहांपुर के पास मुगल रोड पर सड़क हादसा हुआ। दुर्घटना में लोडर की टक्कर से बाइक सवार बेटे की मौत हो गई जबकि पिता की हालत गंभीर बताई जा रही है। कानपुर देहात में सट्टी थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर के पास मुगल रोड पर तेज रफ्तार लोडर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में मासूम बच्चे की मौत हो गई। जबकि पिता व पांच वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। मंगलपुर थाना क्षेत्र के डबरापुर निवासी कामिनी ने बताया कि सोमवार को रक्षाबंधन पर्व पर वह पति सोनू कुशवाहा (27) बेटी विशाखा (5) व बेटे यश बाबू (3) के साथ मायके जहानाबाद के असनिया गई थी।

भाइयों को राखी बांधने के बाद मंगलवार को पति और बच्चों के साथ बाइक से वापस डबरापुर लौट रही थीं। सट्टी थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर के पास मुगल रोड पर एक पेट्रोल पंप के सामने पहुंचने पर राजपुर की ओर से आए तेज रफ्तार लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बेटी विशाखा (5) यश बाबू (3) व पति सोनू कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि वह बाल बाल बच गईं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को राजपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉ. शिवकुमार ने यश बाबू को मृत घोषित कर दिया।

वहीं घायल सोनू को अधिक चोट आने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इकलौते बेटे की मौत से कामिनी बदहवास रही। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग अस्पताल में इकठ्ठा हो गए। परिवार के लोग भी जा पहुंचे। वहीं हादसा कर भाग रहे लोडर चालक को ग्रामीणों ने राजपुर पुलिस की मदद से रसूलपुर नहर बंबा के पास पकड़ लिया। पुलिस उसे थाने लेजाकर पूछताछ कर रही है। सट्टी थानाध्यक्ष संजेश कुमार ने बताया कि लोडर चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### आंखों के सामने इकलौते बेटे की मौत, मां बदहवास

हादसे की जानकारी मिलती ही कामिनी व सोनू के घर वाले अस्पताल व पोस्टमार्टम जा पहुंचे। बेटे यश की मौत के बाद मां कामिनी बदहवाश रही। वह रोती बिलखती रही, परिवार के लोग उसे ढांढस बंधाते रहे। वह बार बार कह रही थी, उसकी आंखों के सामने इकलौते बेटे की मौत हो गई, और वह कुछ नहीं कर पाई। वह कभी पति तो कभी यश के बारे में लोगों से जानकारी कर बेहोश हो जाती रही।

# 16 किलो गांजे के साथ दो अंतर राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर पहले भी मादक पदार्थों की तस्करी के मुकदमे दर्ज हैं।

कानपुर में गुजैनी पुलिस ने मंगलवार को मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो अंतर राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 16.174 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान बांसगांव बाराबंकी निवासी राजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना और राजापुर बाराबंकी निवासी शिवकांत उर्फ शिवा के रूप में हुई है। एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों तस्करों को गुजैनी फुटओवर ब्रिज के पास से पकड़ा है। ये आरोपी ओडिसा के कोरापुट क्षेत्र से गांजा लेकर मथुरा जा रहे थे।

रास्ते में सवारी का इंतजार करते समय इन आरोपियों को पकड़ा गया है। इन्होंने गांजा एक ट्राली और पिठ्ठू बैग में छिपाकर रखा था। दोनों तस्करों पर ओडिसा और यूपी के रायबरेली के शिवगढ़ में भी मुकदमें दर्ज हैं। दोनों मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में ओडिसा से कई बार जेल भी जा चुके हैं। साथ ही तस्कर लखनऊ, मेरठ, मथुरा, उन्नाव, कानपुर नगर के अलावा अन्य कई जिलों में गांजे की सप्लाई कर चुके है।

### लिफ्ट लेकर सफर करते हैं शातिर

पूछताछ में पता चला है कि दोनों आरोपी पुलिस की नजरों से बचने के लिए राहगीरों से लिफ्ट लेकर अपना सफर पूरा करते थे। लिफ्ट न मिलने पर बस या ट्रेन से जैसे सार्वजनिक माध्यमों के जरिये एक से दूसरे स्थान पर जाते थे। ओडिसा में बैठा हैंडलर इन्हें बताए गए ठिकाने पर पहुंचने के बाद एक मोबाइल नंबर देता था जिस पर संपर्क करने के बाद माल कहां और किसको देना है, इन्हें बताया जाता। पुलिस इनसे ओडिसा और मथुरा के संभावित ठिकानों के बारे में जानकारी कर रही है।

## इटावा में प्रधान पति की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

**जन एक्सप्रेस । इटावा।** प्रधानी चुनाव की रंजिश और किशोरियों से छेड़खानी की वजह से आहत होकर आरोपियों ने साजिश रचकर प्रधान के पति की हत्या की गई। पुलिस ने मंगलवार को घटना का खुलासा किया। पकड़े गए दोनों आरोपी एक ही गांव के हैं। बढ़पुरा थाना क्षेत्र के अवारी गांव की प्रधान के पति मनोहर भदौरिया का शव रविवार दोपहर उसके कमरे में बेड पर अधजली हालत में मिला था। घर से एक बाइक व सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर गायब था।

## घटनास्थल से पांच किमी तक का मोबाइल डाटा डंप

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** कानपुर–झांसी रूट पर पनकी में साबरमती एक्सप्रेस के डिरेल होने की घटना की जांच एंटी टेररिस्ट स्क्वॉएड (एटीएस) ने भी तेज कर दी है। हादसे की तह तक पहुंचने के लिए घटनास्थल के पांच किलोमीटर के दायरे का मोबाइल डंप डाटा और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुट गई है। एटीएस यह साफ करना चाहती है कि हादसे के पीछे रेलवे की चूक है या कोई साजिश। साथ ही देशभर में हुई घटनाओं में किसी एक ही पैटर्न का इस्तेमाल तो नहीं किया गया, यह भी देखा जाएगा। एटीएस ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद मौके से मिली पटरी और अन्य साक्ष्यों की जांच की। टीम ने घटनास्थल के आसपास के गांवों में घूमकर लोगों से बातचीत कर यह जानने की कोशिश की कि रेल हादसे के दौरान किसी ने कुछ संदिग्ध देखा तो नहीं। स्थानीय पुलिस और रेलवे के कुछ लोगों से भी टीम ने बातचीत की है। सूत्रों के मुताबिक डंप डाटा और सीसीटीवी फुटेज खंगालने से जांच एजेंसी को घटना को समझने में मदद मिलेगी। परिचालक व गार्ड से भी बात की जाएगी साथ ही, किसी संदिग्ध गतिविधि को चिह्नित करने में भी आसानी होगी।

# लूट कर रहे दोस्तों को पहचान लेने पर हुई थी व्यापारी की हत्या

**जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात**


कानपुर देहात में सिकंदरा थाना पुलिस ने शुक्रवार रात को हुई व्यापारी की हत्या की गुत्थी सुलझा ली। मंगलवार को पुलिस ने घटना में शामिल तीन दोस्तों को गिरफ्तार कर घटना खुलासा किया है। पुलिस हिरासत में तीनों ने कुबूल किया कि रुपये लूटने के दौरान पंकज ने उनको पहचान लिया था। इस पर बांके से उसकी हत्या कर शव बंबी में डालकर भाग गए थे। तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। हत्याकांड की साजिश में शामिल चौथे आरोपी को पुलिस तलाश रही है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक, एक बैग से 3,60,000 रुपये, 13 क्रेडिट/डेबिट कार्ड, मृतक का आधार व पैन कार्ड, एक मोबाइल, एक टैबलेट सहित अन्य प्रपत्र बरामद किए हैं।

शुक्रवार रात को अल्हनीपुर निवासी पंकज कटियार (28) का शव नसीरपुर के पास खून से लथपथ बंबी में पड़ा मिला था। मामले में परिजन ने शनिवार को मुगल रोड जाम कर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने प्रांजल व नवनीत समेत दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। व्यापारी पंकज कटियार की हत्या के मामले में पुलिस की दो टीमें लगी थीं। मंगलवार को सिकंदरा थाना प्रभारी महेश कुमार को सूर्या ओवरब्रिज के पास आरोपियों के होने का सुराग मिला। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर अल्हनीपुर निवासी प्रांजुल उर्फ गोलू, नवनीत उर्फ भोलू, सट्टी थाना क्षेत्र के तमरापुर निवासी अभिजीत को गिरफ्तार कर लिया। एएसपी राजेश पांडेय ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपी व्यापारी पंकज के मित्र थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका पंकज के जनसेवा केंद्र पर आना जाना था। पंकज प्रतिदिन तीन से चार लाख रुपये लेकर चलता था। इस पर उनकी नीयत बिगड़ गई। वह कई दिन से अभिजीत के मामा अजय निवासी पंजांवा थाना मानिकपुर प्रतापगढ़ के साथ लूट की रणनीति बना रहे थे। शुक्रवार को रणनीति के मुताबिक नवनीत उर्फ गोलू ने पंकज से फोन कर साथ घर जाने की बात कही। दोनों घर के लिए साथ निकले। इधर नवनीत का भाई व उसके दो साथी नहर पटरी पर उजागर सिंह के खेत के पास छिप गए। नहर पटरी के पास आने पर नवनीत ने जानकारी साझा कर दी। इस पर तीनों ने रास्ता बंद कर बाइक रोक ली और बैग छीनने लगे। छीना-झपटी में पंकज ने उन्हें पहचान लिया। आरोपियों ने पंकज को पकड़ लिया। जबकि प्रांजल ने उसके ऊपर बांके से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए। बाद में पंकज को बंबी में डालकर उसके ऊपर खाद की बोरी रखकर भाग निकले।

एएसपी ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक, एक बैग जिसमें 3,60,000 रुपये, 13 क्रेडिट/डेबिट कार्ड, मृतक का आधार व पैन कार्ड, एक मोबाइल, एक टैबलेट सहित अन्य प्रपत्र बरामद हुए हैं। आरोपियों को जेल भेजा गया है। अजय की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# कम्पोजिट विद्यालय सांगीपुर में संकुल बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निपुण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के निर्देशानुसार प्रत्येक मास संकुल बैठक का आयोजन होता है। इसी क्रम में माह अगस्त की संकुल बैठक कम्पोजिट विद्यालय सांगीपुर में प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।प्रधानाध्यापक शालिनी सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंट कर धीरेन्द्र प्रताप सिंह,एवं समस्त शिक्षक,शिक्षिकाओं का स्वागत व अभिनन्दन किया।बैठक का संचालन शशि कुमारी सिंह नोडल शिक्षिका ने किया।बैठक में एजेण्डा के अनुसार परियोजना संबंधी समस्त प्रकार की जानकारियों से शिक्षकों को अवगत कराया उन्होंने बताया निपुण भारत के साथ-साथ कक्षा एक में रेडीनेस कार्यक्रम चलाया जा रहा है।जिसे हम लोगों को पूर्ण निष्ठा व लगन से करना है। और समय से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति करनी है।कार्य पुस्तिका भरने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।बैठक में निपुण रेडीनेस कार्यक्रम ,शिक्षण पाठ योजना,शैक्षिक नवाचार,टी एल एम निर्माण,शत-प्रतिशत नामांकन, हाउस होल्ड सर्वे सहित कई बिंदुओं पर चर्चा -परिचर्चा की गई।नोडल शिक्षिका ने कार्य योजना के अनुसार प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक को पूर्व से दिये गये टापिक पर सम्प्रेषण हेतु आमंत्रित किया।बैठक में अमिता,शहाना बानो,अवनीश त्रिपाठी,अमृता जायसवाल, पूर्णेन्दु सिंह,शशि कला,शालिनी सिंह,खुशबू जायसवाल एवं रामावती ने शिक्षण सहायक सामग्री के माध्यम से पढ़ाने की नवीन गतिविधियों से शिक्षकों के बीच में जानकारी प्रदान किया। धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रधानाध्यापक व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षकसंघ अमेठी ने परियोजना के बारे में विस्तार से बताते हुए शिक्षकों से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति पर जोर दिया।उन्होंने कहा सभी शिक्षक योग्य हैं,आप सभी मेहनत करके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें और विद्यालय निपुण बनायें।सभी शिक्षकों से अनुरोध किया कि जो कुछ भी यहां हम चर्चा-परिचर्चा में सीखते हैं और जो भी परियोजना के ऐ दिशाऐ निर्देश हैं।उनका अक्षरशः पालन करते हुए अपने-अपने विद्यालयों में नन्हे-मुन्ने बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने का पूर्ण प्रयास करें।

## रक्षाबंधन भाई बहन के पवित्र रिश्ते का मजबूत बंधन रामकृष्ण द्विवेदी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

रक्षा बंधन का त्योहार बहन और भाई के पवित्र रिश्ते को रक्षा सूत्र में बाधने वाला त्योहार है द्य वतन जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण द्विवेदी ने अपनी बहन से राखी बांधवाते हुए शपथ ली कि अपनी बहन के साथ-साथ देश और समाज की अन्य बहनों के सुरक्षा करेंगे द्य उनके मान सम्मान पर आच नहीं आने देगे द्य रामकृष्ण द्विवेदी जी द्वारा बहन के राखी बाधते हुए एक शपथ ली जाती है कि जो बहन आज राखी कलाई में बांध रही हैं फिर जब रक्षा बंधन का त्योहार आयेगा तो बहन ही राखी को खोलेगी और नई राखी बॉधेगी द्य श्री द्विवेदी ने कहा कि जिस तरह से आये दिन बहन बेटियों के साथ दुर्व्यवहार देश में हो रहा है उस पर कठोर कानून बनाकर कार्यवाही की जाय ताकि बहनो के साथ कोई भी हिम्मत न कर सके द्य

# रायबरेली फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



विश्व फोटोग्राफी दिवस व रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर पुराने पुल के बगल में मोक्ष धाम परिसर में बेल-3, आम-4, जामुन-3, कैथा-2, बाश, इमली-2, अमरुद, कटहल-2 जैसे फलदार वृक्ष लगाये गए !

कार्यक्रम में समाजसेवी श्री महेंद्र अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बनई !

फोटोग्राफर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जिलाप्रभारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष राम प्रकाश श्रीवास्तव, उपाध्याय सुरेंद्र श्रीवास्तव, संरक्षक गुलाब चंद्र, मनीष कोहली, इंद्रेश कुमार, रघु भाई, आरती स्टूडियो आदि संगठन के पदाधिकारियों ने वृक्षरोपण के कार्यक्रम में अपनी पूरी सहभागिता दी, और आगे इनकी देखने का भी वचन दिया

मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री महेंद्र अग्रवाल जी ने रायबरेली फोटोग्राफर एसोसिएशन को विश्व फोटोग्राफी दिवस की बधाई दी रक्षाबंधन के लिए शुभकामना देते हुए उन्हें कहा आज सावन का अंतिम अंतिम सोमवार है और आपने बेल का पौधा लगा कर बहुत ही पवित्र कार्य किया है निश्चय भगवान भोलेनाथ आप सबको सफलता के रास्ते पर आगे बढ़ाएंगे

एसोसिएशन के अध्यक्ष ने मोक्ष धाम के सभी पदाधिकारियो के प्रति अपना आभार व्यक्त किया जिनके सौजन्य से हम को सुनहरा कार्य करने का अवसर मिला

कोषाध्यक्ष व उपाध्याय सुरेंद्र श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हाईटेक टेक्नोलॉजी से अभेद्य किला बनेगी अयोध्या नगरी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

त्रेतायुग में दुनिया की सबसे सुरक्षित अयोध्या को एक बार फिर उसके उसी वैभवशाली स्वरूप को प्रदान करने की कवायद जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या को हाईटेक टेक्नोलॉजी से अभेद्य किला में तब्दील किया जा रहा है। प्रतिदिन बड़ी तादात में रामभक्तों का अयोध्या आना हो रहा है। ऐसे में उनकी सुरक्षा योगी सरकार की पहली प्राथमिकता है। इसके साथ शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था को भी हाईटेक तरीके से मॉनिटर किया जाए, इसके लिए अयोध्या शहर को पूरी तरह से सीसी कैमरों की रेंज में लाया जा रहा है। तीसरी आंख के जरिए सुरक्षा और स्वच्छता दोनों ही व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी। इसके जरिए कंट्रोल कमांड सेंटर में बैठकर न सिर्फ संदिग्धों पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि चौराहों व गली-मोहल्लों में नगर निगम की ओर से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की भी मॉनिटरिंग की जा सकेगी। योगी सरकार ने घरों, प्रतिष्ठानों, होटलों और कार्यालयों के बाहर लगे सीसी कैमरे को पहले ही अमानीगंज स्थित कंट्रोल रूम से इंटीग्रेट कर लिया है।

अयोध्या में नव्य, भव्य और दिव्य मंदिर में रामलला के प्रतिष्ठित होने के बाद से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद कह चुके हैं कि अयोध्या को ऐसे सजाया और संवारा जाए, जिससे यहां आने वाला हर एक शख्स बार-बार अयोध्या आना चाहे। इसी के तहत नगर निगम ने सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत अयोध्या में बड़ा कदम उठाया है। नगर निगम की टीम स्थानीय जनता और व्यापारियों से उनके कैमरे को कंट्रोल कमांड सेंटर के मॉनिटरिंग रूम से जुड़वाने की अपील कर रही है।

8.49 करोड़ का प्रोजेक्ट, जुड़ चुके हैं 1324 सीसीटीवी

सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत नगर में काम का जिम्मा एलाइड डिजिटल सर्विसेज लिमिटेड को दिया गया है। यह 8.49 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। रोड के किनारे के कैमरे को जलकल स्थित आईटीएमएस कार्यालय के लगे सर्वर से जोड़ दिया गया है। प्रोजेक्ट के तहत 312 लोकेशन चिह्नित किये गये थे। इनमें कुल 1324 सीसी कैमरों को जोड़ा जा चुका हैं। इन सीसी कैमरों की मदद से कंट्रोल रूम से न सिर्फ स्वच्छता पर ध्यान दिया जाएगा बल्कि अन्य व्यवस्थाओं की भी मॉनीटरिंग होगी। इसके लिए कंट्रोल रूम में नगर निगम के कर्मचारी बैठाए जाएंगे। जहां से नगर की सफाई व्यवस्था, पानी लीकेज, स्ट्रीट लाइट के बंद होने की जानकारी संबंधित अनुभाग को दी जाएगी। जानकारी मिलते ही फॉल्ट ठीक करने के लिए नगर निगम के कर्मचारी मौके पर पहुंच जाएंगे।

# कोरी समाज की बैठक में मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर हुआ मंथन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी से विधायक पद की दावेदारी करने के साथ प्रधान संघ के जिला सचिव एवं युवा भाजपा नेता मुकुल आनंद कोरी अपनी टीम के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। और टिकट मिलने पर सभी वर्गों का समर्थन मिलने का दावा कर रहे हैं। अखिल भारतीय कोरी समाज द्वारा भी विधानसभा उपचुनाव में कोरी बिरादरी के उम्मीदवार का समर्थन किए जाने का ऐलान किया गया है। जिसके चलते उपचुनाव में अब नए समीकरण उभर रहे हैं। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर आज़ाद हिन्द इंटर कॉलेज हैरिंगटनगंज मिल्कीपुर में झंगना देवी कोरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अखिल भारतीय कोरी समाज की बैठक और सम्मेलन के दौरान भाजपा से टिकट मिलने के उपरांत मुकुल आनंद को समर्थन देने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हुबराज कोरी भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में कोरी समाज को एकजुट करने, संगठन को मजबूत करने के अलावा मिल्कीपुर उपचुनाव के दृष्टिगत समाज का नजरिया विषयक पर भी मैराथन चर्चा की गई। संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य भोला भारती द्वारा किया गया। बैठक में कोरी समाज की उन्नति, विकास और राजनीतिक भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख लल्लन कोरी ने कहा कि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों द्वारा अभी तक कोरी समाज की उपेक्षा की गई है। उन्हें राजनीतिक भागीदारी का मौका नहीं मिला है। जिससे कोरी समाज खुद को उपेक्षित महसूस कर रहा है। नंदलाल कोरी ने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में साजिश के साथ कोरी बिरादरी के मतदाताओं की संख्या कम बताई जाती है। जिसके चलते उन्हें राजनीतिक भागीदारी से वंचित किया जाता है। अखिल भारतीय कोरी समाज संगठन द्वारा गांव गांव सर्वे किया गया है। मिल्कीपुर विधानसभा में कोरी बिरादरी के मतदाताओं की अभी तक कुल संख्या 57540 है। जो उपचुनाव में निर्णायक होंगे। समाज को संगठित किया जा रहा है। बैठक के दौरान निर्णय हुआ कि किसी भी राष्ट्रीय पार्टी द्वारा उपचुनाव में कोरी बिरादरी को टिकट दिए जाने पर संगठन द्वारा आत्म मंथन करने के बाद कोरी समाज लगकर समर्थन करेगा। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि किसी राजनीतिक दल के अन्य बिरादरी के उम्मीदवार का पिछलगू बनने से अच्छा है उपचुनाव में बिरादरी के उम्मीदवार का एकजुट होकर समर्थन किया जाए। जिससे कोरी समाज को भी अपनी पहचान और राजनीतिक हिस्सेदारी मिल सके। बैठक के दौरान प्रदीप कोरी,नागेश्वरनाथ कोरी,ब्रह्मदीन कोरी,रोशनलाल कोरी,अर्जुन भारती,जामुवंत कोरी,रंजीत कोरी दशरथ लाल,लवकुश कोरी, सुभाष कोरी सहित लगभग एक हज़ार की संख्या में बैठक में मौजूद लोगों द्वारा एक सुर में समाज के ही उम्मीदवार को आगामी उपचुनाव में समर्थन की वकालत की और संकल्प जताया। अपने संक्षिप्त परिचय के दौरान उपचुनाव में भाजपा से टिकट का दावा कर रहे युवा भाजपा नेता एवं प्रधान संघ के जिला सचिव मुकुल आनंद ने समाज के प्रति अपनी निष्ठा को प्राथमिकता पर रखते हुए समाज के उत्थान के लिए उत्तरोत्तर संघर्षशील रहने का संकल्प व्यक्त किया।

# सांसद के एल शर्मा की कलाई पर सैकड़ों बहनों ने बांधी राखी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली ऊंचाहार**



भाई बहन के प्यार के अटूट रिश्ते की डोर के ऐतिहासिक पर्व पर कांग्रेस प्रदेश सचिव व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह द्वारा आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने रायबरेली के ऊंचाहार विधानसभा के बाबूगंज में सैकड़ो महिलाओं से राखी बंधवाकर उपहार भेंट किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने वक्तव्य में बोलते हुए श्री शर्मा ने भावुक होकर कहा कि, वह कितना भाग्यवान हैं कि, अपनी बहनों के बीच में तो नहीं पहुंच सके, लेकिन आज सैकड़ो बहनों ने उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भर दिया है, और यह कहकर वह भावुक हो गए, उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक आए जो साफ देखे गए रक्षाबंधन कार्यक्रम में उपस्थित बहनों ने बड़े उत्साह, स्नेह से श्री शर्मा की कलाई पर स्नेह की सैकड़ो डोर बांधकर भर दिया। महिलाओं के साथ श्री शर्मा भी गदगद नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा, अतुल सिंह प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम आयोजित करते हैं, वह बधाई के पात्र हैं, ऐसे कार्यों से सामाजिक समरसता बढ़ती है कार्यक्रम के आयोजक अतुल सिंह ने कहा कि, सभी जाति धर्म मजहब के लोगों को एक साथ जोड़कर चलना ही कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य रहा है। इसी के तहत उन्होंने भाई बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन के पर्व पर प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम करते हैं। श्री सिंह ने बीजेपी पर निशाना साधा और कहा कि, बीजेपी दिखावे की राजनीति करती है। बहनों का आशीर्वाद प्राप्त करना मेरे लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में सभी जाति, धर्म, वर्ग की महिलाएं पहुंची और अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा तथा कांग्रेस नेता अतुल सिंह की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा का वचन लिया इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी, उपाध्यक्ष निर्मल शुक्ला, विधानसभा प्रभारी महेश प्रसाद शर्मा, कोऑर्डिनेटर क्षत्रेश टांड़, रोहित सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शंभू शरण पाल, दल बहादुर सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, ज्योति प्रसाद पासी, जिला सचिव अनिरुद्ध दीक्षित, शैलेंद्र सिंह, मेराजउल हक फारूखी शाहिद सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सावन के आखिरी सोमवार को बछरावां के झारखंडेश्वर मन्दिर में हुई चोरी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिले के बछरावां में मौजूद एक शिव मंदिर में लगातार चोरी हो रही है। बीती रात एक बार फिर इस शिव मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया है। इससे पहले 2 महीने पूर्व भी चोरों ने यहां से तकरीबन 100 किलो के दर्जन भर घंटे चोरी कर लिए थे मामला बछरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत खाले गांव स्थित झारखंडेश्वर शिव मंदिर का है। यहां पर बेखौफ चोरों ने मंदिर में लगे लगभग 6 पीतल के घंटों पर हाथ साफ कर दिया, जिनका वजन लगभग 70 से 80 किलो बताया जा रहा है। चोरी की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

एक महीने पहले पूर्णमासी के दिन चोरों ने इसी शिव मंदिर से लगभग आधे दर्जन से अधिक पीतल के घंटों की चोरी की थी, जिसका वजन लगभग 100 किलो के आस-पास बताया जा रहा था।

# शांति मार्च निकाल कर इनरव्हील और रोटरी क्लब सहित अनेक संगठनों ने रेप-मर्डर का जताया विरोध

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ हुई हैवानियत और हत्या के विरोध में रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब ने कई सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर सामूहिक रूप से शांति मार्च निकाला। शांति मार्च में सहयोग करने वाले संगठनों में जैसीज़ ऐल्यूमिनी क्लब, भारत विकास परिषद, कायस्थ महासभा, इण्डियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन, सिंधु समाज, जेसीज़ क्लब, अग्रवाल समाज के पदाधिकारी भी शामिल हुए। सदर विधायक अदिति सिंह ने भी इस अवसर पर पहुँचकर घटना की निंदा की। रोटरी क्लब के अध्यक्ष राकेश कक्कड़ और इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष दीप्ति सिकरिया ने कहा कि ऐसे विकृत मानसिकता के अपराधियों के लिए सभ्य समाज में कोई जगह नहीं होनी चाहिये। इस अवसर पर रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे जघन्य अपराधियों को फ़ास्टट्रैक अदालत में मुक़दमा चला कर तीन माह के भीतर कठोर दंड दिया जाना चाहिए। इनरव्हील क्लब की पूर्व अध्यक्ष सीमा श्रीवास्तव ने शांति मार्च में शामिल सभी संस्थाओं एवं सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापितकिया

इस मौक़े पर जेसीज ऐल्यूमिनी क्लब के अध्यक्ष राकेश पांडेय तथा पूर्व ज़ोन चेयरमैन राजेश शर्मा ने घटना का कड़ा विरोध करते हुए ऐसे क्रूर अपराधियों के लिए सरकार से कड़े क़ानून की माँग की। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष गजानन खुबेले, डॉ. अमिता खुबेले ने घटना को वीभत्स बताते हुए पीड़ित परिवार को पर्याप्त सुरक्षा दिये जाने की माँग की। सिंधु समाज महिला विंग की अध्यक्ष रेखा जीवनानी और इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन के अध्यक्ष उदित आज़ाद ने कहा ऐसे दुर्दांत अपराधियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

# श्री नाम संकीर्तन हरे राम, हरे राम राम राम हरे हरे.का अखण्ड पाठ से गुँजायमान हुई अयोध्या

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



तुलसी कथा रघुनाथ की स्थापना दिवस श्रीमानस सेवा समिति (मोहन-मंदिर) अयोध्या एवं %मानस-मुक्तामणि% परिवार के तत्वावधान में %स्थापना-दिवस% के अवसर पर 51 वां वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एकदिवसीय %श्री नाम संकीर्तन - हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे का अखण्ड पाठ जप का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सुदूर-अंचलों के सदस्यों ने लखनऊ,गोरखपुर,गोण्डा, बाराबंकी, आजमगढ़, बलिया से आकर अपनी सहभागिता समर्पित किया। इस पावन-पुनीत अवसर पर भजन-संध्या का आयोजन श्री प्रदीप सिंह के संयोजन में श्रोताओं को मन्त्र-मुग्ध कर दिया। जिसकी अध्यक्षता श्रीशेषमणिमिश्र ने किया। समिति ने अपने सत्यनिष्ठ, कर्तव्यपरायण और समर्पण भावना अभिप्रेरित दो सदस्यों को उत्तरीय वस्त्र व पुराण आदि -ग्रंथों से सम्मानित किया, श्रीपंकज सिंह गोरखपुर एवं श्रीराजितराम शर्मा अयोध्या धाम द्य डॉ0 मनमोहन सरकार संस्थापक एवं संयोजक राष्ट्रपति-पुरस्कृत तथा डॉ0 वीरेन्द्रकुमार त्रिपाठी प्रबन्धकारिणी सदस्य राष्ट्रपति-पुरस्कृत के कर-कमलों द्वारा सदस्यों को सम्मानित किया गया 7 डॉ0 त्रिपाठी ने समिति का विकास-यात्रा पर प्रकाश डाला। डॉ0 सरकार ने भावी - योजनाओं पर चर्चा की। इस आध्यात्मिक, साहित्यिक एवं सामाजिक अभिप्रेरित अनुष्ठान में पं. श्रीविष्णुप्रसाद नायक, के.सी.यम.सिंह, विनय कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 अलकेश दत्त पाठक, श्रीजे.पी.चौरसिया, श्रीमती नीलू सिंह, श्रीमती गिरिजा कुमारी, श्रीप्रत्यूष उपाध्याय, अशोकसिंह , राजेशसिंह, सत्यपाल सिंह, श्रीसंकल्प तिवारी, राजीवकुमार श्रीवास्तव, शेषमणि तिवारी, राघवेन्द्र पाण्डेय, श्रीमती सत्यभामा तिवारी, श्रीमती शशिलता उपाध्याय, श्रीमती ममता पाण्डेय, चक्रधारीपाडेय, श्रीयदुनन्दन पाण्डेय शिवकुमार शर्मा, दिव्यांशु पाण्डेय, हिमांशु पाण्डेय, अंकुर श्रीवास्तव पुरुषोत्तम तिवारी, भूपेंद्र तिवारी, सतोषकुमार रावत, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, देवेन्द्रप्रतापसिंह, श्रीमती श्वेता सिंह, इन्द्रप्रतापमिश्र, सुभाष अग्रहरि, नागेन्द्र प्रताप सिंह, अनिलकुमार सिंह ने भाग लिया द्य धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 संजयकुमार पाण्डेय ने किया।

## मुर्गा दारू के झगडे में अनाथ हुए पांच बच्चें,पिता ने पुत्र को उतारा मौत के घाट

**जन एक्सप्रेस/मवई-अयोध्या।** रुदौली सर्किल के पटरंगा थाना क्षेत्र में जहाँ रक्षाबंधन के दिन लोग खुशियां मना रहे थे वही खुशियों में शामिल मुर्गा दारू के झगड़े ने पांच बच्चों को अनाथ कर दिया। एक पिता ने अपने ही पुत्र को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।आपको बता दे पटरंगा थाना क्षेत्र के रमई इंदारा गांव में एक व्यक्ति ने मंगलवार की रात करीब 10 बजे अपने ही बेटे को मौत के घाट उतार दिया। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, इसके बाद शराब के नशे में धुत्त जगदीश रावत ने अपने 32 वर्षीय बेटे रिंकू रावत के गले पर चाकू से कई वार किया। बेटा रक्षाबंधन पर घर आया था, वह बाराबंकी के दरियाबाद में नौकरी करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पटरंगा थाना क्षेत्र के रमई इंदारा गांव में रिंकू रावत परिवार के साथ रहता था। पिता और बेटे दोनों के अलग-अलग मकान हैं। मृतक रिंकू के तीन बेटे व दो बेटियां हैं। रिंकू बाराबंकी के दरियाबाद में एक मुर्गी फार्म पर नौकरी करता था। रक्षाबंधन का त्योहार होने पर घर आया था।

# हर्षोल्लास के साथ कई स्थानों पर धूमधाम से मनाया गया श्रावणी उपाकर्म का पर्व

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तत्वाधान में विधि विधान और पूर्ण हर्षोल्लास के साथ अनेकों स्थानों पर श्रावणी उपाकर्म का पर्व धूमधाम से मनाया गया प्रमुख रूप से लक्ष्मण घाट गोपाल मंदिर अयोध्या धाम के सौजन्य से झुनकी घाट पर भारी संख्या में स्नानादि के उपरांत श्रावणी पूर्णिमा के अति पावन पुनीत शुभ अवसर पर श्रावणी उपाकर्म का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम ब्राह्मणों का प्रमुख पर्व ,त्यौहार है, जिसमें नदी व जलाशयों में सभी ब्राह्मण उपस्थिति होकर विधि विधान के साथ प्रथम हेमाद्रिक संकल्प के साथ प्रक्रिया शुरू की जाती है, जिसमें वर्षभर में यवद्जीवन प्रयंत वाल्या अवस्था से लेकर वृद्धा अवस्था तक ज्ञात, अज्ञात, प्रायश्चित, समन का संकल्प के साथ में दश विधि स्नान जिसमें कई प्रकार के वस्तुओं औषधियों से स्नान कराया गया जिसमे ब्रह्मण समाज एवम सर्व समाज के कल्याण के लिए रोग मुक्ति के लिए तथा प्रखर ज्ञान वर्धक ओजस्विता प्राप्त करने के लिए इस कार्यक्रम में ऋषि तर्पण, देव तर्पण, पितृ तर्पण एवम पितामह के आत्म तृप्ति के लिए तर्पण किया गया साथ में लुप्त पिंड का तर्पण किया गया। संध्या एवम सूर्योपस्थान हुआ सप्त ऋषियों एवम मां अरुंधती का पूजन गोपाल मंदिर लक्ष्मण घाट में विधि विधान से संपन्न हुआ जिसके मुख्य आचार्य वीरेन्द्र कुमार द्विवेदी वैदिक के आचारत्व संचालन में संपन्न हुआ। ब्राह्मण इस विशेष पूजा द्वारा श्रावणी महापर्व आयोजित कर वर्ष भर के लिए ऋषि परंपरा द्वारा ब्राह्मण को शुद्ध पूजित यज्ञोपवित प्रदान किया जाता हैं।इस कार्यक्रम में प्रायश्चित स्वरूप दही, जौ का सेवन किया जाता है जिसमे आध्यात्मिक शक्ति प्रदान किया जाता है। संस्कृत दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया समाज के समस्त वर्गो को इस त्यौहार को मनाना चाहिए। इस कार्यक्रम में विशेष पूजन पूर्ण विधि विधान से दिलीप राम त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने किया।तथा मुख्य अतिथि आचार्य राधेश्याम मिश्र राष्ट्रीय महामंत्री के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ उपरोक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहभागी रहे धीरज अग्निहोत्री देवनारायण तिवारी गुलौरी रणंजय शास्त्री, सूर्य कांत मिश्, शेखर द्विवेदी राजकुमार द्विवेदी घनश्याम किशोर मिश्र सहित अन्याय सम उपस्थित गणमान्य विप्र बंधुओं द्वारा श्रावणी उपाकर्म महोत्सव का कार्यक्रम विधि विधान से संपन्न हुआ। इसी क्रम में सूर्य कुंड पर सत्यदेव मिश्र क्षीरेश्वर दत्त मिश्र महंत ओम प्रकाश मिश्र रुपेश तिवारी देवमणि तिवारी आदि मौजूद रहे।भरत कुंड में सच्चिदानंद के आचारत्व में सतीश पांडेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अम्बरीष पांडेय जिला महामंत्री सचिन तिवारी मंडल अध्यक्ष युवा, सुमित तिवारी जिला अध्यक्ष युवा के अगुवाई में कार्यक्रम संपन्न हुआ व सीता कुंड पर अरस दुबे मानस तिवारी सुरेश प्रधान के मौजूदगी में डॉ ऋषि पांडेय और अन्यान्य विप्रजन उपस्थित रहे इसी कड़ी में दिलासी गंज मे जय प्रकाश तिवारी जी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के सानिध्य में सरयू नदी के तट पर कार्यक्रम आयोजित हुआ भारी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे सभी विप्र बंधुओं एवं सर्व समाज के कल्याणार्थ मंगल कामनाओं सहित सभी का कल्याण हो।

# यूपी में 16 लाख से अधिक बहनों ने की निशुल्क यात्रा

## 18 अगस्त की मध्य रात्रि से 19 अगस्त की मध्य रात्रि तक सभी क्षेत्रों में परिवहन निगम ने दी सेवा

- महिलाओं के साथ कहीं कोई अभद्रता की सूचना नहीं, बस स्टेशनों पर की गई बैठने, पीने के पानी की व्यवस्था
- 24 घंटे मुस्तैद रहे परिवहन निगम के कर्मचारी और अधिकारी, यात्रियों की सुविधा का रखा गया विशेष ध्यान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



रक्षाबंधन के पर्व पर अपने भाइयों की कलाई को सजाने के लिए घरों से निकली 16 लाख से ज्यादा बहनों को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने यूपी रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई। पिछले वर्ष की ही तरह इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश की महिलाओं ने पूरे दिन यानी 18/19 की मध्य रात्रि से 19/20 की मध्य रात्रि तक 24 घंटे परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा का लाभ उठाया। इस दौरान प्रदेश सरकार ने महिलाओं को निःशुल्क यात्रा कराने के लिए 16 करोड़ रुपए से ज्यादा का व्ययभार उठाया। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार विगत कई वर्षों से रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों को परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान कर रही है। इस बार भी योगी सरकार ने 24 घंटे यात्रा की सुविधा प्रदान की, जिसका प्रदेश के प्रत्येक जनपद में महिलाओं ने लाभ उठाया। इस दौरान परिवहन निगम की ओर से महिलाओं की सुगम यात्रा के लिए 2,000 अतिरिक्त बसें भी उपलब्ध कराई गईं।

### 24 घंटे मुस्तैद रहा परिवहन निगम और उसके कमर्चारी

एमडी मासूम अली सरवर ने बताया कि रक्षाबंधन के पर्व को देखते हुए परिवहन निगम की तरफ से अनेक व्यवस्थाएं की गई थीं। इस दौरान चालकों और परिचालकों को प्रोत्साहित करने के लिए 3 हजार रुपए तक का इंसेंटिव प्रदान किया गया, जबकि वर्कशॉप में काम करने वालों को भी 1200 रुपए का इंसेंटिव प्रदान किया गया। सारे ड्राइवर कंडक्टर वर्दी में रहे। कहीं कोई दुर्घटना नहीं हुई। ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में कोई ड्राइवर नशे में नहीं पाया गया। महिलाओं के साथ कहीं कोई अभद्रता की सूचना नहीं मिली है। हमारे बस स्टेशनों पर महिलाओं के साथ ही समस्त यात्रियों के बैठने की, पीने के पानी की व्यवस्था की गई। सभी कर्मचारी पूरी तरह मुस्तैद रहे। महिलाओं को कहीं किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। परिवहन निगम के सभी कर्मचारी पूरे 24 घंटे मुस्तैदी से काम करते रहे।

### महिला यात्रियों ने की सीएम योगी की तारीफ

परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में प्रदेश भर में माताओं-बहनों को परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था की गई। 18/19 की मध्य रात्रि से 19/20 की मध्य रात्रि तक 24 घंटों में कुल 16,01,649 महिलाओं को निगम द्वारा निःशुल्क यात्रा कराई गई। इस सुविधा का पूरा व्ययभार निगम द्वारा वहन किया गया, जो कि 16,25,95,910 रुपए रहा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के इस उपहार की प्रदेश भर में भूरि भूरि प्रशंसा की गई और जिन महिलाओं को इस सुविधा का लाभ मिला, उन्होंने इसे आगे भी जारी रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि निःशुल्क बस सेवा की इस सुविधा ने महिलाओं के लिए रक्षाबंधन को खास बना दिया। सभी जनपदों में शांतिपूर्ण ढंग से पूरे उत्साह के साथ महिलाओं ने इसका लाभ उठाया। कहीं से भी किसी तरह के विवाद की कोई सूचना नहीं है।

### 2017 से 2024 तक परिवहन निगम ने महिलाओं को कराईं एक करोड़ निशुल्क यात्राएं

योगी सरकार ने 2017 में प्रदेश की सत्ता संभालते ही महिलाओं के हितों को देखते हुए इस सेवा की शुरुआत कर दी थी। 2017 में पहली बार इस सेवा के माध्यम से 11 लाख 16 हजार 332 महिलाओं ने निःशुल्क यात्रा की थी। तब प्रदेश सरकार पर 6 करोड़ 8 लाख 13 हजार 105 रुपए का व्यय भार आया था। इसी तरह, 2018 में 11 लाख 69 हजार 226 महिलाओं को निःशुल्क यात्रा कराने में सरकार ने 7 करोड़ 41 लाख 17 हजार 987 रुपए का खर्च वहन किया। 2019 में 12 लाख 4 हजार 85 महिलाओं ने निःशुल्क यात्रा की, जबकि सरकार पर 7 करोड़ 68 लाख 37 हजार 8335 रुपए व्यय भार वहन किया। 2020 में 7 लाख 36 हजार 605 महिलाओं ने निःशुल्क यात्रा की, जिस पर सरकार ने 4 करोड़ 82 लाख 48 हजार 521 रुपए का खर्च किया। 2021 में 9 लाख 63 हजार 466 महिलाओं के निःशुल्क यात्रा पर सरकार पर 8 करोड़ 90 लाख 98 हजार रुपए का व्यय भार आया। इसी तरह 2022 में 22 लाख 32 हजार 322 महिलाओं की यात्रा के लिए सरकार को 18 करोड़ 98 लाख 34 हजार 421 रुपए का खर्च वहन करना पड़ा। 2023 में 29 लाख 29 हजार 474 महिलाओं ने इस सुविधा का लाभ उठाया और सरकार ने इस पर 27 करोड़ 65 लाख 66 हजार 615 रुपए का व्यय भार आया।

### नगरीय परिवहन ने भी रक्षाबंधन पर महिलाओं को कराई निशुल्क यात्रा

परिवहन निगम के साथ ही सीएम योगी के निर्देश पर नगरीय परिवहन की बसों में भी रक्षाबंधन पर करीब 1.5 लाख महिलाओं को निःशुल्क यात्रा सुविधा का लाभ मिला। इस पर सरकार ने करीब 50 लाख रुपए का व्यवहार वहन किया। नगर विकास विभाग के तहत संचालित नगरीय परिवहन द्वारा उपलब्ध कराए गए डेटा के अनुसार, 18 अगस्त की मध्य रात्रि से 19 अगस्त की मध्यरात्रि तक 24 घंटे में कुल 1,44,634 महिलाओं ने सुविधा का लाभ उठाया। उन्हें जीरो मूल्यांकन टिकट उपलब्ध कराया गया, जिसके एवज में सरकार ने 47,92,796 रुपए का खर्च वहन किया। योगी सरकार के निर्देश पर 15 शहरों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई थी। इसके अंतर्गत झांसी में 2217, प्रयागराज में 7700, कानपुर में 22,600, मेरठ में 15,189, गाजियाबाद में 5890, मुरादाबाद में 3393, बरेली में 2700, शाहजहांपुर में 5009, आगरा में 21,424, मथुरा में 6059, अलीगढ़ में 1991, लखनऊ में 24,924, गोरखपुर में 5390, वाराणसी में 17,828 और अयोध्या में 2300 महिलाओं को निःशुल्क यात्रा कराई गई।

# रक्षाबंधन का राष्ट्र रक्षा संदेश : मनोज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ पूर्वी क्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज जी ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई बहन तक सीमित नहीं है। बल्कि इसमें राष्ट्र समाज और संस्कृति की रक्षा का विचार समाहित है। मनोज जी गोमती नगर स्थित सीएमएस सभागार में आयोजित रक्षाबंधन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के सभी पर्व उत्सव प्रकृति संरक्षण और सामाजिक समरसता के अनुरूप होते हैं। इनसे जहां एक ओर प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन का संदेश मिलता है,दूसरी तरफ सामाजिक समरसता का संदेश मिलता है। रक्षाबंधन भी इसी प्रकार का पर्व है। सामाजिक समरसता से ही सुदृढ़ समाज का निर्माण होता है। रक्षाबंधन जैसे पर्व सामाजिक समरसता का ही संदेश देते हैं। समाज और संस्कृति की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। मनोज जी ने कहा कि भारत और सनातन संस्कृति की विरोधी शक्तियां सुनियोजित विमर्श चला रहीं हैं। इसका भी संगठित रूप से मुकाबला करना होगा। मनोज जी ने बांग्लादेश का उदाहरण दिया। कहा कि विदेशी शक्तियों ने वहां नेरेटिव चलाए। सात करोड़ वोट से बहुमत की सरकार बनाने वाली शेख हसीना को छह सात लाख लोगों ने उन्हें आपदस्त कर दिया। भारत को ऐसे नेरेटीव चलाने वाले और देश के भीतर उनका समर्थन करने वालों से सावधान रहना होगा। इसी के साथ सामाजिक समरसता,परिवार प्रबोधन,पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना होगा।

## शहरी वायु गुणवत्ता के प्रबंधन के लिए सर्वोत्तम अभ्यास' कार्यशाला आयोजित

**लखनऊ।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डा अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि वायु प्रदूषण देश और दुनिया में सबसे बड़ी चुनौतियों के रूप में उभरा है, जो मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और समग्र पारिस्थितिक संतुलन के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इंडो गंगा के मैदान के केंद्र में स्थित है, जो वायु प्रदूषण के लिए एक वैश्विक हॉटस्पॉट है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए जन सहभागिता के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाये जाये।

डा सक्सेना ने यह विचार आज यहां होटल ताज में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन निदेशालय, ऊर्जा और संसाधन संस्थान और स्विस एजेंसी फॉर डेवलपमेंट एंड कोऑपरेशन के सहयोग द्वारा आयोजित ''शहरी वायु गुणवत्ता के प्रबंधन के लिए सर्वोत्तम अभ्यास'' कार्यशाला में व्यक्त किये।

## आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक बालकृष्ण के निधन पर सीएम योगी ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

- पूर्व अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख और अवध प्रांत के पूर्व प्रांत प्रचारक के तौर पर भी बालकृष्ण ने दी थीं सेवाएं
- सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर सीएम योगी ने लिखा, प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में दें स्थान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख एवं अवध प्रांत के पूर्व प्रांत प्रचारक बालकृष्ण त्रिपाठी का निधन हो गया। वह करीब 88 साल के थे। उन्हें स्वास्थ्य खराब होने पर शुक्रवार को लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया चिकित्सा संस्थान में भर्ती कराया गया था जहां मंगलवार की सुबह उनका निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को भारती भवन में सुबह 7-30 से 10 बजे तक अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। वहीं, अंतिम संस्कार कानपुर के भैरव घाट पर होगा। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर लिखा कि @RSSorg के वरिष्ठ प्रचारक, पूर्व अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख और अवध प्रांत के पूर्व प्रांत प्रचारक श्री बालकृष्ण जी का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! योगी आदित्यनाथ ने आगे लिखा कि प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोकाकुल स्वयंसेवकों व परिजनों को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।? शांति!

# दहेज हत्या से के आरोपी महिला कों महिगवां पुलिस ने किया गिरफ़्तार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर द्वारा अपराधियों एवं वांछित अभियुक्तो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त उत्तरी जोन अभिजित आर. शंकर महोदय व अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी जितेन्द्र कुमार दूबे के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी सुजीत कुमार दुबे के निर्देशन एवं थानाध्यक्ष महिगवां शिवमंगल सिंह थाना महिगवा ने पुलिस टीम के साथ दहेज हत्या के संबंधित आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि किशोरी लाल पुत्र कतवारू निवासी ग्राम विलासपुर मजरा समरदा थाना कोतवाली बड्?डूपुर जनपद बाराबंकी ने थाना महिंगवा आकर एक तहरीर दी कि विपक्षीगण प्रेम कुमार (पति) कामता प्रसाद मौर्य (ससुर) रामरती मौर्य (सास) सुषमा (ननद) जितेंन्द्र (नन्दोई) द्वारा वादी की पुत्री से दहेज मांग करते हुए वादी की पुत्री को प्रताडित करना व दिनांक 18.07.2024 को वादी की पुत्री को दहेज की मांग करते हुए साड़ी से पुत्री के गले में फन्दा डालकर पुत्री की हत्या के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज करवाया था। वहीं महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने बताया कि इस सम्बन्ध में विपक्षीगण के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 98/2024 धारा 85/80(2) ब्ह्स व डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया इसी से सम्बन्धित आरोपी महिला रामरती पत्नी कामता प्रसाद मौर्य उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम नरौसा थाना महिगवां को ग्राम रहीमनगर डुडौली थाना मड़ियाँव लखनऊ से मा0 उच्चतम न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग के आदेशों-निर्देशों का पालन करते हुये समय करीब 12.45 बजे गिरफ़्तार कर चालान मा0 न्यायालय भेजा गया।





# बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**

- इटौंजा पुलिस चौराहों सड़कों पर दिखाई दीं मुस्तैद व सतर्क, लोगों को हुई मिली सहूलियत
- रक्षाबंधन पर घरों से निकले बहनों और भाइयों से क्षेत्र में हुई भारी भीड़-भाड़, खूब बिकी राखी और मिठाइयां

**इटौंजा, लखनऊ।** सोमवार को भाई-बहन के प्यार के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को बीकेटी एवं इटौंजा महिला सैरपुर सहित अन्य क्षेत्रों में प्रेम व उमंग के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर बहनें सुबह से ही अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने की तैयारी में लग गई थीं। कुछ भाइयों ने दूर में रहने वाली बहनों के पास जाकर राखी बंधवाई। कुछ बहनों ने भाइयों के घर जाकर राखी बांधी। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारकर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर पानी पिलाया। भाइयों ने भी अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लिया और बहनों को नकद व अन्य उपहार भेंट किए। वहीं भाई-बहन के प्यार का पर्व रक्षाबंधन लखनऊ व इटौंजा नगर पंचायत सहित पूरे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह प्यार और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। इस बार रक्षाबंधन का पर्व सावन के अंतिम सोमवार के दिन पड़ने से बहनों एवं भाइयों में उत्साह दिखाई दिया। कहीं-कहीं तो बहनों ने अपने भाईयों साथ शिव मंदिर जाकर भोलेनाथ शिव शंभू के दर्शन किए और फिर राखी की रस्म अदा की। वहीं अलग-अलग पंचांगों में भिन्न-भिन्न समय दिए जाने से आम जनमानस मे संशय की स्थिति बनी रही। कुछ बहनों ने सुबह से ही राखी बांधी तो कई बहनों द्वारा शुभ मुहूर्त दोपहर एक बजे के बाद में भाइयों के कलाई पर राखी बांधी। वही बीकेटी क्षेत्रके अकड़रिया कलां में बहन आर्या ने आदित्य द्विवेदी व दिव्यांश द्विवेदी को राखी बांधी तो, पूर्व सभासद भाजपा शांति शुक्ला ने अपने भाई समाजसेवी भुवनेश्वर द्विवेदी को राखी बांधकर मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। इस मौके पर शांति शुक्ला पूर्व सभासद, मधु शुक्ला, साकेत शुक्ला,सौरभ शुक्ला,प्रीति मिश्रा अन्य द्विवेदी परिवार मौजूद रहा।

# निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा रोड टू स्कूल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए जा रहे प्रयासों को कॉर्पोरेट जगत की तरफ से भी सराहा जा रहा है। कई बड़े कॉर्पोरेट ग्रुप सरकार की इन गतिविधियों का हिस्सा भी बन रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा'रोड टू स्कूल'का भी शुभारंभ किया गया है। यह प्रोजेक्ट प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग के साथ ही प्रमुख औद्योगिक घरानों में शुमार हिंदुजा समूह की अशोक लीलैंड लिमिटेड और उसके कार्यान्वयन भागीदार लर्निंग लिंक फाउंडेशन की पहल है। रोड टू स्कूल प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों (कक्षा एक से 8) के छात्रों में सीखने की संस्कृति पर कार्य करता है और छात्रों के समग्र विकास के लिए एक आधारभूत ढांचा तैयार करता है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम एक टिकाऊ और स्केलेबल मॉडल का उपयोग करने के साथ ही बच्चों के शैक्षिक और सह शैक्षिक विकास दोनों पर ध्यान केंद्रित करके छात्रों के बीच विद्यालयों में उपस्थिति सुधार और ड्रॉपआउट को कम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। कार्यक्रम को दो चरणों में लागू किया जा रहा है। पहले चरण में चरगावां ब्लॉक में कार्यक्रम लागू किया जा रहा है, जिसमें सभी 78 विद्यालयों को शामिल किया गया है। पहले चरण में 17,781 छात्रों को इस प्रोजेक्ट का लाभ मिलेगा। वहीं दूसरा चरण 2 जून 2025 से शुरू किया जाएगा, जिसमें भटहट ब्लॉक के शेष सभी 90 विद्यालयों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। दूसरे चरण में 16,434 छात्र लाभान्वित होंगे। कुल मिलाकर इस कार्यक्रम से 34,215 छात्रों को लाभ होगा। प्रोजेक्ट के तहत 2 विद्यालयों के लिए एक रिसोर्स पर्सन (आरपी) की तैनाती की जाएगी। चरगावां ब्लॉक में 50 आरपी और भटहट ब्लॉक में 50 आरपी तैनात होंगे।

### क्या है रोड टू स्कूल प्रोजेक्ट

रोड टू स्कूल प्रोजेक्ट में परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने, ड्राप आउट रोकने, बच्चों में पठन-पाठन के प्रति अभिरुचि बढ़ाने, उनके स्वास्थ्य देखभाल और उन्हें खेल एवं कौशल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। रोड टू स्कूल में बच्चों को उदाहरण देकर सिखाने पर जोर है। यह एक अभिनव कार्यक्रम है जो बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन, कक्षा में उनकी नियमित उपस्थिति और आगे की कक्षाओं में प्रवेश के लिए प्रयास करता है। रोड टू स्कूल प्रोजेक्ट का लक्ष्य बच्चों के बीच आधारभूत शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और कला शिक्षा में सुधार करना है। यह प्रोजेक्ट निपुण भारत मिशन के अनुसार बुनियादी शिक्षा स्तरों में सुधार करने के लिए काम करेगा। मसलन बच्चों में विज्ञान और गणित को लेकर दिलचस्पी बढ़े और उनमें विषय की अभिव्यक्ति विकसित हो। बच्चों के समग्र स्वास्थ्य विकास को लेकर इस प्रोजेक्ट में शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण आधारित पाठ्यक्रम चलेंगे।

## हादसा : ट्रेन के आगे कूदा युवक, मौत, मृतक युवक ईट कारखाने में करता था काम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

इटौंजा क्षेत्र के अंतर्गत अर्जुनपुर के पास एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर मौत को गले लगा लिया। रविवार शाम को युवक रेलवे लाइन के पास था? तभी सीतापुर की ओर से आ रही ट्रेन के आगे कूद गया। सूचना पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया। वही जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अर्जुनपुर के रहने वाले सूरज पाल (25) पुत्र मंगल प्रसाद रावत के रूप में हुई है। सूरज पहले टेम्पो चलाता था। मौजूदा समय में सीमेंट ईंट कारखाने में मजदूरी कर रहा था। वहीं ट्रेन चालक ने इटौंजा थाना प्रभारी मार्कडेय यादव को बताया कि युवक रेलवे लाइन के पास था तभी अचानक ट्रेन के आगे कूद गया वहीं पास में शराब की बोतल और ग्लास भी पुलिस को मिले हैं। इटौंजा थाना प्रभारी मार्कंडेय यादव ने बताया कि सूरज पाल सम्भवतः नशे में होने के चलते ट्रेन की चपेट में आ गया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया गया है।

## गोकुल व नन्दबाबा पुरस्कार वितरण समारोह आज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के दुग्ध विकास विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 के 'गोकुल पुरस्कार' एवं 'नन्दबाबा पुरस्कार' वितरण समारोह का आयोजन कल 21 अगस्त को इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान में मध्याह्न 12 बजे से किया जायेगा। कार्यक्रम में पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर दुग्ध विभाग एवं पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के रविन्द्र नायक तथा दुग्ध आयुक्त राकेश कुमार मिश्र भी उपस्थित रहेंगे। गोवंशीय पशुओं के पशुपालकों को प्रोत्साहित करने एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से 'गोकुल पुरस्कार' एवं 'नंदबाबा पुरस्कार' प्रदान किये जाते हैं।

# सैरपुर पुलिस ने एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर, चोर को किया गिरफ़्तार, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन सैरपुर थाना क्षेत्र में देखभाल चेकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन पर सतेन्द्र सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बनौगा थाना घुघटेर व हाल क्लासिक टॉवर के पास किराये का कमरा आईआईएम रोड़ सैरपुर क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर तिराहे से चकपुरवा जाने वाले मार्ग से सैरपुर थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में उ0नि0 संदीप कुमार मिश्रा हे0का0 केशव राम सरोज का0 अमित कुमार सिंह ने समय करीब 11.45 बजे चोरी की मोटर साइकिल यूपी 32 के वाई 2915 टीवीएस रेडेओन के साथ गिरफ़्तार कर लिया। वहीं सैरपुर थाना प्रभारी जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि सियाराम पुत्र जराखन निवासी ग्राम मुजरा राजापुर थाना मानपुर सीतापुर हाल पता झोपड़ पट्टी कपूरा मेड़िकल स्टोर के पास थाना जानकीपुरम लखनऊ द्वारा थाने पर एक प्रार्थना पत्र दिया कि मैं अपने काम से घर जा रहा था सब्जी मण्डी सीतापुर रोड़ पर सब्जी लेने के लिए रुका कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरी मोटर साईकिल यूपी 32 के वाई 2915 टीवीएस रेडेओन को दिनाँक 17/08/2024 समय करीब 9 बजे चोरी कर ली गयी थी उसी आधार पर थाना पर मु0अ0सं0 116/2024 धारा 303(2) बी0एन00एस0 मुकदमा पंजीकृत था उसी में अभियुक्त सत्येंद्र सिंह को गिरफ़्तार मा0 न्यायालय भेजा गया है जहां से जेल भेज दिया जायेगा। सत्येंद्र सिंह पेशे से ऑटो चालक था।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से: फरेबी जाल में कैसे फंसी दुर्गा खोटे

**इस फिल्म का नाम फरेबी जाल था जिसका मतलब छलकपट का मायाजाल होता है और ऐसा ही कुछ दुर्गा खोटे के साथ हुआ। दरअसल उनका रोल तो केवल 10 मिनट का ही था लेकिन इसे फिल्म के किस हिस्से में कहां और कैसे लगाया जाएगा यह उनको कुछ नहीं बताया गया था। खुद दुर्गा खोटे को न इन बातों की समझ थी न मालूम था। श्रीमती भवनानी इस फिल्म की नायिका थीं। उन्हें उनकी बड़ी बहन का रोल दिया गया था जिसका पति शराब के नशे में उन्हें बहुत मारता है और उसी में मेरी मौत हो जाती है। छोटी बहन डर कर घर से भाग जाती है।**

*अपने समय की प्रख्यात अभिनेत्री दुर्गा खोटे का संबंध मुंबई के एक प्रतिष्ठित और उच्च परिवार, लाड परिवार से था। उनका विशाल घर कांदेवाडी में था। उनके पिता पांडुरंग शामराव लाड थे जो एक बुद्धिमान सॉलीसिटर के रूप में विख्यात थे। उनके पिता हमेशा चायना कार्ड या चायना सिल्क के सूट पहनते थे। बोस्की की रेशमी शर्ट में हीरे के बटन लगते और हीरे की ही अंगूठी पहनते। उनके घर में रोल्स रॉयस गाड़ी के अलावा कई सुंदर घोड़ागाड़ियां भी थीं। घोड़ा गाड़ियों के घोड़े ऑस्ट्रेलिया से जहाज द्वारा आए थे। रोल्स रॉयस गाड़ी का बोनट असली चांदी का था और उसकी एलमुनियम की पूरी बॉडी पर चांदी का मुलम्मा चढ़ा था। उनके नाना भी बहुत बड़े आदमी थे। मुंबई की प्रसिद्ध शांताराम की चाल के मालिक उनके नाना श्री सुकथनकर जी थे। यह चाल इतनी बड़ी थी कि यहां पंडित मोतीलाल नेहरू, देशबंधु चितरंजन दास, लाला लाजपत राय वल्लभभाई पटेल और विट्ठल भाई पटेल जैसे ओजस्वी नेताओं के भाषण वहां हुआ करते थे। दुर्गा जी कैथेड्रल हाई स्कूल में पढ़ती थी जिसमें गैर क्रिश्चियन लड़कियों का एक निश्चित कोटा रहता था। स्कूल का सारा माहौल अंग्रेजी था और शिक्षा पद्धति यूरोपीयन। सारे शिक्षक कैंब्रिज या ऑक्सफोर्ड से डिग्रियां प्राप्त थे और स्कूल स्कॉटिश मिशन के पैसों से चलता था। यहां का अनुशासन बहुत ही कठोर था और इसे ब्रिटेन के पब्लिक स्कूलों की शैली पर चलाया जाता था। वह अपनी क्लास की प्रिफेक्ट बनी और बास्केटबॉल टीम की कप्तान भी चुनी गईं। कैथेड्रल स्कूल से मैट्रिक परीक्षा पास करने के बाद वे सेंट जेवियर्स कॉलेज में पढ़ाई करने लगी। यहां उन्हें नाटकों का शौक लगा। उन्होंने कई नाटकों में काम किया और कई का निर्देशन भी किया। इसी दौरान उनकी शादी एक और अन्य बड़े घराने खोटे घराने में कर दी गई। 19 जून 1930 को जब उनका विवाह हुआ तो उनकी आयु मात्र 17 वर्ष की थी। यह एक सोसाइटी मैरिज थी जिस पर अखबारों में कॉलम लिखे गए थे। बड़े-बड़े राजा-महाराजा, हाई कोर्ट के जज, बैरिस्टर, बड़े-बड़े व्यापारी, कार्पेंटर सहित असंख्य गणमान्य लोग इस विवाह समारोह में उपस्थित हुए थे। लेकिन शादी के 3 साल के भीतर ही खोटे परिवार का कारोबार कब डूब गया किसी को पता ही नहीं चला। इस बीच में दुर्गा खोटे एक बेटे की मां भी बन चुकी थीं। अंत में हालात इतने खराब हुए कि उन्हें अपना सब कुछ यानी अपना घर तक खाली करना पड़ा और अपने पिता के पास जाकर रहना पड़ा। वह अपने पिता से अन्य कोई सहायता नहीं लेना चाहती थी इसलिए खुद ही काम करने लगी। उनके पति को एक छोटी नौकरी मिली लेकिन उससे गुजारा संभव नहीं था। वह ट्यूशन पढ़ाने लगीं। 1930 के प्रारंभ में एक दिन प्रख्यात फिल्म निर्माता निर्देशक वाडिया अचानक उनकी बड़ी बहन शालू दीदी से मिलने आए। वे कॉलेज में उनके मित्र थे। इन दिनों वे मोहन भवनानी के साथ एक मूक फिल्म तैयार कर रहे थे। फिल्म लगभग पूरी हो चुकी थी। परंतु इसी समय बोलती फिल्मों का दौर आ गया था। अतः इस नई लहर को देखते हुए उन्होंने अपनी मूक फिल्म में 10 मिनट का एक सवाक अंश जोड़ने का निश्चय लिया जिससे ज्यादा पैसा कमाया जा सके। इस मूक फिल्म में श्रीमती मीनाक्षी भवनानी ने भी किया था । परंतु न उन्हें हिंदी आती थी न गायन। इसलिए 10 मिनट के सवाक हिस्से के लिए श्री भवनानी को किसी अन्य अभिनेत्री की तलाश थी। वह किसी अच्छे खानदान की महिला को ढूंढ रहे थे क्योंकि उस जमाने में कोई कुलीन या खानदानी स्त्री फिल्मों में काम करे यह लगभग असंभव था।*

## एक्सप्रेस आलेख

**बांग्लादेश में रह रहे 1.35 करोड़ हिंदु समाज के साथ जो बर्बर हिंसा की जा रही है वह पूरी मानवता को शर्मसार करने वाली है। शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से राजधानी ढाका सहित पूरे बांग्लादेश में हिन्दुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। उनके घरों, प्रतिष्ठानों, दुकानों, मंदिरों को आग लगाई जा रही है उन्हें लूटा जा रहा है। बांग्लादेश में हो रही हिन्दुओं के विरुद्ध हिंसा में इस्कॉन के प्रसिद्ध मंदिर के साथ साथ कम से कम 300 मंदिरों को क्षतिग्रस्त किया जा चुका है, लूटा जा चुका है और आग के हवाले किया जा चुका है। हिंदू अल्पसंख्यकों के बाद सिख, जैन, बौद्ध व अल्पसंख्यक ईसाई समाज के साथ भी अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है।**

# बांग्लादेश हिंसा पर सेक्युलर नेता चुप क्यों हैं



राघवेन्द्र प्रताप सिंह

**बांग्लादेश के उपद्रवियों का मानना है कि वहां के अल्पसंख्यक शेख हसीना के समर्थक रहे हैं और उन्हीं के वोटों से वह बार बार प्रधानमंत्री बनती रही हैं । छात्र आंदोलन को हाईजैक करने वाले इस्लामिक कट्टरपंथी अब हिंदू समाज से बदला ले रहे हैं। बांग्लादेश में छात्र आंदोलनकारी यदि केवल आरक्षण विरोधी आंदोलन कर रहे थे तो वह आंदोलन अब तक समाप्त हो जाना चाहिए था।**

पाकिस्तान के बाद दूसरे पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक समुदाय के साथ लगातार हो रहे अत्याचार और नफरती हिंसा ने दुनिया को झकझोर कर रख दिया है जबकि देश के सेक्युलर नेताओ ने निंदा करने के बजाय पूरी तरह से चुप्पी साध कर बैठ गए हैं। क्या हिंसा का विरोध भारत के सेक्युलर नेता इस लिए नहीं कर पा रहे कि देश के अल्पसंख्यक मुसलमान कहीं उनसे छिटक न जाएं। क्योंकि भारत में तथाकथित सेक्युलर नेताओ की राजनीतिक दुकाने ही उनके बदौलत चल रहीं हैं। लेकिन हिंसा के खिलाफ ऐसे नेताओ की चुप्पी एक बड़ा वर्ग समझ रहा है। बांग्लादेश की घटना ने भारत की उन नेताओ की पोल खोल दी है जो देश में घूम- घूम कर मोहब्बत की दुकान खोलने की बात कर रहे थे। भारत जोड़ों पद यात्रा करने वाले नेता यदि सच बोलने से डरते हैं तो ऐसे नेता से आम अवाम को न्याय की उम्मीद भी नहीं करनी चाहिए। हाल ही में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लिए बांग्लादेश के एक समाचार पत्र में पत्रकार ने जो कुछ लिखा वह दुर्भाग्यपूर्ण है। आज देश में नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली बीजेपी की सरकार है जिसकी विदेश नीति बहुत ही सफल है। मोदी की लोकप्रियता विरोधी पचा नहीं पा रहे इसीलिए अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। अब विरोधी नेताओ द्वारा भारत में भी श्रीलंका और बांग्लादेश जैसी राजनीतिक आस्थिरता की बात कही जाने लगी है विरोधी बीजेपी का विरोध करने के बहाने अल्पसंख्यको को उकसा कर देश विरोधी होने का खुला परिचय दे रहे हैं। ये लोग बार -बार देश में इमर्जेंसी का हवाला देते हैं,प्रधानमंत्री मोदी को तानाशाह कहते हैं नहीं थकते जबकि गैर बीजेपी नेता बेलगाम हो चुके हैं। गैर बीजेपी नेताओ ने पिछले दो दशक में मोदी को क्या कुछ नहीं कहा है। देश के पीएम ने जब कहा कि मै चौकीदार हूं तो सेक्युलर दल और उनके नेता ने चौकीदार चोर है कहकर मोदी पर सीधे निशाना साधा, इस पर मोदी ने कोई टिप्पणी नहीं की है किन्तु देश की जनता ने खुलकर मोदी का समर्थन किया था और गैर बीजेपी नेताओ को सबक भी सिखाया। अब सवाल यह उठता है कि यदि भारत देश में इमर्जेंसी जैसे हालात हैं या होते तो विरोधी दलों के नेताओ की जुबान तल्ख नहीं होती और यदि मोदी वास्तव में ताना होते तो गैर बीजेपी नेताओ की जो हरकतें हैं और एक समुदाय विशेष के वोट को लेकर जिस तरह



**बांग्लादेश में सरकार विरोधी हिंसा अब हिंदू विरोधी हिंसा में परिवर्तित हो चुकी है। बांग्लादेश की हिंसा में साधारण हिंदू जनता से लेकर विकास में अहम भूमिका निभाने वाले हिन्दू फिल्म अभिनेता, गायक, खिलाड़ियों के घरों व संपत्ति को भी नहीं छोडा गया है। बांग्लादेश के लोकप्रिय गायक राहुल आनंद के घर जमकर लूटपाट की गई।**

के अल्फाज़ वे प्रयोग करते आ रहे हैं ये लोग सलाखों के पीछे होते। जिस प्रकार से तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं यह किसी से छिपा नहीं है। क्या ऐसा इमर्जेंसी में होता हैं। मोदी तानाशाह होते तो विरोधी नेता अभद्र टिप्पणी की हिमाकत कर सकता था नहीं। यदि ऐसा है तो वह ताना कैसा जो विरोधियों को सबक न सिखा दे। भारत में भी एक ऐसे तानाशाह की जरूरत है जो वेलगाम नेताओ को कानून के दायरे में रख सके। तथाकथित सेकुलर नेता देश के होकर भी देश के नहीं है,जब विदेश जाते हैं तो अपने ही देश की आलोचना करने से बाज़ नहीं आते। ऐसे नेताओ को सबक सिखाना बेहद आवश्यक हो गया है। नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। दुनिया में भारत का कद बढ़ा है यह जनता भी जान चुकी है किन्तु अपने ही देश के नेता अभी अंजान बने हुए हैं और सरकार के कार्यों की तारीफ करने बच रहे हैं। विरोधियों को पता चल गया है सरकार के जनहित कारी योजनाओं सही कहने का मतलब उनकी राजनीतिक दुकाने हमेशा के लिए बंद हो जाएगी। इसी तरह भारत की बढ़ती ताकत से चीन और अमेरिका को सबसे अधिक खतरा होगा वह हर मौके पर भारत को नुकशान पहुंचाने का असफल प्रयास करते रहे हैं। भारत के पड़ोसी देशों जैसे पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल बांग्लादेश आदि देशों में चीन अपना पांव पसारने पर उतारू है वहीं अमेरिका भी लगातर साजिश करने से बाज़ आ रहा है। भारत जैसे सशक्त देश के साथ भी साजिश हो सकती है यहां जिस प्रकार सेक्युलर दल के नेताओ द्वारा जातीय जनगणना की बात की जा रही है वह समाज तोड़ने के अतिरिक्त और कुछ नहीं है इससे हिन्दू बंट जायेंगे। बीते लोक सभा चुनाव में आरक्षण और संविधान समाप्त करने का अफवाह से हिन्दू मत बिखर गया था यह जान बूझ कर किया गया जिससे मोदी कमजोर हो जाये। अब बांग्लादेश ताजा उदाहरण है जो अन्य पड़ोसी देशों की अपेक्षा काफी सम्पन्न था बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के आरक्षण पर लिए गये निर्णय के बाद शुरूआत छात्र आंदोलन पीएम के इस्तीफ़ा और तख्ता पलट तक पहुंच गया पीएम शेख हसीना को देश से बाहर जाना पड़ा। बांग्लादेश अराजकता की भेट चढ़ गया। अस्थिरता और हिंसा का जो दौर शुरू हुआ तो नुकशान केवल और केवल वहां के अल्पसंख्यक समाज हुआ। आज भी वे असुरक्षित हैं उनके साथ हृदय विदारक घटनाये घटित हुई लूटपाट, माताओ, बहनो की अस्मत सरेआम लूटा गया, उनके घरों व दुकानों को आग के हवाले कर दिए गए। जिस तरह हैवानियत हुई वह शब्दों में वया करना मुश्किल है। वहां बेगुनाहों की वेरहमी से हत्या होना स्पष्ट करता है कि शेख हसीना सरकार तो बस एक बहाना था वास्तव में आतंकियों और कट्टरपंथियों का अल्पसंख्यक समुदाय को ही निशाना बनाना था। बांग्लादेश में हो रहा नरसंहार का संज्ञान क्यों नहीं लिया जा रहा है। सरकार की दुश्मनी अल्पसंख्यक समुदाय से क्यों लिया जा रहा है । बांग्लादेश और पाकिस्तान अल्पसंख्यक समुदाय का जीवन संकट में है। बहादुर व शक्तिशाली नेता प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत में हैं। अब मोहम्मद युनुस प्रधानमंत्री बन गये। सता बदलते ही खालिदा जिया बाहर आ गयी मतलब यह स्पष्ट है कि बांग्लादेश सरकार अमेरिका व पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के षड्यंत्र का शिकार हुई है।

## एक्सप्रेस कविता

*कम ना आंको नारियों की शक्ति को, मां दुर्गा के प्रति इनकी भक्ति को। दुश्मनों का नाश करती मां भवानी अलौकिक अद्भुत है नारी हिंदुस्तानी। घर परिवार मुख्य धुरी है देश की नारी, उसे कभी मत समझो तुम बेचारी। घर हो या बाहर समान है उसकी शक्ति धर्म में उनकी कितनी है भक्ति। बच्चों के प्रति असीम है आसक्ति। घर हो या ऑफिस बराबर की भूमिका निभाती समाज के विकास में भी महिलाएं गजब ऊर्जा दिखलाती, स्कूटर,ऑटो और बस चलाती रेल चला कर, हवाई जहाज उडाती। अद्भुत है नारी शक्ति बुजुर्गों का यह है कहना, महत्वपूर्ण भूमिका निभाती घर का मैदान हो या सेना, अद्भुत है यह नारी शक्ति अटूट है इनमें देशभक्ति। हे देश की नारी मां बहन बेटी हो हमारी तुम्हें है प्रणाम नमन।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*जीवन में धोखा खाना भी बहुत जरुरी है, क्योंकि चलना मां-बाप सीखा देते हैं लेकिन संभलना खुद ही सीखना पड़ता हैं*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितिया 17:07 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वभाद्रपदा 24:25 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | सुकर्माण, 16:58 |
| सूर्योदयः | 05:57 |
| सूर्यास्तः | 18:50 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 12:23-14:00 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

**रहे इतना ध्यान !**

*है सबको अधिकार ।*
*दें अपना बयान ।।*
*पर लगे ना ठेस ।*
*रहे इतना ध्यान ।।*
*है इतिहास गवाह ।*
*बढ़ता है विवाद ।।*
*कर देते हैं ज़ाहिर ।*
*अपना पर अवसाद ।।*
*बहस सकारात्मक तो ।*
*है बढ़ता संवाद ।।*
*उठती है जो बातें ।*
*है रहती वो याद ।।*
*धीरे-धीरे करके ।*
*है लाना बदलाव ।।*
*मिलेगा मुकाम और ।*
*पहुंचेंगे पड़ाव ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सिरदर्द से छुटकारा पाने के लिए रोज करें मार्जरी आसन



**जीवनशैली** में बदलाव के चलते लोगों को कई तरह की मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आज शहरी माहौल में हर व्यक्ति काम में इतना व्यस्त हो गया है कि उसको अपने लिए समय ही नहीं मिलता है। लगातार काम करने और देर रात तक जागने की वजह से लोगों को स्टेस और अनिद्रा की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। समय के साथ स्ट्रेस और सिरदर्द की समस्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यह समस्या धीरे-धीरे शुरु होती है और बाद में किसी गंभीर समस्या का मुख्य कारण बन जाती है। ऐसे में आप योग, मेडिटेशन और ध्यान आदि से सिरदर्द की समस्या को आसानी से दूर कर सकते हैं।

**ब्रेन के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होनाः** मार्जरीआसन से ब्रेन में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में मदद मिलती है, इससे सिरदर्द में आराम मिल सकता है। इस आसन में रीढ़ की हड्डी को मोड़ने और गोल करने की गति से ब्लड सर्कुलेशन बूस्ट होता है, जिससे ब्रेन को रक्त के द्वारा ऑक्सीजन और पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। ब्लड सर्कुलेशन में समस्या के चलते तनाव की वजह से सिरदर्द हो सकता है, जो इस आसन से दूर होता है।

**गर्दन की मांसपेशियों का तनाव कम करनाः** कई बार गलत तरह से बैठने या सोने की वजह से गर्दन, कंधे या ऊपरी पीठ की मांसपेशियों में तनाव की वजह से सिरदर्द की समस्सा हो सकती है। ऐसे में जब आप रोजाना मार्जरी आसन करते हैं तो इससे गर्दन, कंधे और ऊपरी पीठ की मांसपेशियों का तनाव दूर होता है, ऐसे में सिरदर्द में राहत मिलने लगती है।

**स्ट्रेस को दूर करने में सहायकः** स्ट्रेस की वजह से सिरदर्द होना एक आम बात है। इस दौरान आप मार्जरीआसन से पैरासिम्पेथेटिक तंत्रिका तंत्र को सक्रिय कर सकते हैं। इससे आपका मन शांत होता है और स्ट्रेस दूर होने लगता है। इस आसन के नियमित अभ्यास से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है और सिरदर्द में आराम मिलता है।

**मार्जरी आसन करने का तरीका**

इसे करने के लिए आप व्रजासन में बैठें। इसके बाद हाथों को कंधों के बराबर खोलते हुए हथेलियों को जमीन पर रखें। इस दौरान आपकी पीठ जमीन के समांतर आ जाएगी और आप गाय की तरह घुटनों के बल खड़े होंगे। ऐसे में अंदर की ओर गहरी सांस लेते हुए सिर को सीधा करें और रीढ़ की हड्डी को नीचे की ओर झुकाएं। कुछ सेकंड सांस को रोकने के बाद सांस को बाहर निकालें। इस दौरान रीढ़ की हड्डी को ऊपर की ओर ले जाएं और गर्दन को नीचे रखें।

## एक्सप्रेस विशेष

# अंतत: अखंड भारत का सपना होगा साकार



प्रह्लाद सबनानी

**उक्त कई कारणों के चलते भारत को विभाजन की विभीषिका को झेलना पड़ा था और करोड़ों नागरिक इससे बहुत बुरी तरह से प्रभावित हुए थे। वैसे तो भारत को पूर्व में भी खंडित किया जाता रहा है परंतु वर्ष 1947 में हुआ विभाजन सबसे अधिक वीभत्स रहा है।**

**प्रति** वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त 2024 को पूरे भारतवर्ष में 77वां स्वतंत्रता दिवस बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। दरअसल, भारतीय नागरिक 15 अगस्त 1947 के पूर्व अंग्रेजों के शासन के अंतर्गत पराधीन थे एवं 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों के शासन से मुक्त होकर भारतीय नागरिक स्वाधीन हुए। इसलिए इस पर्व को स्वाधीनता दिवस कहना अधिक तर्कसंगत होगा। स्वतंत्र शब्द दो शब्दों से मिलाकर बना है (1) स्व; एवं (2) तंत्र। अर्थात स्वयं का तंत्र, इसलिए स्वतंत्रता दिवस कहना तो तभी न्यायोचित होगा जब स्वयं का तंत्र स्थापित हो। भारत के नागरिकों में आज ÷स्व÷ के भाव के प्रति जागृति तो दिखाई देने लगी है और वे ÷भारत के हित सर्वोपरि हैं÷ की चर्चा करने लगे हैं। परंतु, भारत में तंत्र अभी भी मां भारती के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे कभी कभी असामाजिक तत्व अपने भारत विरोधी एजेंडा पर कार्य करते हुए दिखाई दे जाते हैं और भारत के विभिन्न समाजों में अशांति फैलाने में सफल हो जाते हैं। स्व के तंत्र के स्थापित होने से आश्य यह है कि देश में हिंदू सनातन संस्कृति का अनुपालन सुनिश्चित हो। प्राचीन काल में भारत विश्व गुरु था। आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्रों सहित लगभग समस्त

**राष्ट्रवादी मुसलमानों की उपेक्षा की गई थी एवं उस समय की जनभावना को बिलकुल ही नकार दिया गया था, इसके उदाहरण के रूप में 'वन्दे मातरम' कहने पर अंकुश लगाना एवं राष्ट्रीय ध्वज के रूप में भगवा ध्वज को स्वीकार नहीं करना, का वर्णन किया जा सकता है। और फिर, उस समय विशेष पर भारत का नेतृत्व भी मजबूत हाथों में नहीं था।**

क्षेत्रों में भारतीय सनातन संस्कृति का दबदबा था। भारत को उस खंडकाल में सोने की चिड़िया कहा जाता था। भारत के विश्वविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने के उद्देश्य से पूरे विश्व से विद्यार्थी भारत में आते थे। भारत पर शक, हूण, कुषाण एवं यवन के आक्रमण हुए, परंतु भारत पर उनके कुछ समय के शासन के पश्चात वे भारतीय सनातन संस्कृति में ही रच बस गए एवं भारत का हिस्सा बन गए। परंतु, अरब के देशों से मुसलमान एवं ब्रिटेन से अंग्रेजों के भारत पर चले शासन के दौरान उन्होंने भारतीय नागरिकों का बलात धर्म परिवर्तन करवाया, स्थानीय नागरिकों पर अकल्पनीय अत्याचार किए। भारत के बड़े बड़े प्रतिष्ठानों, मंदिरों एवं ज्ञान के स्थानों को नष्ट किया। अंग्रेजों ने तो भारतीय नागरिकों के साथ छल कपट करते हुए यह भ्रम फैलाया कि अंग्रेजों ने ही भारतीय नागरिकों को जीना सिखाया है अन्यथा भारतीय समाज तो असभ्य, अनपढ़ गंवार था। उन्होंने भारतीय सनातन संस्कृति पर गहरी चोट की। वे भारतीयों में हीन भावना भरने में सफल रहे। भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति को नष्ट किया। गुरुकुल नष्ट किए। अंग्रेजों को नौकर चाहिए थे अतः तात्कालिक शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन किए। इसी प्रकार की शिक्षा प्रणाली देश में आज भी चल रही है, जिसके अंतर्गत शिक्षित भारतीय केवल नौकरी करने के लिए ही उतावाले नजर आते हैं। वे अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के प्रति रुचि ही प्रकट नहीं करते हैं। भारत में उद्योगपति अपने परिवार की विरासत से ही निकले हैं। भारत को आक्रांताओं एवं अंग्रेजों के शासन से मुक्त कराने के उद्देश्य से समय समय पर भारत के तत्कालीन राज्यों के शासकों ने युद्ध भी लड़े एवं अपने स्तर पर उस खंडकाल में सफलता भी अर्जित की। जैसे, शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, राणा सांगा आदि के नाम मुख्य रूप से लिए जा सकते हैं। इसी प्रकार, अंगेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने वाले वीर क्रांतिकारियों में रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद के नाम सहज रूप से लिए जा सकते हैं। स्वाधीनता प्राप्ति के उद्देश्य को लेकर मशाल आगे लेकर चलने वाले कई योद्धाओं में महात्मा गांधी, सरदार पटेल एवं सुभाषचंद्र बोस भी शामिल रहे हैं। इसी समय में विवेकानंद एवं डॉक्टर हेडगेवार ने भी सांस्कृतिक चिंतक के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन सफलतापूर्वक किया था। इस प्रकार, अंततः भारत को 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों के शासन से मुक्ति मिली एवं भारतीय नागरिकों को स्वाधीनता प्राप्त हुई। भारत के लिए यह एक नई सुबह तो थी परंतु यह साथ में विभाजन की त्रासदी भी लेकर आई थी। पूर्व एवं पश्चिमी पाकिस्तान के रूप में एक नए देश ने भी जन्म लिया और इस दौरान करोड़ों नागरिकों ने अपनी जान गवाईं थी। आखिर भारत का विभाजन हुआ क्यों? यदि इस विषय पर विचार किया जाय तो ध्यान में आता है कि दरअसल अंग्रेजों ने यह भ्रम फैलाया कि भारत में आर्य बाहर से आए हैं और इस प्रकार वे भारतीय नागरिकों में मतभेद पैदा करने में सफल हुए। साथ ही, उन्हें भारतीय नागरिकों में यह भाव पैदा करने में भी सफलता मिली कि भारत एक भौगोलिक इकाई है एवं यह कई राज्यों को मिलाकर एक देश बना है जबकि राष्ट्र एक सांस्कृतिक इकाई होती है न कि भौगोलिक इकाई।

# मोहल्ला देवी स्थान व सरैया मण्डी की स्थिति तो बद से बदतर क्षेत्र वासियों का जीना मुहाल





**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**

नगर पालिका की उदासीनता के चलते नगर के अधिकांश मोहल्लेवासी नगर जैसा जीवन जीने को मजबूर है। वही नगर के मोहल्ला देवीस्थान व सरैया मण्डी की स्थिति तो बद से बदतर है।यहां के लोगो को गडढो में सड़क को ढूढना पड़ता है वही अगर हल्की सी बारिश होने पर यह मोहल्ले जलमग्न हो जाते है। मोहल्ला सरैया से शाहजहापुर मार्ग से जोड़ने वाले मार्ग की स्थिति और दयनीय है यह मार्ग साल के 12 महीने जलमग्न रहता है जिस कारण इस मार्ग से निकलने वाले लोगो को भी खासी दुश्वारियो का सामना करना पड़ता है। इसी मार्ग पर कई विद्यालय भी है जिनमें काफी बच्चे पढ़ते है इन बच्चो के



अभिभावक कई बार तो बच्चो को स्कूल पहुंचाने जाते समय इस मार्ग पर गिरकर चुटहिल तक हो गये है। मोहल्ले वासियो द्वारा लगातार नगर पालिका सहित जनप्रतिनिधियो से इस मार्ग के निर्माण के लिये मांग की जाती है। चुनाव आते ही हर प्रतिनिधि इस मोहल्ले की भोली-भाली जनता को सड़क बनाए जाने का सपना दिखाता और अपना उल्लू सीधा कर रफूचक्कर हो जाता है। नगर पालिका परिषद के मौजूदा चेयरमैन ने भी मोहल्लेवासियो को इस सड़क के निर्माण का लालीपाप थमा वोट हासिल कर लिये परन्तु अब जब मोहल्ले वाले इस मार्ग को बनाए जाने की मांग करते है तो नगर पालिका में उनकी कोई सुनने को तैयार नहीं है। कहानी यही पर खत्म नहीं होती चुनाव जीतने के बाद से चेयरमैन का मोहल्लेवासियो ने भव्य स्वागत भी किया। परन्तु पालिका प्रशासन ने इसी मोहल्ले के साथ सौतेला व्यवहार अपनाया। मरर्ग कर निर्माण तो दूर रहा इन मोहल्लो में सफाई व्यवस्था तक बन्द हो गयी। नाले व नालियो का गन्दा पानी सड़को पर बह रहा है परन्तु पालिका प्रशासन पर इसका कोई असर पड़ता नहीं दिखाई दे रहा है। बताते चले कि पिछले वर्ष इसी मोहल्ले में गन्दगी से फैले संक्रमण से नौ बच्चो ने अपनी जान गवा दी थी। नौ बच्चो की मौत के बाद पालिका प्रशासान व स्वास्थ्य विभाग सोते से जागा और दिखावे के लिये नालो व नालियो की सफाई की गयी और मेडिकल कैम्प लगाये गये। जैसे-जैसे स्थिति सामान्य होती गयी वैसे-वैसे सब समाप्त होता गया और पुनः मोहल्ला सरैया गन्दगी की चपेट में समा गया। इस गन्दगी ने डेंगू,मलेरिया, फैलाने वाले मच्छरो को जन्म देना शुरू कर दिया है जिससे इस वर्ष भी सरैया में संक्रमण फैल रहा है। सरैया मोहल्ले में शायद ही कोई ऐसा मकान होगा जिसमें कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित न हो।ऐसा नहीं कि नगर पालिका को इसकी सूचना नहीं है पालिका प्रशासन सहित स्वास्थ्य विभाग भी सब जानता है परन्तु शायद वह भी मौतो के इन्तेजार में है कि मोहल्ले में मौतो का सिलसिला शुरू हो तब सफाई की रस्म अदायगी की जाये।

# किशोरी को अगवाकर सुनसान जगह ले जाकर अश्लील हरकतें करने लगा युवक रिपोर्ट दर्ज

**✻ मेहंदी लेकर वापस घर आ रही थी। थोड़ी दूर पर पहुंचने पर गांव के ही सूरज ने उसकी पुत्री को दबोच लिया**

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** रविवार की देर शाम सिंगाही थाना क्षेत्र के एक गांव में दुकान से मेहंदी लेकर वापस आ रही किशोरी को एक युवक ने अगवा कर लिया और अश्लील हरकतें करते हुए उसे नाले की तरफ सुनसान ले जाकर पर ले जाने लगा। किशोरी के चीखने-चिल्लाने पर आसपास के लोग आ गए। इस पर आरोपी किशोरी को छोड़ कर भाग निकला।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।पीड़ित किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा है।पीड़ित किशोरी की मां ने बताया कि रविवार कि शाम करीब आठ बजे उनकी पुत्री गांव में ही एक दुकान पर मेहंदी का पैकेट खरीदने गई थी। वह मेहंदी लेकर वापस घर आ रही थी। थोड़ी दूर पर पहुंचने पर गांव के ही सूरज ने उसकी पुत्री को दबोच लिया और अश्लील हरकत की। उसे अपनी गोदी में उठाकर नाले की तरफ सुनसान स्थान की तरफ ले जाने लगा। इस पर किशोरी ने शोर मचाया। उसकी आवाज सुनकर लोग मौके की तरफ दौड़ पड़े।
ग्रामीणों और परिवार वालों को आता देख आरोपी किशोरी को छोड़कर मौके से भाग निकला। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। परिवार वाले किशोरी को लेकर थाना पहुंचे। पुलिस को पूरी बात बताते हुए आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़ित किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा गया है।

# रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**

रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प दिलाया। सुबह से ही भाई बहनों के घर जाने के लिए निकल पड़े। इस बार रक्षाबंधन का त्योहार पर सुबह लोगों ने स्नान आदि के बाद तैयार होकर बहनों से कलाई पर राखी बंधवाई। राखी बांधने से पहले बहनों ने भाइयों का मुंह मीठा किया और तिलक लगाया। भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। नगर से लेकर देहात तक मिठाई की दुकानें सज गईं थीं। मिठाई की दुकानों पर भीड़ लगी रही बहनों ने मिठाई और राखी की दुकान पर खरीदारी जमकर की। सुबह बाइक से, बसों से, व अपनी कारों से बहनें भाई के घर गईं। कहीं-कहीं भाइयों ने बहनों के घर जाकर राखी बंधबाई। पूरे दिन रक्षा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों में भी रक्षाबंधन का उल्लास देखने को मिला। भाइयों ने बहनों की लंबी उम्र के लिए दुआ मांगी। रक्षाबंधन का त्यौहार क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हर जगह भीड़ भाड़ रही।भाई की कलाई में राखी बांधी भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन परंपरागत हर्षोउल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई में रेशम का धागा बांध कर भाई शुभ मुहूर्त में राखी बंधवाने अपनी बहनों के घर पहुंचे। जिन भाइयों की बहनों का घर दूर था, वे शुभ मुहूर्त में राखी बंधवाने को बहन के घर पहुंच गए। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रेशम का धागा बांध कर उनके दीर्घ जीवन की कामना की। इस अवसर बहनों ने भाई को तिलक लगाकर उनको मिठाई खिलाईं। भाइयों ने बहनों को रक्षा बांधने के बदले उनकी रक्षा का बचन देकर उन्हें उपहार भी दिए। रक्षाबंधन के खास मौके पर मंदिरो पर भी भाई बहनों की भीड़ भाड़ मौजूद रही। इस अवसर लोग मंदिर जाकर भगवान शिव का पूजन अर्चन किए। मंदिरो पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। राखी के पवित्र त्योहार को श्रद्धा और प्यार से मनाया गया।

# निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रसूलपुर में हुआ



**जन एक्सप्रेस । अमीरनगर खीरी**

क्षेत्र के रसूलपुर गांव में पूर्व प्रधान लुकमान खां के आवास पर मंगलवार को डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल सहदेवा के सौजन्य से निशुल्क आई शिविर में 220 मरीजों का पंजीकरण किया गया। हॉस्पिटल के डॉक्टर अमित राठौर, डॉक्टर भावना ने पंजीकरण मरीजों का चेकअप किया जिसमें 105 मरीज मोतियाबिंद के मिले जिन्हें ऑपरेशन के लिए भेजा गया। 115 मरीज जरनल के जिन्हें दवाइयां वितरण की
गईं। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक सलमान खां हॉस्पिटल के कोऑर्डिनेटर समीर अली, सीतू बाजपेई, मुस्कान मंसूरी, प्रियंका देवी, राधा तिवारी, सोनम तिवारी, शिवानी, अर्शी आदि मौजूद रहीं।

# बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी राखी



**✻ रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ सोमबार को मनाया गया**

**✻ रक्षाबंधन को लेकर हर तरफ चहल-पहल रही**

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**

रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ सोमबार को मनाया गया। रक्षाबंधन को लेकर हर तरफ चहल-पहल रही। भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए बहनें इधर-उधर जाती दिखाई दीं। मिठाई की दुकानों में सुबह से ही जमकर खरीददारी की गई।इस मौके पर बहनों ने भाइयों को राखी बांधकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। रक्षा बंधन के अवसर पर मिठाइयों की दुकानों को दुल्हन की तरह सजाया बया था।
इस मौके पर मिठाइयों के साथ-साथ ड्राई फूट बर्फी की जमकर खरीददारी की गई. इसके अलावा मिठाई की दुकानों में विशेष पैकिंग के साथ मैंगो जूस, चॉकलेट, ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र रही।
कम दाम में आकर्षक पैकिंग के साथ तरह-तरह की गिफ्ट कंफेक्शनरी की दुकानों उपलब्ध थीं।
दुकानदारों ने बताया कि मिठाई की अपेक्षा ड्राई फूट, चॉकलेट की मांग ज्यादा रही।।

# कुएं में डूबने से युवक की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

बकरियों के लिए घांस लेने गए थाना मितौली क्षेत्र के एक गांव के युवक का गन्ने के खेत में स्थित कुएं में शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मितौली पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा है।मितौली कस्बा निवासी रहीस अली का 21 वर्षीय पुत्र मेराज अहमद घर से बोरी लेकर घास लेने खेतों की तरफ गया था। जब वह देर तक घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने तलाश शुरू कर दी। इस दौरान उन्हें जानकारी मिली कि मेराज अहमद को गढ़ी के पास खेतो में देखा गया था। जब कच्चे रास्ते पर लोगों ने खोजना शुरू किया तो मोहसिन मियां के खेत पास उसकी बोरी पड़ी मिली। खेत मे खोजना शुरू किया तो खेत मे एक समतल कुआं था, जिसमें उसका शव पानी में उतराता दिखा।
शव कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई।
परिवार वालों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आशंका जताई जा रही है कि युवक का घास लेने के दौरान पैर फिसल गया, जिससे वह कुएं में गिर गया और उसकी डूबने से मौत हो गई।

# कच्चे धागों में गूंथे गए प्यार भरे पक्के संकल्प, माथे पर लगाया तिलक, कलाइयों पर बांधी राखी





**हर ओर दिखा जाम का झाम---**

अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए दूर-दराज ससुराल से भी बहनें मायके पहुंची थीं। कहीं भाइयों ने भी उनकी ससुराल जाकर राखी बंधवाई। इससे सड़कों पर भी खूब चहल-पहल रही। शहर से लगायत ग्रामीण अंचल तक की सड़कों पर पूरे दिन जाम का झाम रहा। वाहनों में जाती भीड़ पर्व की व्यस्तता का प्रमाण दे रही थी।

**जन एक्सप्रेस । रियासत अली सिद्दीकी**

**सीतापुर।** भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के पवित्र प्रेम और रिश्तों की प्रगाढ़ता का अनूठा पर्व रक्षा बंधन सोमवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को रेशम के कच्चे धागों में घर-घर में सच्चे संकल्प गूंथे गए। बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधी, रक्षा का वचन लिया, मिठाइयां खिलाईं और उपहार पाकर गदगद हुईं। सुबह से ही भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक इस अनूठे पर्व रक्षाबंधन का हर्षोल्लास हर चेहरे पर झलक रहा था। तड़के से ही पर्व की हलचल घरों व गली चौबारों में महसूस की जाने लगी थी। बहनों ने स्नान व पूजन करने के बाद राखी की थाल सजाई। भाइयों के माथे पर रोली-चंदन, अक्षत का टीका किया और कलाई पर सुरक्षा की गुहार और वचन में लिपटी राखी सजा दी। भाइयों ने संकल्प निभाने के वादे के साथ उपहार भी भेंट किए। पर्व को लेकर बच्चों में खूब उत्साह रहा। रंग-बिरंगे परिधान पहने व उपहार पाकर वे निहाल हो रहे थे। गांव हों या शहर, हर घर, गली, चौबारे में राखी की धूम चहक रही थी। जो बहनें दूर थीं, वे भी अपनी ससुराल से अपने भाइयों के पास पहुंचीं और उन्हें राखी बांध रक्षा का वचन लिया। रक्षाबंधन को लेकर बाजार में विशेष चहल पहल देखी गई। बाजार में जगह जगह रखी और मिठाइयों की दुकानें सजी थीं। बहने दुकानों में राखी खरीदती नजर आई। राखी बाजार में इस वर्ष अधिकांशतः देसी राखी ही बिक्री होती दिखी। अधिकांश लोग सितारा और नग वाली राखी खरीदते देखे गए। इस बार में पूर्व की भांति चाइनीज राखी बाजार से गायब दिखी।

# शौच को गई दलित बच्ची के साथ दरिंदगी केस दर्ज




**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**

क्षेत्र के एक गांव मे गन्ने के खेत पर एक दलित बच्ची अपनी बड़ी बहन के साथ शौच करने गई थी। जहां मौजूद युवक ने उसके साथ दरिंदगी कर हवस का शिकार बना डाला पीड़िता ने खेत से बाहर निकल कर आने पर रोते देखकर पूछने पर पूरा वाक्या बता देने पर आरोपी जान से मार डालने की धमकी देकर चला गया। पीड़िता की शिकायत पर घटना के दूसरे दिन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।पीड़िता की मां ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया रविवार शाम 3 बजे उसकी 11 वर्षीय पुत्री अपनी चचेरी बहन के साथ शौच करने पड़ोस विनोद के गाने के खेत में गई थी।तभी वहां खेत पर मौजूद गांव के बिंद्र यादव मुंह में कपड़ा ठूंस कर अंदर घसीट ले गया था। जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म कर छोड़ कर भाग निकला बाहर आकर बच्ची ने अपनी बहन को घटना की जानकारी थी। जिससे उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर जाकर उसने पूरा वाक्या उसकी मां को बताया था। मां की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को दुष्कर्म करने वाले आरोपी के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत संगीन धाराओं में केस दर्ज कर मामले की विवेचना सी ओ अरुण कुमार सिंह को सौंपी गई है।

# खोए हुए बच्चों को मिलवाया चौकी इंचार्ज कफारा अजय सिंह

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

थाना धौरहरा चौकी कफारा बीते वर्तमान समय की बात है जहां पर दो बच्चों को मिलवाया अपने माता-पिता से चौकी इंचार्ज कफारा अजय सिंह व नवीन हेड कांस्टेबल की मेहनत के चलते खोए हुए बच्चों को मिलवाया अपने माता-पिता से वही बात की जाए तो ज्यादा खोजबीन करने पर पता चला कि लहबडी निवासी कदीर उस्मानी के बच्चे निकले चौकी इंचार्ज कफारा ने तत्काल लहबडी सूचना दी कि अपने बच्चे चौकी कफारा से ले जाऐ वही बात की जाए



तो क्षेत्र में चौकी इंचार्ज कफारा ने जबसे कमन संभाली है तभी से लोगों मे एक शांति व्यवस्था बनी है और अपराधियों में एक खौफ बनी रहती है।

# अमर शहीद अल्लामा फ़ज़ले हक़ खैराबादी की 163 वीं पुण्य तिथि मनाई गई, अल्लामा की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता है: शोएब मियां

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

**खैराबाद।** स्थानीय मदरसा अल्लामा फजले हक खैराबादी मेमोरियल कॉलेज में 1857 के अमर शहीद मर्दे मुजाहिद जलील हज़रत अल्लामा फजले हक खैराबादी अलैहिर्रहमा की 163 वीं पुण्य तिथि पर मदरसा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इससे पूर्व बच्चों एवं शिक्षकों ने प्रभात फेरी निकाल कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई प्रभात फेरी में नारे भी लगा रहे थे जिसमे अल्लामा फजले हक़ अमर रहे मंगल पांडेय अमर रहे राजा हर प्रसाद अमर रहे के सुभाष चंद्र बोस अमर रहे केजोशीले नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा सबसे पहले बच्चे अल्लामा फजले हक़ स्मारक पर पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर बच्चों एवम उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए संस्था के प्रबंधक नजमुल हसन शोएब मियां ने कहा कि अल्लामा फजले हक़ अलैहिर्रहमा की 1857 की कुर्बानी को कभी



फरामोश यानी भुलाया नही जा सकता पर अफसोस है कि आज हमारी तारीख अर्थात इतिहास में कहीं भी आपका नाम तक नही दर्ज है। संस्था के संस्थापक क़ाज़िम हुसैन ने अपने एक बयान में कहा कि मालूम हो कि 1857 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद अल्लामा फजले हक खैराबादी ने अंग्रेजों के खिलाफ जेहाद का फतवा दिया कि अंग्रेजों हिन्दुस्तान छोडो इसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोग घरों से बाहर निकल करअंग्रेजों से युद्ध करने मैदान में आ गए जिसमे सैकड़ों की तादाद में उलमाए किराम मौलानाओं को क़त्ल कर दिया गया और आपको गिरफ्तार करके मुक़दमा चलाया गया 1859 में आपको काले पानी की सज़ा देते हुए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के क़ैद खाने में काले पानी की सज़ा बोलते हुए क़ैदख़ाने में डाल दिया गया जेल यानी बैरक की हालत ये थी कि न सीधे खड़े हो सकते न लेट सकते थे इतनी सख़्त सज़ा दी गई तत्पश्चात 20 अगस्त 1861 को आप की मृत्यु उसी क़ैदख़ाने में हो गई। कार्यक्रम संचालक प्रधानाचार्य एहतिशाम आलम ने कहा कि अल्लामा साहब के नाम से इस संस्था को कायम किया गया क्योंकि शिक्षा के द्वारा ही सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जा सकती है। भी थे, अफ़सोस कि आज उन्हीं का नाम इतिहास के पन्नों से गायब कर दिया गया है इस मौके पर मदरसे के शिक्षको में अब्दुल हफ़ीज़, हाफ़िज़ मुशीर, सिराज अहमद, कामरान खान, उमैर आज़ाद, अकील अहमद मुन्ना तथा समस्त स्टाफ ने प्रतिभाग किया अन्त में अब्दुल हफीज ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग रहा मदरसा से स्मारकों तक बच्चों की सराहना और सुरक्षा दोनों कार्यों में सहयोग प्रदान किया।

## आगामी त्यौहारों के चलते कोतवाली गोला मे पीस कमेटी की बैठक

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी।** आगामी जन्माष्टमी व चालिसवॉ और चेहल्लुम का त्यौहार के चलते गोला



थाने मे पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।मालूम हो की आगामी कृष्ण जन्माष्टमी व चालिसवां ताजिया के चलते गोला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद पांडेय एवं नायब तहसीलदार की अध्यक्षता मे पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे हिन्दू मुस्लिम संप्रदाय के धर्म गुरुओ व ग्राम प्रधान गणमान्य नागरिको के सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे। पीस कमेटी मे आये हुये लोगो ने दोनो त्योहारो को सकुशल मनाने की अपील की। पीस कमेटी की बैठक में लालपुर प्रधान बहुत मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरी श्रीकांत तिवारी पारस प्रसाद मिश्रा नानक चंद वर्मा सभासद रियाज खान सभासद बालकृष्ण गुप्ता गोपाल कृष्ण शुक्ल तमाम ग्रामीण क्षेत्र से आए मौलवियों शहीद पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतू जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक

**जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर**

**सीतापुर।** मा.जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर श्री मनोज कुमार-III के निर्देश पर अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14.09.2024 के सन्दर्भ में समस्त बैंक अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक नवीन सभागार जनपद न्यायालय परिसर सीतापुर में आहूत की गयी। आहूत बैठक में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, अपर जिला जज श्री भगीरथ वर्मा की अध्यक्षता में आहूत की गयी। अपर जिला जज, सचिव, द्वारा उपस्थित समस्त बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह सभी अपनी-अपनी बैंक से सम्बन्धित समस्त सम्मन नोटिस समय से कार्यालय को उपलब्ध करा दें, जिससे कि समस्त सम्मन नोटिस पर समय से हस्ताक्षर किये जा सके और उन्हें तामीला हेतु भेजा जा सके। उक्त



आयोजित बैठक में भारतीय स्टेट बैंक सीतापुर की ओर से कोई उपस्थित नही आया और न ही उनकी तरफ को अनुपस्थित के सन्दर्भ में कोई पत्राचार किया गया। बैठक में अनुपस्थिति के सन्दर्भ में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा नोटिस तलब किये जाने हेतु सचिव, को आदेशित किया गया है।
इसी क्रम में पुलिस विभाग व विकास अधिकारी तथा राजस्व विभाग द्वारा नामित नोडल अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु एक बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, अपर जिला जज श्री भगीरथ वर्मा की अध्यक्षता में आहूत की गयी। अपर जिला जज, सचिव, द्वारा उपस्थित नोडल अधिकारियों को अपना सहयोग प्रदान किये जाने हेतु वार्ता की गयी और आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक-14.09.2024 को सफल बनाये जाने हेतु अधिकतम प्रयास किये जाये।

# सीएम योगी ने किया रोड़ टू स्कूल का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी समर्थ और सशक्त राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि शिक्षा होती है। उन्होंने इसे एक सभ्य, समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की बुनियाद और बुनियादी जरूरत बताया। मुख्यमंत्री ने यह बात गोरखपुर के चरगांवा ब्लॉक में ÷निपुण भारत मिशन÷ के तहत प्रदेश में 'रोड टू स्कूल' प्रोजेक्ट के शुभारंभ के अवसर पर कही।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि शिक्षा से व्यक्ति आत्मनिर्भर बनता है, जो समाज और राष्ट्र की आत्मनिर्भरता में योगदान करता है। उन्होंने कहा कि अगर व्यक्ति आत्मनिर्भर होगा तो भारत को विश्व की सबसे बड़ी ताकत बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने प्राचीनकाल में गुरुकुल प्रणाली और तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, काशी, कांचीपुरम जैसे शिक्षा केंद्रों की ख्याति का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को आजादी मिलने के बाद भी शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत बनाने के प्रयास हुए, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में बड़ी संख्या में बच्चों का ड्रॉपआउट होना एक गंभीर समस्या थी। योगी ने बताया कि 2017 के पहले, कई बच्चे स्कूल नहीं जाते थे, और कक्षा पांच और आठ के बाद एडमिशन नहीं लेते थे। लेकिन 'स्कूल चलो अभियान' और शिक्षकों की सक्रिय भूमिका के कारण अब यह समस्या काफी हद तक दूर हो गई है। इस अभियान के परिणामस्वरूप 2017 के बाद परिषदीय विद्यालयों में 50 से 60 लाख नए बच्चों का नामांकन हुआ है। कोरोना महामारी के बावजूद भी इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 1.34 करोड़ से बढ़कर 1.92 करोड़ हो गई है।



### बच्चों के उज्जवल भविष्य से ही उज्जवल होगा भारत का भविष्य

सीएम योगी ने 'रोड टू स्कूल' प्रोजेक्ट को एक अभिनव पहल बताते हुए कहा कि जब हम बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाएंगे, तो भारत का भविष्य उज्ज्वल बनाने में सफल होंगे। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य बच्चों को स्कूल लाने, उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और कला कौशल में उनकी प्रगति की मॉनिटरिंग करना है। इसके पहले चरण में चरगांवा ब्लॉक के 78 परिषदीय विद्यालयों को शामिल किया गया है, जिससे 17,781 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। योजना के दूसरे चरण में भटहट ब्लॉक के 90 परिषदीय विद्यालयों के 16,434 छात्रों को इस प्रोजेक्ट का लाभ मिलेगा। इस पहल के माध्यम से बच्चों का नामांकन बढ़ाने, ड्रॉपआउट रोकने, शिक्षा में अभिरुचि बढ़ाने, स्वास्थ्य देखभाल करने और खेल एवं कौशल के क्षेत्र में प्रगति सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### शिक्षक नये भारत के निर्माता

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को नए भारत का निर्माता बताते हुए उन्हें स्वयं को ज्ञान के विभिन्न आयामों से अपडेट रखने का आह्वान किया, ताकि वे बच्चों को योग्य नागरिक बना सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने विषय के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों की भी जानकारी रखें, ताकि वे बच्चों को कुशल और आत्मनिर्भर बना सकें। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 'रोड टू स्कूल' प्रोजेक्ट के साथ मिलकर इस महत्वपूर्ण पहल को शुरू करने के लिए अशोक लीलैंड लिमिटेड और लर्निंग लिंक फाउंडेशन को धन्यवाद भी दिया।

# रक्षाबंधन की रात भाई-बहन की संदिग्ध मौत

✱ रात को खाए समोसा, पनीर की सब्जी, सुबह तोड़ा दम

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर में रक्षाबंधन पर भाई-बहन की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। आशंका है कि दोनों की मौत फूड प्वाइजनिंग से हुई है। दोनों रात समोसा व पनीर की सब्जी खाकर सोए थे। मंगलवार की सुबह दोनों की हालत एक-एक करके बिगड़ती चली गई। जब तक परिवार के लोग उन्हें अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान,दोनों की मौत हो गई।

घटना गीडा इलाके की है। सूचना पाते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल पूरी करने के पश्चात पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक युवक का नाम विकास उम्र 15 साल थी। जबकि युवती का नाम पूजा उम्र 21 साल थी। युवती की शादी हो चुकी है। दोनों सिकरीगंज इलाके के रहने वाले थे और गीडा इलाके में किराए का कमरा लेकर रहते थे।

### मां संग किराए के घर में रहते थे भाई बहन

एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि सिकरीगंज इलाके के कटघरा की



रहने वाली सीमा पत्नी दूधनाथ यहां गीडा इलाके के बांसपर निवासी गंगापांडे के मकान में पिछले 12 वर्षों से किराए का कमरा लेकर रहती हैं। उनके साथ उनकी बेटी पूजा व बेटा विकास भी रहते थे। जबकि उनके पति दूधनाथ पंजाब में रहकर मजदूरी करते हैं।

### रात 3 बजे शुरू हुआ उल्टी दस्त

सीमा यहां गीडा पारले फैक्ट्री में मजदूरी करती हैं। सोमवार की रात में 3 बजे के करीब विकास को अचानक उल्टी दस्त की शिकायत हुई। उसे लेकर उसकी मां चौराहे पर एक बंगाली डॉक्टर के यहां पहुंची और दवा ली। लेकिन इससे कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद मां बेटे को लेकर जिला अस्पताल जाने लगी। तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके थोड़ी देर बाद पूजा की तबीयत भी बिगड़ने शुरू हुई और उसने भी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

### फूड प्वाइजनिंग की आशंका

परिवार के लोगों ने बताया रात में घर में पनीर की सब्जी बनी थी जिसे भाई बहन ने खाया था। मां की तबीयत ठीक ना होने से उसने खाना नहीं खाया था। खाना खाने से पहले पूजा और विकास ने जिस दुकान से पनीर खरीदा था, वहीं से समोसा भी खरीद कर खाया था। ऐसे में आशंका है कि फूड प्वाइजनिंग के वजह से ही दोनों की मौत हुई है।

### दोनों दुकानों की जांच करेगा फूड डिपार्मेंट

गीडा पुलिस ने पनीर की सब्जी और जिस दुकान से पनीर और समोसा लिया गया था, वहां सैंपलिंग भी कराई है। खाद्य और औषधि विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। टीम जिस दुकान से पनीर और समोसा लिया गया था उसकी और दवा करने वाले बंगाली डॉक्टर की दुकान की जांच करेगी।

# सिद्दत के साथ याद किए गए स्वर्गीय व्यास मुनि पांडे

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



महात्मा गांधी इण्टर कालेज सखवनियां के पूर्व प्रवक्ता एवं पत्रकार स्वर्गीय व्यासमुनि पाण्डेय जी की दसवीं पुण्यतिथि बहुत ही शिद्दत के साथ स्वर्गीय वंशराज सिंह मेमोरियल स्कूल सखवनियां में मनाई गई विदित हो कि स्वर्गीय पाण्डेय बंसराज सिंह मेमोरियल के स्कूल के संस्थापक भी रहे हैं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक कुशीनगर रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय पाण्डेय एक विनम्र स्वभाव के शिक्षक थे शिक्षा दान के साथ - साथ वह समाज सेवा भी किया करते थे कोई भी अपनी समस्या लेकर उनके पास पहुचता था तो वह उस समस्या को अपनी समस्या समझकर उसे जबतक सुलझा नही देते थे तबतक शान्त नही बैठते थे। अपनी इसी गुण के कारण उन्होंने जन-जन में अपना स्थान बना लिया था।इस पुण्यतिथि में लोगों की उपस्थिति ही उनके स्नेह समर्पण व लोकप्रियता को प्रदर्शित कर रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में महात्मा गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज सखनियां के प्रधानाचार्य कैप्टन चंद्रभूषण सिंह ने कहा कि स्वर्गीय पाण्डेय जी एक अच्छे शिक्षक के साथ एक अच्छे सलाहकार भी थे पाण्डेय जी के कार्य व अनुभव से सभी शिक्षक गण व प्रबंधक सहित विद्यालय के कर्मचारी गण नई दिशा मे कार्य कर रहे हैं जिससे विद्यालय प्रगति के पथ पर है।हम उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। राष्ट्रीय सहारा के जिला प्रभारी मिथिलेश्वर पाण्डेय राष्ट्रीय शैक्षणिक संघ के मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला संजय चाणक्य ज्योतिभान मिश्रा प्रवक्ता नवनाथ दुबे शैलेश उपाध्याय अजय मिश्रा शिक्षक संजय यादव आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष हरेंद्र किशोर तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय पाण्डेय जी समय के पक्के थे कब कौन कोई भी कार्य समय से करते थे और सभी को अपने सभी कार्य समय से निपटाने कि सलाह भी देते थे।संचालन बरिष्ठ अधिवक्ता व पत्रकार व कुशीनगर सिविल कोर्ट वार एसोशिएशन कसया के अध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय ने किया। स्वर्गीय पाण्डेय के पुत्र पत्रकार कृष्णमोहन पाण्डेय ने सभी आगन्तुक के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोक सिंह फैजुल हक केदार चौधरी रामचन्द्र कुशवाहा कृष्णकांत चौबे राज पाठक परमेश्वर यादव उमर फारूख हृदयानन्द शर्मा अरुण चौबे राजकुमार पाण्डेय शंभूनाथ पाण्डेय रामायण यादव पूरन सिंह फौदी सिंह चौथी कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन कार्यालय वेयरहाउस में रखे गए ईवीएम तथा वीवीपीएटी मशीन का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की संख्या एवं उनकी स्थिति, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया।

डीएम ने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। डीएम ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा गाड्र्स की शिफ्टवार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिऊ।

# भाई बहन के अटूट विश्वास को दर्शाता है रक्षाबंधन

जन एक्सप्रेस। गोला गोरखपुर

गोला क्षेत्र में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जहां बहनों ने भाईयों को राखी, रक्षासूत्र बांधकर, रोली, अक्षत से तिलक लगाकर आरती उतारकर उनके दीर्घायु की कामना के साथ पर्व को उत्साह पूर्वक मनाया वहीं भाईयों नें भी बहनों को मिठाई खिलाकर और उपहार भेंट कर अपने रिश्ते को कायम रखने का संकल्प दोहराया। इस दौरान रक्षासूत्र बांधते हुए बहन रीता, नीरा व सीमा सिंह ने कहा कि यह त्योहार अपने आप में एक अनूठा त्योहार है। जिसमें भाई को स्नेह के सूत्र में बांधने वाली यह बहुत ही मर्मस्पर्शी रस्म है। यह अद्भुत परम्परा से भाई अपने हृदय में अपनी बहन के प्रति स्नेह को सहर्ष ही स्वीकार कर लेता है। वहीं भाई दीपक सिंह ने कहा कि यदि सब लोग आज के पर्व को केवल एक दिन तक सीमित न रखकर ऐसा विचार करें, कि हमें यह रक्षा का वचन आजीवन निभाना है, तो देश दुनिया में बहुत अधिक शांति एवं निर्भयता होगी, और यह धरती स्वर्ग बन जाएगी। रक्षाबंधन को 'विषतोड़क पर्व' 'पुण्य प्रदायक' पर्व भी कहा जाता है।रक्षासूत्र मात्र एक धागा नहीं बल्कि शुभ भावनाओं व शुभ संकल्पों का पुलिंदा है। यही सूत्र जब वैदिक रीति से बनाया जाता है और भगवन्नाम व भगवद्भाव सहित शुभ संकल्प करके बाँधा जाता है तो इसका सामर्थ्य असीम हो जाता है। प्रतिवर्ष श्रावणी-पूर्णिमा को रक्षाबंधन का त्यौहार होता है, इस दिन बहनें अपने भाई को रक्षा-सूत्र बांधती हैं।

# अप्रवासी भारतीय ने रक्षा बंधन पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

बड़हलगंज विकासखंड क्षेत्र के



पोहिला गांव निवासी अप्रवासी भारतीय डॉक्टर सत्यप्रकाश तिवारी ने सिंगापुर में रहने के बावजूद भी अपने देश भारत के सभी देशवासियों को सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं दी. उन्होंने रक्षा बंधन के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देकर पवित्र रिश्ते को और मजबूत कर दिया. डॉक्टर तिवारी ने कहा कि हिन्दू धर्म संस्कृति के प्रति यह पवित्र त्योहार रिश्तों में मिठास और लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य लाएगा।रक्षा बंधन सबसे अधिक प्रिय भारतीय त्योहारों में से एक है। यह भाई-बहनों के बीच के आनन्दपूर्ण बंधन का उत्सव है। छोटे-छोटे गहनों के साथ रंग-बिरंगे धागे रिश्ते की भावनाओं का प्रतीक है तथा भाई-बहनों के बीच संबंध की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि प्रिय मित्र, जो मेरे लिए भाई-बहन की तरह हैं, हमारी दोस्ती हर गुजरते दिन के साथ और मजबूत होती रहे। आपको हंसी और सुखद क्षणों से भरे रक्षाबंधन की शुभकामनाएं . उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन के इस पावन दिन पर प्रेम का धागा हमें भाई-बहन के बीच के शाश्वत बंधन और एक-दूसरे की रक्षा और देखभाल के महत्व की याद दिलाए। रक्षा बंधन सिर्फ एक पर्व तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भाई और बहन के बीच असिमित प्यार का प्रतीक है, जो कि इस संबंध को और गहरा करने का काम करता है।

# कोलकाता की घटना को लेकर युवाओं ने कैंडल मार्च निकाल जताया विरोध

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज




कोलकाता में हुई महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी के विरोध में कोल्हुई क्षेत्र के रुद्रपुर शिवनाथ में युवाओं ने कैंडल मार्च निकाला और उन्होंने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में युवाओं ने बीते दिन रुद्रपुर शिवनाथ में कैंडल मार्च निकालकर युवाओं ने कोलकाता में हुई जघन्य अपराध को लेकर सरकार का विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान युवाओं ने कहा कि कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ हुई रेप और हत्या की घटना ने पूरे देश में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। इस घटना के विरोध में पूरे देश में कैंडल मार्च निकाला जा रहा है। इस दौरान सभी ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग किया। महिला डॉक्टर के साथ हुई घटना को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व प्रधान प्रतिनिधि शमसुद्दीन अंसारी,जितेंद्र कुमार, परवेज खान,किफायतुल्लाह,शनि पासवान,रेहान शेख,अरबाज शेख,सलमान खान , आदि मौजूद रहें।

# खाद्य विभाग ने मिठाई की दुकानों पर की छापेमारी, जांच के लिए भेजे नमूने

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

सहायक आयुक्त खाद्य व खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन प्रदीप कुमार राय ने बताया कि पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने हेतु एवं मिलावटी खाद्य पदार्थो के विरूद्ध विशेष जांच अभियान के तहत मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में जिले के पकड़ियार बाजार तहसील पडरौना में स्थित- आयुष स्वीट, राम किशुन कुशवाहा की मिठाई की दुकान, पन्नेलाल मिठाई की दुकान, मग्नू स्वीट प्रोपराइटर मगनू, मां शारदा किराना स्टोर व मिठाई सप्लायर, प्रोपराइटर महात्मा की प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया, दुकानों से प्राप्त जानकारी के आधार पर क्षेत्र में मिठाई सप्लाई प्रतिष्ठान मेसर्स मौसम बहार, पकड़ियार बाज़ार राकेश कुमार के यहां छापामार कर निरीक्षण किया गया और संदेह के आधार पर डोडा बर्फी का नमूना लिया गया। अभियान के अन्तर्गत कुल-5 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 1 नमूना लिये गये। नमूने जॉच हेतु प्रयोगशाला भेज दिये गये है। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त सम्बन्धित खाद्य



कारोबारकर्ता के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी। उक्त दुकानदारों तथा अन्य को स्वच्छता व हाईजीन व रख-रखाव और मिठाईयों मे खाद्य रंग की मात्रा कम से कम प्रयोग करने की जानकारी व निर्देश दिये गये। यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। छापेमारी टीम में कन्हैया लाल वर्मा, विजय कुमार यादव, पवन कुमार गोंड, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सम्मिलित रहे।

# एसपी ने की मासिक बैठक में अपराध गोष्ठी दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



पुलिस लाइन सभागार में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने मंगलवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा की।गोष्ठी के प्रारंभ में सैनिक सम्मेलन में प्रत्येक थानों से आये दो-दो पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें कर्मचारीगण द्वारा पूर्व में बतायी गई समस्याओं के निराकरण की जानकारी लिए तथा त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये ।सभी थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थों से प्रतिदिन वार्ता कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया । गोष्ठी में भादवि के अपराध, महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति से संबंधी अपराध व निरोधात्मक कार्यवाही की मासिक समीक्षा व प्रगतिशील सूचना के संबंध में दिशा निर्देश दिया।

*गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने अभियोगों की समीक्षा व थानों पर लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण,वांछित अभियुक्तों, पुरस्कार घोषित अपराधियों, वारण्टियों की गिरफ्तारी, शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण तथा पूर्व की लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण की समीक्षा की।बरामदगी हेतु शेष अपहृत,अपहृता की समीक्षा की एवं गुमशुदा बच्चों की सूची बरामदगी अभी भी शेष है कि समीक्षा की और उनके मिशन मोड़ पर निस्तारण हेतु चिन्हित अभियोगों में कृत कार्यवाही की समीक्षा की। आपरेशन कन्विक्शन शिकंजा के अन्तर्गत चिन्हित अभियोगों के पैरवी की स्थिति की समीक्षा की गई।ऑपरेशन दृष्टि/ऑपरेशन त्रिनेत्र के दृष्टिगत समस्त थाना क्षेत्रों में संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले जगहों पर सीसीटीवी आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति और कानून व्यवस्था की समीक्षा।जनपद मे आपरेशन त्रिनेत्र के तहत हर चौराहों पर लगे कैमरे का चेक करने हेतु निर्देशित किया ।

आगामी पुलिस परीक्षा-2023 को सकुशल को सम्पन्न कराने हेतु तैयारीयों की समीक्षा के साथ साथ कड़े निर्देश दिए हैं।पुलिस अधीक्षक द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गोष्ठी में चर्चा करते वक्त थानों पर बीपीओ के साथ साप्ताहिक मीटिंग करने एवं क्षेत्र के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया। स्र्द्धक्रतथा आइजीआरएस फीडबैक के मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जिन प्रकरण में आईजीआरएस के प्रकरण गंभीर होते हैं उन प्रकरणों में थानाध्यक्ष स्वयं जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

### सिधुवाँ बाजार का मुख्य मार्ग हुआ तालाब में तब्दील, जिम्मेदार नहीं लेते संज्ञान

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। पडरौना कठकुईया रोड स्थित प्रसिद्ध सिधुवां स्थान बाजार में मेन रोड़ तालाब में तब्दील हो गया है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रहे हैं।दो पहिया , तीन पहिया वाहन सवार पलट जा रहे है यात्रियों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वही महा पर्व रक्षा बंधन के दिन यहाँ किचड़ मे गिरने से कितने भाई बहनों का पर्व फिका पड़ गया । फिर भी इससे संबंधित जिम्मेदारो का कोई ध्यान नहीं है जबकि सिधुवा स्थान बाजार स्वतंत्रता सेनानी का गांव है। यहां पर दो स्वतंत्रता सेनानी रह चुके हैं। लेकिन यहां सड़कों की मरम्मत पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। आए दिन लोगों को तालाब में तब्दील सड़क से मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय यात्री तो किसी तरह बच बचाव से निकल जा रहे हैं। लेकिन दूर दराज से आए हुए यात्रियों को पानी भरा होने वजह से अंदाज़ नही मिल पा रहा है गाड़ियां पलटी मार रही हैं तथा लोग वहां से बाइक टेंपो से गिर रहे हैं।

# दुकानदार द्वारा उधारी मांगने पर युवक ने मारा चाकू

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर में एक युवक ने दुकानदार को चाकू मार दिया जिससे दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। दुकानदार का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने युवक से अपनी उधारी मांग ली। फिर क्या था युवक इतने में बौखला गया और दुकानदार पर चाकू से हमला कर दिया। दुकानदार के गर्दन और शरीर पर गंभीर चोटें आईं हैं।

घटना जनपद के गगहा थाना क्षेत्र के गजपुर मार्ग के गंभीरपुर गांव की है। वहीं घटना के बाद आरोपी युवक फरार हो गया। घायल दुकानदार को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस । गगहा थाना प्रभारी राजमणि शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

उधारी मांगने पर बौखला गया युवक गगहा गजपूर मार्ग के गंभीरपुर गांव के पास बांकेलाल गुप्ता की एक किराने की दुकान है। मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे गंभीरपुर गांव का रहने वाला सूरज सिंह सामान लेने के लिए उनकी दुकान पर पहुंचा। सूरज का बांकेलाल की दुकान पर पहले से कुछ पैसा उधार था तो उन्होंने सामान देने से मना कर दिया और अपना उधार पैसा मांगने लगा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इतने में सूरज सिंह बौखला गया और गुस्से में गाली देते हुए दुकानदार बांकेलाल के गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया।

# डीएम ने आवासीय एवं कृषि भूमि के सर्किल रेट निर्धारण आपत्ति निस्तारण हेतु की बैठक

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आवासीय एवं कृषि भूमि के सर्किल रेट निर्धारण के लिए प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के क्रम में सभी पक्षकारों के साथ बैठक आयोजित की गई। डीएम ने सर्किल रेट में तर्कसंगत वृद्धि करने के निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि गत चार वर्षों से सर्किल रेट में किसी भी तरह की वृद्धि नहीं हुई है, जबकि भूमि के बाजार मूल्य में वृद्धि देखी जा रही है। सर्किल रेट में पूर्व में हुए बढ़ोत्तरी तथा वर्तमान बाजार दर के दृष्टिगत तर्कसंगत वृद्धि की जाए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय ने बताया कि सदर



तहसील में चार, रुद्रपुर में दस, भाटपाररानी में सात तथा बरहज में दो आपत्तियां प्राप्त हुई। सलेमपुर तहसील से कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। डीएम ने सभी तहसीलों एवं कलेक्ट्रेट के अधिवक्ता संगठनों को मौजूदा सर्किल दर की एक-एक प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगामी 23 अगस्त को पुनः बैठक की जाएगी जिसमें सभी आपत्तियों का अंतिम रूप से निस्तारण किया जाएगा।

### अगस्त 2020 का निर्धारित सर्किल रेट है लागू- एआईजी स्टांप

एआईजी स्टांप पंकज सिंह ने बताया कि जनपद में गत चार वर्ष से सर्किल रेट में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। गत सर्किल दर का निर्धारण 13 अगस्त 2020 को किया गया था जो वर्तमान में भी प्रचलित है। जबकि शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्टैम्प ड्यूटी से आय का लक्ष्य बढाकर 34700 लाख रुपये रखा गया है। लक्ष्य के अनुरूप गत चार वर्ष में सर्किल दर में वृद्धि न होने के कारण वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल लक्ष्य का 70.74त्न ही प्राप्त हो सका। इसके अतिरिक्त जनपद में 6 नगर पंचायत हेतिमपुर, तरकुलवा, बैतालपुर, पथरदेवा, मदनपुर एवं भलुअनी का गठन किया गया है। इन नवगठित नगर पंचायतों एवं आसपास के ग्रामों में प्लॉटों के मूल्य में सर्किल रेट से ज्यादा वृद्धि हुई है। देवरिया नगर पालिका की सीमा क्षेत्र का विस्तार किया गया है और 19 ग्राम पूर्ण रूप से सम्मिलित हुए हैं, जिससे इन गांवों के बाजार मूल्य में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जनपद के सभी तहसीलों में नगरीय, अर्द्ध नगरीय एवं विकासशील ग्रामों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे आवासीय गतिविधियों में तेजी से विस्तार हो रहा है। जनपद देवरिया के मूल्यांकन सूची में आवासीय दरें वास्तविक दरों से कम है, इसलिए मूल्यांकन सूची में वृद्धि अति आवश्यक है। बैठक में सब रजिस्ट्रार कृपाशंकर, प्रतिमा सिंह सहित कलेक्ट्रेट एवं सभी तहसीलों के बार पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# मरने के बाद शमशान तक पहुंचने मे गिर जाती है अर्थी

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

पिनाहट में नए श्मशान घाट निर्माण के लिए जगह चयनित हो गई है लेकिन जगह विवाद की भेंट चढ़ गई है जिसके चलते कस्बे में नया शमशान घाट का मामला अटक गया है।पिछले 10 साल से नए श्मशान घाट निर्माण के लिए करीब 40 लख रुपए की धनराशि अभी भी नगर पंचायत के खाते में पड़ी हुई है लेकिन शमशान घाट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिसके चलते कस्बा वासियों को पिनाहट शमशान घाट पर पहुंचने के लिए दलदल व कीचड़ युक्त मार्ग से होकर सब यात्रा निकालनी पड़ती है और सब यात्रा को पिनाहट घाट चंबल नदी पर लेकर पहुंचती है जैसे आए दिन हास्य होते रहती है। जानकारी के अनुसार कस्बे में पिछले दो दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। मूसलाधार बारिश के चलते पिनाहट कस्बे के पिनाहट घाट चंबल नदी स्थित श्मशान घाट का मार्ग में दलदल व कीचड़ जमा हो गया है।मंगलवार सुबह करीब 7 बजे कस्बे के मोहल्ला ताल की पार निवासी चमेली देवी पत्नी केशीराम उम्र करीब 95 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। आकस्मिक निधन होने पर बस्ती के लोग मंगलवार सुबह करीब 10 बजे बुजुर्ग महिला को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट लेकर गए। जहां शमशान घाट के मार्ग में दलदल व कीचड़ भरा हुआ था। ग्रामीण शव यात्रा को दलदल व कीचड़ से होकर निकलते हुए ले गए। तभी दलदल में पैर फिसलने के चलते शव नीचे गिरने से बाल बाल बच गया। किसी तरह ग्रामीणों के सहयोग से सबको नीचे गिरने से संभाल गया। श्मशान घाट मार्ग में भरे दलदल व कीचड़ के चलते ग्रामीण कड़ी मशक्कत के बाद पिनाहट घाट चंबल नदी पर पहुंचे। जैसे ही पिनाहट घाट चंबल नदी पर स्थित श्मशान घाट पर पहुंचे तभी तेज मूसलाधार बारिश शुरू हो। तेज बारिश के चलते शव के अंतिम संस्कार के लिए करीब 2 घंटे तक वारिस थमने का इंतजार करना पड़ा। बारिश थमने के बाद ही दोपहर करीब 12 बजे अंतिम संस्कार किया जा सका।

# आरोपीयों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर**



उत्तर प्रदेश सरकार भले ही जीरो टॉलरेंस नीति और महिला सशक्तिकरण अभियान की बात करें लेकिन जब विभाग के कर्मचारी ऐसी नीतियों को अपनाए तो ही जनता तक इसका लाभ मिल पाएगा जिसके कारण अपराधी अपराध करने के बाद भी खुलेआम बाजार में, सड़कों पर घूम रहे हैं ऐसा ही एक मामला जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अशरफपुर भुआ का सामने आया है जहां पर जीरो टॉलरेंस और महिला सशक्तिकरण अभियान पर पानी फेर दिया गया है। बता दें कि ग्राम अशरफपुर भुआ की निवासिनी सविता पत्नी सनोज कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर गिरफ्तारी करने की मांग की है। प्रार्थिनी द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि बीते 16 अक्टूबर 2020 को गांव के ही नरेंद्र देव अतुल पुत्र रामसिंह, मोहित, रोहित पुत्र विफ्फन, गनेश पुत्र धनेश्वर द्वारा प्रार्थिनी को रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये नगद ले लिया गया। कुछ दिन बाद फर्जी तरीके से मुझे नियुक्ति पत्र दे दिया लेकिन जब प्रार्थिनी सविता अपना नियुक्ति पत्र लेकर विभाग में नौकरी मांगने गई तो संबंधित बाबू ने इस नियुक्ति पत्र को फर्जी बताते हुए वापस भेज दिया।

बाद में पता चला की उसी समय अकबरपुर नगरपालिका के अन्दर 3.5 बिस्सा जमीन कीमत लगभग 30 लाख रुपए जिसका फर्जी तरीके से बैनामा करवा लिया, जिससे प्रार्थिनी के पैरों तले जमीन खिसक गई। जब प्रार्थीनी सविता घर वापस आई तो उक्त गांव के उक्त लोगो से मिली और अपने पैसे की मांग करने लगी तो वे लोग आज कल करके पैसे देने का आश्वासन दे रहे थे।

लेकिन अब कहने लगे की जो करना है कर लो पैसा नहीं देंगे। प्रार्थिनी निराश होकर उक्त घटना के संबंध में पुलिस महानिरीक्षक शासन लखनऊ उत्तर प्रदेश को तहरीर दिया जिनके आदेश पर दिनांक-13ध्08ध्2024 को मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। लेकिन कुछ दिन बीत जाने के बाद भी उक्त अभियुक्तों की जनपद की पुलिस गिरफ्तारी नही कर पाई है क्योंकि अभियुक्तगण का थाने में नाजायज प्रभाव होने के कारण पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है।

थाने के बाहर भीतर अभियुक्तगणों का आना जाना बना हुआ है और अभियुक्तगण दबंग किस्म के व्यक्ति है इनका एक लम्बा गैंग भी है जो नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों के साथ इस प्रकार की घटना कर चुके है। पेपर लीक कराने से जैसी गंभीर घटना करना तथा फर्जी नियुक्ति पत्र देकर धन उगाही करने का पेशा है। प्रार्थिनी सविता को बराबर मुकदमा उठाने के लिए धमकी दिया जा रहा है ऐसी स्थिति में प्रार्थिनी न्याय पाने के लिए इधर-उधर भटक रही है पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। प्रार्थिनी सविता ने पुलिस अधिक्षक से मांग की है की उक्त अभियुक्तों द्वारा फर्जी तरीके से लिया गया पैसा वापस दिलाया जाए और आरोपीयो की गिरफ्तारी की जाए।

# जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों का लिया जाएजा

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर**



जनपद में पुलिस आरक्षी नागरिक भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी तथा सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ द्वारा विभिन्न विद्यालयों में होने वाले परीक्षा के तैयारियों के संबंध में निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्र राम अवध जनता इंटर कॉलेज बरियावन एवं हार्वर्ड त्रिलोकनाथ इंटर कॉलेज टांडा का निरीक्षण किया गया। अवगत कराना है कि दिनांक 23, 24, 25 एवं 30 तथा 31 अगस्त को दो पालियों में (प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 03.बजे से 05 बजे तक) परीक्षा सम्पन्न किया जाएगा। परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेटध्स्टैटिक मजिस्ट्रेट केन्द्र व्यवस्थापक ध् सहायक केन्द्र व्यवस्थापक ध् परीक्षा सहायक आदि की ड्यूटी लगाई गई है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया कि परीक्षा से पूर्व विद्यालय में बैठने की व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था, पीने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था, साफ सफाई की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, रैंप की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को सही करे। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि कमरों में दोनों तरफ से सीसीटीवी कैमरा, डिस्प्ले बोर्ड, वाइस रिकार्डिंग व वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था पूरी तरह सही हो। परीक्षार्थियों की सीटिंग व्यवस्था पूर्व में ही सही कराया जाए।जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर प्रधानाचार्य कक्ष में बने कमांड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कक्षाओं में लगे सीसीटीवी कैमरे की पोजीशन को भी देखा।परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नकल किसी भी दशा में बर्दाश्त नही होगी। परीक्षा में डुप्लीकेट परीक्षार्थी किसी भी दशा में शामिल नहीं हो। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र को गंभीरता से देखें।

# एसएन मेडिकल के 6 डॉक्टरों को कोर्ट से मिली राहत

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

**✻ 2011 में प्रिंसिपल की पिटाई करने का आरोप लगा था, सबूतों के अभाव में दोषमुक्त**

एसएन मेडिकल कॉलेज के 6 जूनियर डॉक्टरों को 13 साल बाद एक मामले में राहत मिली है। पर्याप्त सबूतों के अभाव में जूनियर डाक्टर सहित अन्य को कोर्ट ने आरोप मुक्त कर दिया है। मेडिकल कॉलेज में 2011 में डॉ. धर्म सिंह प्रिंसिपल थे। नौ अगस्त 2011 की रात को एसएन मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में मरीज की मौत होने के बाद तीमारदारों ने जूनियर डॉक्टरों के साथ मारपीट कर दी। इससे आक्रोशित जूनियर डॉक्टर इमरजेंसी पहुंच गए। तत्कालीन रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जगत पाल सिंह सहित जूनियर डॉक्टरों ने इमरजेंसी में हंगामा कर दिया। इमरजेंसी में डॉ. आरबी लाल की डयूटी थी। इमरजेंसी में जूनियर डॉक्टरों का विवाद होने पर तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ. धर्म सिंह पुलिस फोर्स के साथ इमरजेंसी पहुंचे। आरोप है कि इमरजेंसी में प्रिंसिपल के समझाने के बाद भी जूनियर डॉक्टर नहीं माने और डॉ. धर्म सिंह को की पिटाई लगा दी। उन्हें लात, घूंसे और जूतों से मारा। डॉ. धर्म सिंह की तहरीर पर जूनियर डॉक्टर अरुण द्विवेदी, रत्नेश तिवारी, जगत पाल सिंह, अरविंद कुमार, दुपारगुडे अभिष्यंद भीमराव एवं करुण शंकर दिनकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार को सुनवाई थी। वादी मुकदमा को छोड़ कर अन्य गवाहों द्वारा घटना का समर्थन नहीं किया गया। पर्याप्त सबूतों के अभाव एवं आरोपी डॉक्टरों के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. रवि अरोरा, चौधरी इंद्रभान सिंह एवं नरेश कुमार यादव के तर्कों को स्वीकार करते हुए विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट राजेंद्र प्रसाद की अदालत ने उन्हें आरोपमुक्त कर बरी करने के आदेश दे दिए।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जॉन अब्राहम की टीम के लिए रेसिंग करेंगे शाहान

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कार रेसर शाहान का सेलेक्शन इंडियन रेसिंग लीग 2024 के लिए हुआ है। शाहान फिल्म एक्टर जॉन अब्राहम की टीम गोवा ऐसर्स के लिए रेसिंग करेंगे। शाहान कई नेशनल और इंटरनेशनल रेसिंग चैंपियनशिप जीत चुके हैं। शाहान 8 साल की उम्र से गो-कार्टिंग रेस कर रहे हैं। चार बार नेशनल कार्टिंग चैंपियनशिप, एशियन कार्टिंग चैंपियनशिप और 2021 में नेशनल कार रेसिंग चैंपियनशिप जीती। विदेशों में पोडियम फिनेशेस भी मिली है। 8 नेशनल-इंटरनेशनल चैंपियन जीत चुके हैं। चार बार सर्वश्रेष्ठ ड्राइवर ऑफ द ईयर का अवार्ड भी मिल चुका है। हर टीम के पास इटली की वुल्फ कंपनी की दो रेस कारें और चार ड्राइवर होंगे। इन ड्राइवरों में से एक इंडियन रेस ड्राइवर होगा। एक बाकी के तीन में से एक विदेशी मूल का ड्राइवर, एक विदेशी मूल की महिला ड्राइवर और एक इंडियन रेसर जो विदेशों में रेस करता हो, शामिल होगा। आईआरएल में 5 राउंड होंगे। पहला राउंड 24-25 अगस्त को चेन्नई के पास श्रीपेरंबदूर में मद्रास इंटरनेशनल सर्किट में होगा। दूसरा राउंड 30 अगस्त- एक सितंबर को चेन्नई की सड़कों पर रात में फ्लड लाइट्स के नीचे होगा। यह भारत की पहली नाइट रेस होगी। तीसरा राउंड 13-15 सितंबर को कोयंबतूर में होगा। चौथे और पांचवे राउंड की डेट्स की घोषणा नहीं की गई है। शाहान के साथ टीम में पोलैंड की महिला ड्राइवर गेब्रिएला जिलकोवा(29), साउथ अफ्रीका के राउल हाइमन(28) और बैंगलुरु के सोहेल शाह(23) हैं। शाहान इससे पहले 2022 में दिल्ली स्पीड डीमंस टीम के लिए रेस की थी। 2023 में दिल्ली की टीम ने फिर से शाहान का चयन किया, लेकिन एफआईए फामूर्ला 4 इंडियन कार रेसिंग में हिस्सा लेने के कारण आईआरएल में भाग नहीं लिया था।

### कोचिंग संचालक ने छात्र को पीटा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आवासीय कोचिंग संचालक ने एक छात्र की जमकर पिटाई कर दी। साथ ही छात्रों को 2 दिनों तक भूखा रखने का भी आरोप लगा है। छात्र के पिता ने सोमवार को कोचिंग संचालक के खिलाफ थाना सदर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आवासीय कोचिंग में रहकर करता था पढ़ाई मधुनगर निवासी छात्र के पिता राकेश कुमार ने पुलिस को बताया है कि उनका बच्चा देवेश राजपूत एकेडमी ऑफ राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल एंड सैनिक स्कूल नाम की आवासीय कोचिंग में पढ़ता है। यह कोचिंग नीरज नाम का शख्स चलाता है। पिता राकेश ने बताया है कि हर रविवार को अपने बेटे से मिलने के लिए कोचिंग संस्थान जाते थे। लेकिन बीते संडे को नहीं गए थे। पीड़ित छात्र के पिता ने बताया कि 11 अगस्त 2024 को उसने पिता से फोन पर बात की थी। जिससे कोचिंग संचालक नीरज नाराज हो गया। जिसके बाद उसने क्रिकेट विकेट से पिटाई कर दी। उसने छात्र के पैरों पर कई बार वार किए। जिससे उसकी पैरों में चोट आई और पैर सूज गए। किसी को इस बात की जानकारी न हो इसलिए उसे एक अलग कमरे में बंद कर दिया। दो दिनों तक उस कमरे में बंद रखा और उसे खाने तक नहीं दिया। पीड़ित पिता ने थाना सदर में तहरीर देकर पुलिस कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी सदर का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा बख्शा नहीं जाएगा।

### वृद्धा और उसके नाती से लूट

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** किरावली में अपने गांव जा रही महिला और उसके नाती के साथ टेंपो चालक और उसकी महिला साथियों ने की मारपीट कर सोने की चैन को लूट ली। वहीं टेंपो से ढक्का देकर भाग गए। पुलिस ने टेंपो चालक सहित महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। गोपऊ निवासी रोहित अपनी दादी भूरी देवी के साथ किरावली से घर जा रहा था। रूनकता चौराहे से गोपऊ के लिए वाहन के इंतजार में रूनकता चौराहे पर खड़ा था। तभी एक टेंपो वहां आकर रुका। जिसमें तीन महिलाएं पहले से बैठी हुई थीं। दादी को महिलाओं ने अपने बीच में बैठा लिया और बच्चे को ड्राइवर ने अपने बगल में बैठाया। युवक ने बताया कि रास्ते में महिलाओं ने मेरी दादी से झगड़ा कर दिया। मैंने टोका तो मेरे और दादी के साथ टेंपो चालक और तीनों महिलाओं ने मिलकर मारपीट कर दी। इसके अलावा मेरी दादी के गले से सोने की चेन छीन ली। पीड़ित ने थाना पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रायभा रोड और दक्षिणी बाइपास आगरा-जयपुर हाईवे पर घेराबंदी की। महुअर के पास पुलिस ने टेंपो चालक सहित महिलाओं को पकड़ लिया।महिलाओं से सोने की चैन बरामद हो गई। पीड़ित की तहरीर पर चारों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### कोयले के ट्रक में मिला 130 किलो गांजा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना शाहगंज व एएनटीएफ टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर तस्करी कर लाया जा रहा गांजा पकड़ा है। कोयले के ट्रक में गांजा भरा था। गांजे की आगरा समेत आसपास के जिलों में सप्लाई करनी थी। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में उड़ीसा से मादक पदार्थ लाया जा रहा है। पुलिस और एएनटीएफ टीम ने जयपुर रोड सिकरवार मार्केट के बाहर खड़े ट्रक को पकड़ा। ट्रक में कोयले की बोरियां थीं। जब ट्रक को चेक किया गया तो ड्राइवर केबिन में सीट के नीचे गांजा मिला। ट्रक से करीब 130 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने पांच लोगों को भी पकड़ा। इनसे पूछताछ की गई तो बताया कि ये लोग उड़ीसा से गांजा लाकर तस्करी करते हैं। इनको आगरा के अलावा आसपास के जिलों में गांजा सप्लाई करना था। पकड़े गए तस्कर में कपिल जाट, शशि रंजन निवासी आवास विकास कालोनी, प्रवीण कुमार निवासी कागारौल, संतोष कुमार व विष्णु निवासी बलदेव मथुरा है। इनके खिलाफ पहले से अलग अलग थानों में सात मुकदमे दर्ज है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए गांज की अनुमानित कीमत करीब 37 लाख रुपए बताई गई है।

### होटल में लग रहा था जुअे का दाव

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना न्यू आगरा क्षेत्र के एक होटल में पुलिस ने जुआ खेलते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने होटल सिटी इन पर छापा मारकर इन जुआरियों को पकड़ा, जिनके पास से 1.44 लाख रुपए, ताश की गड्डी और नौ मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है। एसीपी हरीपर्वत आदित्य कुमार ने बताया कि न्यू आगरा पुलिस को अबुल उल्लाह दरगाह के पास स्थित होटल सिटी इन में जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने होटल पर छापा मारा, लेकिन पुलिस को देखते ही होटल के कर्मचारी वहां से फरार हो गए। होटल के एक कमरे से नौ जुआरी पकड़े गए, जो सभी कमला नगर के निवासी हैं। इनमें से एक व्यक्ति के खिलाफ पहले से तीन मुकदमे दर्ज हैं, और वह पहले भी जुआ खेलते हुए गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस अब होटल मैनेजर और कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर रही है, क्योंकि होटल में जुआ खेले जाने की जानकारी के बावजूद उनकी संलिप्तता संदिग्ध लग रही है। एसीपी कुमार ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दर्दनाक हादसारू दवा लेने जा रहे व्यक्ति को पिकअप ने मारी टक्कर, चालक फरार

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर**

जिले के सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सतरही मलपुरा में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जब एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने दवा लेने जा रहे व्यक्ति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना में राम आशीष मौर्य (45 वर्ष), पुत्र राम उजागिर मौर्य, निवासी रहीमपट्टी, सूरापुर, टांडा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, राम आशीष मौर्य घर से दवा लेने के लिए बसखारी जा रहे थे, तभी बरियावन-टांडा रोड पर टांडा की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि वह पिकअप में फंस गए और चालक ने भागने की कोशिश में उन्हें लगभग 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। यह दृश्य देखकर स्थानीय लोग हतप्रभ रह गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद घायल को पिकअप से बाहर निकाला।

हादसे में राम आशीष के हाथ-पैर बुरी तरह टूट गए हैं और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। उनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है, जहां डॉक्टर उनकी स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

पिकअप वाहन को पुलिस ने बरामद कर लिया है, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। इस हादसे से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है, और पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

प्डळ-20240820-।0125

### दबंग ने की युवक की जमकर पिटाई, वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना अछनेरा क्षेत्र में सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वायरल हुए वीडियो थाना अछनेरा के गांव बबरौद का बताया जा रहा है मिली जानकारी के मुताबिक गांव बबरौद के ही दलित युवक संजय पुत्र दीपचंद के साथ दबंग नीरज पुत्र प्रताप ने मामूली बात पर झगड़ा शुरू कर दिया। इसके बाद संजय को सड़क पर पटककर लाट घूंसे से जमकर पीटा। इससे भी मन नहीं भरा तो चप्पल उतारकर फिर से पीट पीटकर अधमरा कर दिया। बुरी तरह पिटने के बाद संजय की हालत खराब होने लगी तो नीरज ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला पीड़ित ने बताया की ये घटना 30 जुलाई को हुई थी। उसने पीआरवी पुलिस को सूचना दी थी पुलिस ने कार्रवाई की जगह उसी को ही थाने पर बैठा लिया। उसके द्वारा दी गई तहरीर पर आज तक कार्रवाई नही हुई वही सोमवार को इसका वीडियो वायरल हो गया।

# दुकान में मिला गोमांस, हिंदू महासभा ने किया विरोध

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

अखिल भारत हिंदू महासभा ने जगदीशपुरा की एक दुकान से गाय का सिर, अंग और मांस बरामद किया। आरोप है कि गोकशों ने महासभा के एक सदस्य पर हमला किया। इसके विरोध में महासभा के सदस्यों ने सड़क पर बैठकर धरना दिया, नारेबाजी की। इंस्पेक्टर के आश्वासन के बाद ही धरना खत्म किया गया। महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय जाट ने बताया कि थाना सिकंदरा के प्राची चौकी के अंतर्गत भू देवी इंटर कॉलेज के पीछे गोकशी की सूचना मिली। महासभा के सभी सदस्य वहां पहुंचे। मिट्टी पर खून की छींटे दिखाई दे रहे थे। जगदीशपुरा की एक दुकान पर छापा मारा गया। दुकान के अंदर गाय का सिर, अंग व मांस बरामद हुआ। गुलफाम, वसीम उर्फ चूहा को पकड़कर हिंदू महासभा पदाधिकारियों ने पुलिस के हवाले किया। दुकान से से कई कुंतल गाय का मांस मिला। दुकान के अंदर गाय का सिर, अंग व मांस बरामद हुआ। गुलफाम, वसीम उर्फ चूहा को पकड़कर हिंदू महासभा पदाधिकारियों ने पुलिस के हवाले किया। दुकान से से कई कुंतल गाय का मांस मिला। संजय जाट ने बताया कि दो महीने पहले भी इसी जगह पर गोकशी हुई थी। आरोप है कि छापेमारी के दौरान गुलफाम और चूहा ने हिंदू महासभा कार्यकर्ता राहुल पर हमला कर दिया।

इससे राहुल के पैर की हड्डी टूट गई। थाना सिकंदरा पुलिस ने मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा। राहुल पर हमले के विरोध में हिंदू महासभा कार्यकताओं ने प्राची चौकी के सामने धरना दिया। जाम लगा दिया। इंस्पेक्टर थाना सिकंदरा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही दोषियों पर कार्यवाही होगी। गोपाल सिंह चाहर, मनीष पंडित,बृजेश भदोरिया, सौरभ शर्मा, विपिन राठौर, मीरा राठौर आदि मौजूद रहे।

# राज्य सूचना आयुक्त की बहराइच में समीक्षा बैठक: राज्य सूचना आयुक्त

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**



राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि जन सूचना के लिए जन जागरूकता जरूरी है। इस कार्य में जन सूचना अधिकारी महत्वपूर्ण योगदान कर सकते है। आवेदनों पर उनकी त्वरित कार्रवाई से आमजन का जन सूचना के प्रति विश्वास बढ़ेगा। राज्य सूचना आयुक्त बहराइच कलेक्ट्रेट में जन सूचना अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अक्सर गरीब लोगों की समस्याओं की याथोचित सुनवाई नहीं हो पाती। लेकिन इनमें ऐसे लोग भी होते है, जन्हें सूचना के अधिकार के संबंध में जानकारी नहीं होती। डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने उदाहरण देकर बताया कि कुछ समय पहले एक व्यक्ति ने अपनी समस्या के संबंध में प्रदेश के सूचना विभाग से जानकारी मांगी। जबकि इसके लिए उसको सूचना के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए था। जन सूचना अधिकारी यदि गरीबों पीड़ितों को प्राथमिकता के आधार पर सूचना देंगे, तो इसका सकारात्मक संदेश समाज में जायेगा। इससे जन सूचना मांगने वाले जन सामान्य की संख्या बढ़ेगी। उसी अनुपात में उन लोगों की संख्या कम होगी जो किसी अन्य उद्देश्य से आदतन और निरंतर सूचना मांगते रहते हैं।

### टाटा टी अग्नि के नए कैम्पेन में गृहिणियों के निस्वार्थ जोश का सम्मान

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** टाटा टी के विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो का एक प्रमुख ब्रांड, टाटा टी अग्नि ने एक नया कैम्पेन शुरू किया है। बिना थके, पूरे निस्वार्थ भाव और अटूट जोश के साथ हर दिन काम करने वाली गृहिणियों का सम्मान टाटा टी अग्नि ने इस नए कैम्पेन में किया है। जोश जगाए हर रोज़- टाटा टी अग्नि ब्रांड की इस पहचान को घर-घर की गृहिणियों की ऊर्जा के साथ जोड़कर हर गृहिणी की निष्ठा को अभिवादन किया गया है। पूरे परिवार के सपनों को सच बनाने के लिए दिन भर काम करने वाली गृहिणियों में हर दिन जोश जगाने का काम करके टाटा टी अग्नि उनकी सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसे इस कैम्पेन में उजागर किया गया है। जुनून के कई रूप होते हैं, हर व्यक्ति के जुनून के पीछे उसकी अनूठी भावना होती है।


# मच्छरों से बचाव, स्वास्थ्य की सुरक्षा

**जन एक्सप्रेस | आगरा**



विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर मच्छर जनित बीमारियों के प्रति जनमानस को जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग और एंबेड परियोजना द्वारा मंगलवार को महिला आरोग्य समिति बैठक, स्कूल अवेयरनेस कार्यक्रम, जागरूकता रैली, पेंटिंग प्रतियोगिता, महिला बैठक का आयोजन किया गया ताकि लोगों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी मिल सके और वे इसके बचाव के लिए कदम उठा सकें। विश्व मच्छर दिवस पर सिकंदरा की जाटव बस्ती में एंबेड परियोजना के बीसीसीएफ भूपेंद्र द्वारा महिला आरोग्य समिति बैठक की गई, जिसमें 21 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। बैठक को संबोधित करते हुए महिला आरोग्य समिति की अध्यक्ष मनोरमा ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि बारिश में मच्छरों के बढ़ने से मच्छर जनित रोग जैसे- मलेरिया, चिकनगुनियां व डेंगू होने का खतरा रहता है। लोगों को मच्छर से बचने की आवश्यकता है साथ ही मच्छरों से बचाव के बारे में भी जानकारी दी। एंबेड परियोजना की बीसीसीएफ काजल के द्वारा शाहगंज की नगला सेवा बस्ती में बच्चों और स्थानीय महिलाओं के सहयोग से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में उपस्थित प्रतिभागियों ने मच्छरों से बचाव के लिए नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। एंबेड परियोजना के बीसीसीएफ पुलकित अग्रवाल द्वारा ताजगंज के नगला महादेव बस्ती के प्राथमिक विद्यालय में स्कूल अवेयरनेस कार्यक्रम के तहत बच्चों को डेंगू और मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी के प्रति जागरूक किया और प्रधानाचार्य मोहम्मद आसिफ के द्वारा विश्व मच्छर दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एंबेड परियोजना के बीसीसीएफ राजेश दुबे के द्वारा महिला बैठक का आयोजन किया गया। महिला बैठक में उपस्थित महिलाओं को मच्छर जनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। मच्छरों से बचाव के लिए, सावधानी बरतना बहुत जरूरी है, अपने आसपास साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित किया गया। मच्छरों से बचाव के घरेलू साधनों के बारे में जानकारी भी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि हर साल 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि लोगों के स्वास्थ्य को मच्छरों से होने वाले नुकसान की एक जरूरी याद दिलाई जा सके। जिला मलेरिया अधिकारी राजेश गुप्ता ने बताया कि बरसात का मौसम शुरू होते ही मच्छरों का प्रकोप शुरू हो जाता है। सिटी कोऑर्डिनेटर मोहम्मद इरशाद, प्रोजेक्ट एसोसिएट कृष्णकांत और यूथ कोऑर्डिनेटर मोहित शर्मा ने प्रेस की वीडियो कांफ्रेंस के जरिए लोगों से अनुरोध किया कि बरसात के मौसम में अपने घरों की छतो पर किसी भी तरह का कबाड़ ना रखें।

# पूर्व मुख्यमंत्री स्व: मुलायम सिंह के ज्योतिषी गुरु रमेश चंद्र तिवारी हत्याकांड के आरोपियों को उम्रकैद





* कोर्ट ने सभी 12 आरोपियों को उम्र कैद समेत 30-30 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के गुरु रहे जौनपुर जिले के उचगांव निवासी ज्योतिषी डा रमेश चंद्र तिवारी की हत्या के मामले में मंगलवार को जौनपुर कोर्ट ने फैसला सुनाया कोर्ट ने 12 आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई तो परिजनों के आंखों में आंसू झलक पड़े गौरतलब हो कि जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र के ऊंचगांव में ज्योतिष डा रमेश चंद्र तिवारी की करीब 12 साल पहले गोली मारकर की हत्या कर दी गई थी जिसमें मंगलवार को हत्या के इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ रूपाली सक्सेना ने शूटर विपुल समेत 12 आरोपियों को दोषी करार दिया साथ ही कोर्ट ने दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई यह हत्याकांड 15 नवंबर 2012 को हुआ था. सरपतहा थाना क्षेत्र के ऊंचगांव निवासी ज्योतिषी डा.रमेश चंद्र तिवारी पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के गुरु की सुबह-सुबह गोलियों सो भूनकर हत्या कर दी गई थी बदमाशों ने ज्योतिषी रमेशचंद्र तिवारी के घर पर चढ़कर पुलिस की वर्दी में आए दो शूटरों ने कार्बाइन और पिस्टल से उनपर ताबड़तोड़ फायर किया था. गोलीकांड में रमेश के भाई राजेश भी घायल हुए थे. मृतक रमेश तिवारी के बड़े भाई उमेश तिवारी ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ FIR दर्ज कराई थी पुलिस की जांच में मुखबिर की सूचना और आरोपियों के मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर शूटर विपुल सिंह, हत्या के मुख्य साजिशकर्ता धीरेंद्र सिंह, झारखंडे सिंह, सूबेदार सिंह, कौशल किशोर सिंह, विजय बहादुर सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह, लाल शंकर उपाध्याय, अमित उर्फ पंडित, अरविंद, शैलेंद्र, तन्नू सिंह, अमरजीत सिंह का नाम प्रकाश में आया था. इनमें से आरोपी झारखंडे सिंह की मृत्यु हो चुकी है. शूटर शेर बहादुर सिंह की पुलिस एनकाउंटर में मौत हो चुकी है

### 13 आरोपियों के खिलाफ दाखिल हुई थी चार्जशीट

रमेश तिवारी हत्याकाडं में 13 आरोपियों के खिलाफ जौनपुर पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी. इनमें से सभी को गिरफ्तार भी कर लिया गया था कुछ समय तक जेल में बंद रहने के बाद सभी की जमानत भी हो गई थी एक आरोपी धीरेंद्र की जमानत सुप्रीम कोर्ट से हुई थी मंगलवार को कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सभी आरोपियों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई सभी आरोपियों को उम्रकैद की सजा कोर्ट ने दोषी पाते हुए हत्याकांड में बचे शेष सभी 12 आरोपियों को उम्रकैद और 30-30 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई. करीब 12 वर्ष बाद न्याय मिलने के बाद मुकदमा वादी उमेश तिवारी ने कहा कि उन्हें कोर्ट और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था. न्याय मिलने में तत्कालीन जांच अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव समेत पुलिस और न्यायपालिका का अहम योगदान रहा. उन्होंने कहा कि आज उनके भाई रमेश तिवारी को सच्ची श्रद्धांजलि मिली है

### 12 साल बाद बेटे को मिला न्याय तो मां बाप के छलके आंसू

जौनपुर जिले के उचगांव निवासी देवपुंज ज्योतिषी डा0 रमेश चंद्र तिवारी हत्याकांड के 12 आरोपियों को मंगलवार दीवानी न्यायालय जौनपुर से जैसे ही उम्रकैद की सजा का फैसला आया वैसे ही मां श्रीमती विद्या तिवारी ब्लॉक प्रमुख सुईथाकला पिता राजेंद्र प्रसाद तिवारी प्रधान उचगांव पत्नी प्रतिभा तिवारी समेत सभी परिजनों के आंखों में आंसू झलक पड़े और 12 वर्ष पूर्व घटित सभी घटनाएं ताजा हो गई। बड़े भाई डा उमेश चंद्र तिवारी ने कहा कि आज 12 वर्ष पूर्व की घटना ताजा हो गई आज हमारे परिवार व गुरु जी के शिष्यों के लिए बड़ा दिन है मेरे सामने ही मेरे छोटे भाई को आताताईयो ने गोली मारकर दुस्साहसी घटना घटित किये थे इन 12 वर्षों में परिवार सदमे के साथ बहुत कष्ट झेला आज 12वर्ष बाद न्यायालय से न्याय मिला।



## एडीजी हुए सख्त :बोले, पीड़ितो पर दर्ज हुए फर्जी मुकदमें होंगे खारिज

* एडीजी ने एसपी से कहा खिड़की का प्रकरण सिविल से संबंधित तो पुलिस क्यों बन रही पार्टी
* थानाध्यक्ष ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के नाम का भय दिखाकर धरौरा में जबरन बंद करवा दिया था खिड़की

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

केराकत थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले धरौरा गांव में बीते 16 अगस्त को केराकत थानाध्यक्ष संजय सिंह ने गांव में भारी महिला व पुरुष बल के साथ पहुंच कर पीड़ित विजेंद्र दुबे की जबरन खिड़की को बंद करवा दिया था। केराकत पुलिस के इस अनुचित कार्रवाई से आक्रोशित ग्रामीणों ने बंद खिड़की को भी ढहा दिया था। इतना ही नहीं पुलिस ने पीड़ित विजेंद्र दुबे सहित गांव के छः निर्दोष लोगों के विरुद्ध भी विपक्षी अनिल दुबे के भाई संजय दुबे से फर्जी तहरीर लेकर छः लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कर पीड़ित को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। मंगलवार को पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के नेतृत्व में सैकड़ो पत्रकार एडीजी जोन कार्यालय पर पहुंच कर

एडीजी पियूष मोर्डिया से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौप कर कार्रवाई की मांग किया। एडीजी जोन पियूष मोर्डिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से जौनपुर एसपी अजयपाल शर्मा को फोन लगाकर बोले कि बीते 5 अगस्त व 16 अगस्त को पीड़ित तथा उनके संबंधितों के ऊपर जो फर्जी मुकदमे दर्ज हुए है,उसे तत्काल प्रभाव से निरस्त करे। एडीजी जोन ने थानाध्यक्ष केराकत को भी फटकार लगाते हुए कहा कि खिड़की का मामला सिविल कोर्ट से संबंधित है तो इस मामले में पुलिस का कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। एडीजी ने थानाध्यक्ष को साफ शब्दों में कहा कि दो दिवस के अंदर फर्जी मुकदमे हर हाल में खारिज होनी चाहिए। एडीजी जोन ने पीड़ित बिजेंद्र को भी आश्वस्त किया कि पुलिस गलत तरीके से प्रताड़ित करती है तो उसकी जानकारी मुझे तत्काल दें। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री पाठक जी के साथ प्रदेश संयोजक मनीष दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू सिंह व संतोष पांडे, प्रदेश संगठन मंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, आकाश, यादव, पवन पांडे, आफताब आलम, डीपी तिवारी, नीतीश वर्मा, प्रवीण चौबे, मो.हाशिम, नवीन प्रधान, अखिलेश सिंह, विवेक सिंह राजपूत, निलय विश्वास, संतोष पांडे,सुधीर उपाध्याय, जय किशन सोनकर, अमित दुबे, ऋषिकेश पांडे, आनंद चौबे, अनीश मिश्रा, देविन पाठक, रामलखन, प्रवीण पाठक, राम आधार, देवेंद्र दुबे, आशीष, सुशील कुमार, राजेश सिंह, कुलदीप सिंह, शशांक सिंह, अवनीश दुबे, अरविंद पटेल, अंकित श्रीवस्ता,अमित श्रीवास्तव, रामाश्रय मिश्र, नीरज सिंह, बृजेश ओझा, मनोज प्रजापति, राजेश सिंह, राजीव रंजन मिश्रा, रामबाबू यादव, आशीष चौबे, पीयूष चौबे, दिलीप दक्ष, अरुण कुमार मिश्र, तनवीर अहमद, अभिषेक पांडे, आशुतोष कुमार तिवारी, शाहनवाज खान, विकास गुप्ता, अजीत सिंह, संतोष कुमार पांडे, आनंद तिवारी, गौतम सोनकर, ओम प्रकाश चौबे, ओम, प्रकाश चौधरी, विवेक यादव, दिनेश कुमार यादव, विशाल कुमार, वीरेंद्र कुमार पटेल, लवकेश पांडे, मंसूर आलम, सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

### नकदी सहित लगभग एक लाख के गहने चोरी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र के धमौर तकियां गांव में सोमवार की रात छत से नीचे उतरकर चोर कमरें में रखे बाक्स से 42 हजार नकदी सहित लगभग एक लाख के गहने पार कर दिया। घटना की जानकारी सुबह होने पर गृहस्वामी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हुई है। गांव निवासी अंसार अहमद ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि रात को भोजन के बाद मुख्य दरवाजे में ताला लगाकर पूरे परिवार के लोग घर के बरामदे में सोने चले गए। रात में किसी समय अज्ञात चोर छत से उतर कमरें में रखा बाक्स की कुण्डी चटकाकर भीतर रखा 42 हजार नकदी, मंगलसूत्र,झाला और पायल उड़ा दिया। जाते जाते चोर चार्ज करने के लिए बोर्ड से लगा एंड्रॉयड मोबाइल भी उठा ले गए। थाना अध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत होती है। तहरीर मिली है। छानबीन की जा रही है।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर किया गया



* युवा और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना राजीव गांधी का सपना था: जया दूबे

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी का 80 वीं जयंती आज दौलतपुर स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष मनाई गई इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य जया दूबे ने कहा कि युवा भारत का निर्माण करना ही राजीव गांधी जी का सपना था जिसके लिए उन्होंने युवाओं को 18 वर्ष में मतदान करने का अधिकार दिया, महिलाओं को पंचायती राज में सहभागिता सुनिश्चित कर उनको ज़िम्मेदारी देकर उन्होंने महिलाओं को जो अधिकार दीया है उसके तहत ही महिलाएं तेज़ी से आगे बढ़ रही हैं, उनको याद करना गर्व की बात है। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी इन्द्रमणि दूबे, गुरु प्रसाद तिवारी, शिव प्रसाद यादव, अरूण दूबे, मनोज प्रजापति, निशी पाण्डेय सहित तमाम लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मौजूद रहा भारी पुलिस फोर्स




* सैकड़ो समर्थकों के साथ नामांकन करने पंहुचे प्रत्यासी

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

ब्लॉक प्रमुखी के उपचुनाव में दावेदार तीन महिला प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसमें निवर्तमान ब्लाक प्रमुख कमलेश्वरी दीक्षित की पुत्रवधू पल्लवी दीक्षित एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख अतेंद्र पाल सिंह की पत्नी मनप्रीत कौर और भाजपा समर्थित प्रत्याशी निर्विकार सिंह उर्फ की पत्नी मानसी सिंह शामिल है। भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से नामांकन प्रक्रिया पूर्ण की गई। ब्लॉक के गेट पर दावेदारों के सैकड़ो समर्थक मौजूद रहे। समर्थन में समर्थकों ने जमकर नारेबाजी भी की। पूरनपुर निर्वतमान ब्लॉक प्रमुख कमलेश्वर दीक्षित का आकस्मिक निधन हो जाने से सीट रिक्त हो गई थी।22 अगस्त को इस सीट पर उपचुनाव का मतदान होना है। जिसके लिए मंगलवार सुबह दस बजे से ब्लॉक सभागार में नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई। नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। ब्लॉक रोड पर नगरपालिका चौराहा तक सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए। जिले के कई थाना इचांर्ज और पुलिस क्षेत्राधिकारी को भारी पुलिस बल के साथ लगाया गया। सबसे पहले पूर्व ब्लाक प्रमुख मनप्रीत कौर की पत्नी अतेंद्र पाल सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया उनके साथ दो प्रस्तावक अधिवक्ता सहित चार लोग थे। इसके बाद निवर्तमान ब्लाक प्रमुख कमलेश्वरी दीक्षित की पुत्रवधू पल्लवी दीक्षित पत्नी अंशुमन दीक्षित ने नामांकन कराया। सबसे बाद भाजपा समर्थित दावेदार मानसी सिंह पत्नी निर्विकार सिंह भारी समर्थकों के साथ ब्लाक पंहुची।जहां प्रस्तावकों के साथ मानसी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच हुई। गुरुवार को सुबह 10:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक मतदान होगा। उप चुनाव में 273 क्षेत्र पंचायत सदस्य मतदान करेंगे। इसके बाद मतगणना होगी। ब्लॉक के गेट पर मौजूद सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने दावेदारों के साथ ब्लॉक के अंदर दाखिल होने का प्रयास किया। सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद पुलिसकर्मियों ने समर्थकों को रोक लिया। ब्लॉक के गेट पर मौजूद सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने दावेदारों के समर्थन में नारेबाजी की। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हुई।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला, कलीनगर उप जिलाधिकारी आशुतोष दीक्षित सीओ सिटी, विशाल चौधरी आदि अधिकारी परिसर में मौजूद रहे।

### मनप्रीत कौर ने आरओ को दिया शपथ पत्र

ब्लॉक प्रमुख के उपचुनाव में दावेदार तीन महिला प्रत्याशियों में एक ने मैदान छोड़ दिया। चर्चा है कि राजनीतिक रणनीति के बाद दावेदार ने चुनाव न लड़ने का फैसला लिया है। अतेंद्र पाल की पत्नी मनप्रीत कौर के चुनाव न लड़ने से जीत भाजपा समर्थित प्रत्याशी के खेमे में जाती हुई दिखाई दे रही है। जनप्रतिनिधि निवर्तमान ब्लाक प्रमुख कमलेश्वरी दीक्षित के पुत्र अशुतोष दीक्षित को भी मानने में जुटे रहे। देर शाम तक कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका।

## फास्ट फॉरवर्ड

### घुंघचाई पुलिस ने गर्भवती महिला के हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर।** आग से झुलसी चार माह की गर्भवती महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई थी ।मायके पक्ष के लोगों ने दहेज के लिए जलाकर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी पति सहित सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति निवासी पप्पू कुशवाहा ने दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया था कि उसने अपनी बहन सुनीता का विवाह 2020 में घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव केशोपुर निवासी विमल के साथ किया था। सामर्थ्य के अनुसार दाना दहेज भी दिया था। ससुराल पक्ष के लोग दिए गए दाना दहेज से खुश नहीं थे ।मायके से एक बुलेट बाइक और ई-रिक्शा खरीदने के लिए दो लाख की नगदी की माग करने लगे ।मांग पूरी न होने पर बहन के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया ।20 जुलाई को गर्भवती बहन पर डीजल डालकर आग लगा दी ।आग की लपटों में बह बुरी तरह जल गई थी। उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लेकर आए। जहां से पीलीभीत रेफर कर दिया गया ।बरेली ले जाते समय महिला ने दम तोड दिया था ।बरेली के महाराणा प्रताप नगर अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी पति सहित सात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी पति विमल कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार पुलिस आरोपी पति को जेल भेज दिया।

### बाइक फिसलने से युवक की हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर।** बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर बहन को ससुराल छोड़कर लौट रहे भाई की बाइक अचानक वाहन बचाने के चक्कर में बाइक फिसल गयी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पीआरबी 112 को दी। सूचना पर पहुंची पीआरबी 112 ने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहों डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोबल पतीपुरा निवासी सर्वेश कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल अपनी बहन मीना देवी से राखी बंधबाने के बाद उसकी ससुराल शिवपुरी नवदिया छोड़ने गया हुआ था। घर वापस लौटते समय वह जैसे ही चठिया रोहनिया के निकट पहुंचा वैसे ही तेज गति से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में वह अपना संतुलन खो बैठा और उसकी बाइक फिसल गयी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। पीआरबी 112 ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सरकारी अस्पताल पहुंच गयी। पुलिस ने शव को सील कर पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है।

### सर्राफा की दुकान के ताले तोड़कर सोने चांदी के जेवरात चोरी

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर।** देर रात सीसीटीवी कैमरे तोड़कर चोरों सर्राफा व्यापारी की दुकान के शटर में लगे ताले तोड दिए ।चोर दुकान में रखे सोने चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। सुबह दुकान खोलने पर वारदात की जानकारी लगी। मौके पर पंहुची पुलिस ने जानकारी जुटाई। नगर में हो रही चोरी की वारदातो पर अंकुश नहीं लग पा रहा है ।चोर मौका लगते ही वारदातो को अंजाम दे रहे हैं। नगर मोहल्ला कायस्थान निवासी सुमित कुशवाहा की पकड़िया चौराहा के निकट सर्राफा की दुकान है। सुमित प्रत्येक दिन की तरह सोमवार शाम दुकान बंद कर घर चले गए ।चावी सहयोगी संजय को दे दी ।देर चोरों ने सर्राफा व्यापारी की दुकान को निशाना बना लिया। चोर दुकान के शटर में लगे ताले तोड़कर अंदर दाखिल हो गए। सीसीटीवी कैमरे तोड़कर दुकान में रखा 10 ग्राम सोना,1.50 किलो चांदी चोरी कर फरार हो गए। मंगलवार सुबह दुकान खोलने पंहुचे संजय ने देखा तो दुकान के ताले टूटे हुए थे ।अंदर का सामान बिखरा हुआ पड़ा था ।दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे भी टूटे थे। वारदात की जानकारी दुकान स्वामी को दी ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की।

### रोडवेज बस स्टैंड के लिए धरना देकर किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर।** बीसलपुर में उपयुक्त जगह पर रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण कराए जाने की मांग जोड़ पकड़ने लगी है। समस्याओं को लेकर जागरूक नगरिकों ने मोहल्ला दुबे स्थित रोडवेज बस स्टैंड परिसर में प्रदर्शन कर धरना दिया तथा मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को अपने ज्ञापन भेजें। जागरूक नगरिक नगर के मोहल्ला दुवे स्थित रोडवेज बस स्टैंड परिसर में एकत्र हुए। नागरिकों ने आरोप लगाया कि बीसलपुर तहसील क्षेत्र में उपयुक्त जगह पर रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण अभी तक नहीं करवाया गया है। नागरिकों ने समस्या को लेकर विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेवाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया। बाद में नागरिक धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को अपना ज्ञापन भेज कर अवगत कराया कि तहसील मुख्यालय होने के बाद भी यहां अभी तक उपयुक्त जगह पर रोडवेज बसस्टैंड का निर्माण नहीं कराया गया है। मोहल्ला दुवे में तत्कालीन सपा सरकार में जो रोडवेज बस स्टैंड बनवाया गया है। बाईपास न होने के कारण यह अभी तक सुचारू नहीं हो पाया है। पीलीभीत पूरनपुर, बिल्सी व जनपद बदायूं की आबादी कम होने के बाद भी रोडवेज बस स्टैंड संचालित है। बीसलपुर की आबादी इन तहसीलों से अधिक होने के बाद भी शासन, प्रशासन स्तर से बीसलपुर में उपयुक्त स्थान पर रोडवेज बस स्टैंड की स्थापना नहीं कराई जा रही है। यहां के नागरिक निजी यात्री बसों व डग्गामार वाहनों पर अधिक किराया देकर सफर करने को मजबूर है।

## श्रद्धा नर्सिंग होम में डाक्टर की गैरमौजूदगी में अन्ट्रेंड स्टाफ ने कराया था महिला का प्रसव




* प्रसव में लापरवाही से हुई थी नवजात की मृत्यु, सीएमओ को भेजी जांच रिपोर्ट
* पर्यावरण और फायर एनओसी भी नहीं दिखा सका संचालक

**जन एक्सप्रेस । प्रशान्त शर्मा**

> "नर्सिंग होम पर पहुंचकर स्वजनों की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच की गई है। स्टाफ नर्स के बयान लिए गए। डाक्टर की गैरमौजूदगी में प्रसव कराया गया था। लापरवाही से नवजात की मृत्यु हुई है। नर्सिंग होम की सील कर दिया गया ।जांच रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को भेजी गई है ।उन्हीं के स्तर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> आलमगीर, प्रभारी चिकित्साधिकारी पूरनपुर।

**पूरनपुर।** नगर के कोतवाली रोड स्थित श्रद्धा नर्सिंग होम में बगैर डॉक्टर के अन्ट्रेंड स्टाफ द्वारा महिला का प्रसव कराया गया था।जांच में पाया गया कि स्टाफ द्वारा कराए गए प्रसव में लापरवाही से नवजात की मौत हुई है। तहसील और कोतवाली से चंद कदम दूर पर्यावरण, और फायर एनओसी के बगैर ही नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा था। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की ओर से जांच रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को भेजी गई है।नवजात की मौत के मामले में संचालक पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। महिला के पिता की ओर से संचालक सौरभ सिंह, आशा कार्यकत्री बिंदू वर्मा सहित तीन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें पुलिस भी अपने स्तर से जांच में जुटी हुई है।

प्रसव में होने वाले खेल में सरकारी मशीनरी पूरी तरह लिप्त है, लेकिन अधिकारी गरीब मजबूर लोगों की पीड़ा सुनने के बजाए धल्ले से चल रहे मौत के अस्पतालों को शरण देने में लगे हुए हैं। नगर के श्रद्धा नर्सिंग होम के संचालक और डॉक्टर पर लगे गंभीर आरोपों की जांच शुरू होने से पहले ही जिम्मेदारों को कार्रवाई का डर सताने लगा है। इससे बचने के लिए संचालक सिफारिश कराने के अलावा हर जुगत अपना रहा है।बता दें कि 18 अगस्त को नगर के मोहल्ला पंकज कॉलोनी निवासी आलोक वर्मा की पत्नी पुष्पा वर्मा को प्रसव पीड़ा शुरू हुई।डिलीवरी के लिए सीएचसी ला रहे थे। साथ में मौजूद आशा कार्यकत्रियों बिंदु वर्मा ने सरकारी अस्पताल में अव्यवस्थाओं का 3हवाला देकर भयभीत करते हुए जबरन कोतवाली रोड स्थित श्रद्धा नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया था। जहां डॉक्टर की गैर मौजूदगी में अनट्रेंड स्टाफ द्वारा महिला का प्रसव कराया गया था। प्रसव में लापरवाही से नवजात की मृत्यु हो गई थी।आरोप था कि नवजात की मौत के बाद भी स्टाफ द्वारा उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई।संचालक ने गाली गलौज कर मारपीट की। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी।इलाज के नाम पर 30 हजार रूपए भी जमा कराए गए।नवजात की मौत से गुस्साए स्वजनों ने हंगामा किया था। सोमवार तहसील वीरेंद्र सिंह,एमओआईसी आलमगीर ने मौके पर पंहुचकर जांच की।जांच में नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन पाया गया। संचालक पर्यावरण और फायर एनओसी नहीं दिखा सका। एमओआईसी ने जांच में पाया कि बगैर डॉक्टर के अन्ट्रेंड स्टाफ द्वारा महिला का प्रसव कराया गया था।प्रसव में लापरवाही से नवजात की मौत हुई है। संचालक को तीन दिन में मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष प्रपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जांच में पाया गया कि लापरवाही से नवजात की मौत हुई है।प्रभारी चिकित्साधिकारी को ओर से जांच रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को भेजी गई है। संचालक पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

### मेडिकल कॉलेज का जूनियर रेजिडेंट चला रहा श्रद्धा नर्सिंग होम

पूरनपुर के श्रद्धा नर्सिंग होम में मेडिकल कालेज का एक जूनियर रेजिडेंट (जेआर) पर्सन इन चार्ज है। इसी जेआर ने बिलसंडा स्थित न्यू श्रद्धा नर्सिंग होम में भी अपने अभिलेख लगा रखे हैं। नियमानुसार मेडिकल कॉलेज में तैनात जूनियर रेजिडेंट निजी प्रैक्टिस नहीं कर सकते। इसके लिए वह ज्वाइनिंग के समय शपथ पत्र भी दाखिल करते हैं। श्रद्धा नर्सिंग होम के पर्सन इन चार्ज डॉ. महावीर सिंह मेडिकल कॉलेज में जेआर हैं। इसके अलावा उनके शहर में कई निजी लैबों व प्राइवेट अस्पतालों में कागज लगे हुए हैं।

### विभाग के अधिकारी का ड्राइवर कराता दलाली

श्रद्धा नर्सिंग होम के संचालक से स्वास्थ्य विभाग के एक बड़े अधिकारी का ड्राइवर उगाही करता है। श्रद्धा नर्सिंग होम का संचालक जनपद में तीन अस्पतालों का संचालन कर रहा है। एक अस्पताल शहर, एक पूरनपुर व एक बिलसंडा में स्थित है। विभाग के एक बड़े अधिकारी के ड्राइवर का ड्राइवर रकम वसूलकर अधिकारियों तक पहुंचाता है। चर्चा है कि हाल में भी संचालक ने मोटी रकम देकर अपने एक अस्पताल का रजिस्ट्रेशन कराया है।

### संचालक के पिता जिला अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट

दरअसल पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग का खुला संरक्षण मिल रहा है। श्रद्धा नर्सिंग होम के संचालक के पिता जनपद मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल में चीफ फार्मासिस्ट के पद पर तैनात हैं। वे आला अधिकारियों को खुश करने के लिए चाय-नाश्ता कराते रहते हैं, जिससे उनके बेटे द्वारा गलत ढंग से चलाए जा रहे अस्पतालों पर कोई आंच न आए।

### स्त्री एवं प्रसूति रोग चिकित्सक मौजूद नहीं

श्रद्धा अस्पताल के संचालक द्वारा चलाए जा रहे तीनों अस्पतालों में स्त्री एवं प्रसूति रोग चिकित्सक मौजूद नहीं है। जबकि तीनों अस्पतालों में खुलेआम सिजेरियन प्रसव कराए जा रहे हैं। ऐसे में झोलाछापों के सहारे फर्जी कागज लगाकर चलाए जा रहे इन अस्पतालों में मरीजों की जान हमेशा खतरे में रहती है।

# नानामऊ घाट मे बीमारी से उभकर युवक ने लगाई गंगा पुल से छलांग, पुलिस ने बचाया

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर थाना क्षेत्र के नानामऊ गंगा घाट पर सोमवार को स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। जहां एक व्यक्ति ने गंगा पुल के ऊपर से गंगा में चलांग लगा दी मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन व गोताखोरों की मदद से युवक को सकुशल बाहर निकला गया। जहां पुलिस ने युवक के परिजनों को बुलाकर उन्हें सुपुर्द किया।

जिला उन्नाव के बांगरमऊ थाना क्षेत्र के न्यू कटरा निवासी 35 वर्षीय रामबाबू पुत्र मूलचंद राठौर ने पारिवारिक कलह व लीवर रोग से ग्रषित होने के कारण सोमवार को बिल्हौर थाना क्षेत्र के नानामऊ गंगा पुल से छलांग लगा दी घाट पर मौजूद पुलिसकर्मियों व गोताखोरों ने मामले में सक्रियता दिखाते हुए तत्काल युवक को सकुशल बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दी और थाने बुलाया जहां युवक के बड़े भाई को शुपुर्दगी दी गई।

वहीं पुलिस के इस कार्य को देख क्षेत्रीय लोगों ने प्रशंसा की है। गंगा से निकालने वाली टीम में प्रमुख रूप से थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज, उप निरीक्षक शुभम देशवाल, उप निरीक्षक कृपाल सिंह, उप निरीक्षक यूटी अविनाश शुक्ला, हेड कांस्टेबल अरविंद सिंह मोहम्मद अकील संदीप सिंह, सिपाहीवीरेंद्र सिंह जन्मेद सिंह का कार्य सराहनी रहा। एसीपी अजय त्रिवेदी ने बताया कि सर्किल क्षेत्र में सभी गंगा घाटों पर किसी अप्रिय घटना नहीं हुई पुलिस बल मुस्तैदी से तैनात रहा और नाना मऊ घाट की घटना में पुलिस ने बहादुरी का काम किया है।

# हर घर नल जल योजना के गड्ढे में ट्रक फिसल राजबहे में पलटा



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर थाना क्षेत्र के उत्तरीपुरा चौकी अंतर्गत मकरंद निवादा निवासी प्रदीप कुमार पुत्र राम प्रकाश रक्षाबंधन पर अपने घर आए थे तभी अलियापुर उत्तरी रजवाहे के पातिन निवादा गांव के पास सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार को जगह देने के कारण रोड के साइड में पड़े हर घर जल योजना के पाइप लाइन के गढ़ों में टायर फिसलने से ट्रक गुलाटी खाते हुए 33 केवी शिवराजपुर बिजली सप्लाई के पोल को तोड़ते हुए रजवाहे में जा पलटा आनन फानन में किसी तरह राहगीरों ने ट्रक ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया लेकिन कई लाखों की लदी पेंट रजवाहे में बहने लगी सूचना पर पहुंचे उतरी पूरा चौकी इंचार्ज अमित कुमार ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल करते हुए बताया कि ट्रक ड्राइवर सुरक्षित है ट्रक में लदे पेंट का काफी नुकसान हुआ है वहीं पूरे मामले पर बिजली विभाग के जेई संदीप कुमार ने बताया है कि विभागीय नुकसान हुआ है प्रार्थना पत्र देकर विभाग की भरपाई की जाएगी।

## रक्षाबंधन पर बेबस रहीं बहनें

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** अत्यधिक भीड़ होने के कारण रक्षाबंधन पर कई बहनों को बसों में जगह नहीं मिली। दूरदराज की बसें तो फुल होने के कारण हाथ देने के बाद भी नहीं रुकीं। जिन बसों में कुछ जगह थी, उनमें चढ़ने के लिए बहनों को जद्दोजहद करनी पड़ी। रक्षाबंधन पर परिवहन निगम की ओर से बहनों को रोडवेज बस में निशुल्क यात्रा की व्यवस्था की गई थी लेकिन काफी संख्या में बहनों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिल सका। लखनऊ बाईपास से सोमवार सुबह से देर शाम तक रोडवेज बसें पूरी तरह भरीं निकलीं। आलम ये रहा कि महिलाएं बस को हाथ देती रहीं लेकिन चालकों ने गाड़ियां नहीं रोकीं। कई महिलाएं को खड़े होकर सफर करना पड़ा। काफी इंतजार के बाद कई महिलाएं निजी साधन से गंतव्य तक पहुंचीं। लखनऊ और कानपुर जाने वाली बसों में सीट पाने के लिए मारामारी रही। शहर के गदनखेड़ा बाईपास, लखनऊ बाईपास व बस स्टेशन सभी जगह सुबह से ही भीड़ रही। इसका फायदा निजी वाहन चालकों ने खूब उठाया। उन्होंने यात्रियों से मनचाहा किराया लिया। पीडी नगर की शालिनी बाजपेई ने बताया कि उन्हें अपने मायके सफीपुर जाना था। पहले बस स्टेशन पर घंटों इंतजार करना पड़ा लेकिन बस नहीं मिली। इसके बाद हरदोई ओवरब्रिज पर बस के लिए खड़ी रहीं।

# नोटिस दिलवाना ईदगाह अध्यक्ष को पढ़ा भारी



- दर्जनों लोगों ने ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष की दुकान में काटा हंगामा
- पुलिस प्रशासन से शिकायत करने के बाद न्याय न मिलने पर अध्यक्ष ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

**सुमेरपुर।** ईदगाह की जगह पर अवैध रूप से कब्जा जमाए हुए लोगो को कोर्ट के माध्यम से नोटिस थमाने से बौखलाए लोगो ने ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष की दुकान में हल्ला बोलकर जमकर उत्पात मचाया मौके पर अध्यक्ष के न होने पर फोन द्वारा जानमाल की धमकी दी गई, कमेटी के अध्यक्ष ने थानाध्यक्ष सुमेरपुर एवं पुलिस अधीक्षक और मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत भेजकर कार्यवाही की मांग की है और लोगो के बर्ताव एवं न्याय की उम्मीद न होने से दुखी होकर अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष तुफैल अहमद ने मुख्यमंत्री पोर्टल, पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि उसकी शटरिंग की दुकान बांकी रोड पुराने सरकारी अस्पताल के सामने है। 17अगस्त को दोपहर डेढ़ बजे वह वह भोजन करने घर चला आया था, तो उसकी दुकान में करीब दो दर्जन की भीड़ जिसकी अगुवाई इब्राहीम पुत्र इस्माईल निवासी ईदगाह सुमेरपुर कर रहा था द्वारा हल्ला बोल दिया गया, उसे फोन द्वारा बुलाया गया ताकि उसे जान माल की हानि पहुं?चाई जा सके। अंजुमन नूरुल इस्लाम ईदगाह की रजिस्टर्ड संस्था का अध्यक्ष होने के नाते उनके द्वारा इब्राहीम अहमद पुत्र इस्माइल व इसके अलावा रियायत उल्ला, रमजान व रशीदा को ईदगाह की जमीन खाली करने हेतु अधिवक्ता सत्यनारायण गुप्ता द्वारा नोटिस दिलाई गई थी। उससे क्षुब्ध होकर इब्राहीम द्वारा भीड़ इकठ्ठा कर जान माल का नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गयी है और दुकान में उनकी अनुपस्थिति में उत्पात मचाया गया। ईदगाह कमेटी के पीड़ित अध्यक्ष ने सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही की मांग की है। कमेटी के अध्यक्ष तुफैल अहमद ने बताया कि जानमाल की धमकी, दुकान में पहुंचकर उत्पात मचाने से दुखी होकर उन्होंने कमेटी के सेक्रेटरी को अपना त्याग पत्र भी सौंप दिया है।

# बाइक सवार दंपती से 2.53 लाख की लूट



- बदमाशों ने पति को पीटाजसिर पर ईंट से कई वार

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

उन्नाव जिले में लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर लुटेरों ने दंपती से लूट की वारदात को अंजाम दिया है। कुड़वाखेड़ा गांव के पास भाई को राखी बांधकर पति के साथ महिला घर जा रही थी। तभी बाइक सवार तीन लुटेरों ने ओवरटेक कर रोक लिया और महिला का जेवर लूटने लगे। पति ने विरोध किया, तो उसके सिर पर ईंट से कई वार कर दिए।

इसके बाद मरणासन्न हालत में उसे सड़क पर फेंक तीन हजार की नकदी, करीब ढाई लाख के जेवर और पति-पत्नी दोनों के एंड्रॉयड फोन लेकर बांगरमऊ की ओर भाग निकले। घटना के बाद पत्नी राहगीरों से मदद मांगती रही, लेकिन किसी ने गाड़ी तक नहीं रोकी। इसके बाद में एक कार सवार दोनों को स्वास्थ्य केंद्र ले गया। वहां से अपने फोन से घर वालों के साथ पुलिस को बताया।

घटना की सूचना से हड़कंप मच गया। रात में ही एसपी, सीओ और दो थानों की फोर्स मौके पर पहुंची और पीड़िता के बयान दर्ज किए हैं। आसीवन थानाक्षेत्र के गांव कुड़वाखेड़ा गांव निवासी रोहित (28) पुत्र रामतेज पत्नी ज्योति (23) को बाइक से लेकर रक्षाबंधन पर्व पर सोमवार को माखी थानाक्षेत्र के पुरवा गांव अपनी ससुराल आए थे। राखी बांधने के बाद रात साढ़े आठ बजे कुड़वाखेड़ा वापस लौट रहे थे।

### गांव से डेढ़ किमी पहले हुई घटना

कोतवाल अरविंद चौरसिया ने बताया कि बाइक सवार दंपती के साथ उसके गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले घटना हुई। इससे अंदाजा यह लगाया जा रहा है कि कहीं कोई जानने वाला तो घटना करके नहीं चला गया। जिस स्थान पर घटना हुई वह सुनसान एरिया है, वहां कोई सीसीटीवी भी नहीं लगा है। रास्ते में अगर कोई सीसीटीवी दिखता है, फुटेज भी तलाशे जाएंगे।

### सिर पर ईंट से कई वार कर दिए

लखनऊ- बांगरमऊ मार्ग पर गांव की मोड़ से पहले बाइक पर सवार तीन लुटेरों ने ओवरटेक कर उसे रोक लिया। दो लुटेरों ने रोहित को पकड़ लिया, जबकि एक ने ज्योति से उसके गहने उतरवा लिए और दोनों के पास रहे एंड्रॉयड फोन भी छीन लिया। पति रोहित ने जब इसका विरोध किया, तो उसके सिर पर ईंट से कई वार कर दिए।

### एक कार सवार ने दोनों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया

मरणासन्न हालत में उसे छोड़ लुटेरे बांगरमऊ की ओर भाग निकले। फोन न होने से पत्नी ज्योति ने गुजर रहे लोगों से मदद मांगी, लेकिन उसकी मदद किसी ने नहीं की। करीब पौन घंटे बाद एक कार सवार ने रोका और दोनों को मियांगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पीड़िता ने गाड़ी चालक के ही फोन से ससुराल वालों को सूचना दी। घर वाले अस्पताल पहुंचे और पुलिस को बताया।

### पति को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया

रात में ही आसीवन थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को सूचना देने के साथ पीड़ितों के बयान दर्ज किए। पीड़िता के मुताबिक लुटेरे उसकी झुमकी, मांग टीका, मंगलसूत्र, नथनी, हाफ पेटी, पायल, दो मोबाइल फोन और तीन हजार रुपये लूट ले गए। रात 12 बजे सीओ अरविंद चौरसिया और रात 2 बजे एसपी सिद्धार्थशंकर मीना भी स्वास्थ्यकेंद्र पहुंच जानकारी ली। पति को होश न आने पर स्वास्थ्य केंद्र से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। उसके होश आने के बाद ही यह पता चलेगा कि लुटेरे उसका क्या ले गए। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा ने बताया कि जांच चल रही है। जल्द ही घटना का खुलासा होगा।

### रात भर चेकिंग, नहीं मिले लुटेरे

लूट के बाद युवक को मरणासन्न करने की खबर मिलते ही सीओ ने माखी थानाध्यक्ष सफीपुर कोतवाल को भी स्वास्थ्य केंद्र भेजा, ताकि परिजन किसी प्रकार का बवाल न कर सकें। इसके साथ फतेहपुर चौरासी के तकिया चौराहा, सफीपुर, मियागंज, हुलासी कुआ चौराहा, बेहटामुजावर और बांगरमऊ में वाहनों की चेकिंग कराई, लेकिन सफलता नहीं मिली।

## अमीर को पटकनी देकर भूपेंद्र बने दंगल केसरी

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी। बाबा आनंदेश्वर मंदिर प्रांगण में आयोजित दंगल में पहलवानों ने दांवपेच दिखाए। अंतिम कुश्ती में जनपद के भूपेंद्र पहलवान ने मुरादाबाद के अमीर को हराकर दंगल केसरी का खिताब अपने नाम किया। रक्षाबंधन पर्व पर कस्बे में दंगल का आयोजन किया गया। इसमें पहली कुश्ती चौबेपुर के मनीष और मथुरा के विवेक के बीच हुई। मनीष ने विवेक को पटकनी दी। इसके बाद रूरी के आदित्य ने मल्लावां के आलोक को हराया। वहीं, जलालुद्दीन ने अपने दांव से मल्लावां के आकिब को चित्त किया। इसके बाद फाइनल कुश्ती उन्नाव के पहलवान भूपेंद्र और मुरादाबाद के अमीर के बीच हुई।

# प्रशासन की भारी लापरवाही से हो सकता था फिर से हिन्दू-मुस्लिम विवाद, मुस्लिम समाज की सूझ-बूझ से टला विवाद





- मा0 न्यायालय व मुख्यमंत्री के सुझाव के बाद भी प्रशासन ने नई परम्परा बनाते दी थी अनुमति
- मुस्लिम समाज के लोगो को धार्मिक रैली से नही है कोई परहेज, मात्र रैली में राजनीतिकरण के बजह से लगाई जाती है रोक

**जन एक्सप्रेस । रवीन्द्र कुमार भारतवंशी**

**मौदहा हमीरपुर।** बीते पांच साल पहले कंश का दंश झेलने वाले मौदहा कस्बे में प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही एवं कुछ राजनीतिक लोगों की वजह से एक बार फिर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आंशका बन गई थी लेकिन मुस्लिम समाज के बुजुर्ग नेताओ एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों के सूझ-बूझ के चलते दोनों पक्षों से बातचीत कर बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया गया जिसमे दोनों पक्षों में बात न बनाते देख भारी पुलिस फ़ोर्स बुलाते दबंगई से निकाली गई महाकाल की पालकी। मौदहा कस्बे के हुसैनिया स्थित शिवमंदिर से निकलने वाली महाकाल की पालकी को नये व विवादित रास्ते से निकालने की जिद को लेकर हिन्दू-मुस्लिम पक्ष में गर्मागर्मी देखने को मिली जिसमें दोनों पक्ष थाना परिषर में एकत्र होकर प्रशासन की लापरवाही से उत्पन्य विवाद को आपसी समझौते से हल किये जिसमें मुस्लिम पक्ष के युवाओ में भारी आक्रोश देखने को मिला। बता दें कि मौदहा नगर में महाकाल की पालकी निकालने का आयोजन किया गया था जिसमें आयोजन जीतेन्द्र यादव के द्वारा उक्त रैली के लिए प्रशासन से अनुमति ली गई जिसमें उपजिलाधिकारी मौदहा के द्वारा बिना भौतिक निरक्षण किये महाकाल रैली की अनुमति दे दी गई जबकि अनुमति पत्र में आयोजकों के द्वारा नये रास्ते का जिक्र किया गया था जबकि नये रास्ते में रैली प्रतिबंधित थी क्योंकि कई साल पहले मौदहा में ऐसी धार्मिक रैली निकालने के चलते हिन्दू-मुस्लिम एकता में दरार पैदा हुई थी और फिर से हिन्दू मुस्लिम एकता को बिगाड़ने के उद्देश से जानबूझ कर विवादित रास्ते से रैली निकालने का प्रावधान रखा गया। जिसमें प्रशासन ने बिना दोनों पक्षों के आपसी समझौते व बैठक के अनुमति प्रदान कर दी जिसको लेकर मुस्लिम समाज के युवाओ में भारी आक्रोश देखने को मिला और दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति उत्पन्य हो गई। मुस्लिम समाज के कुछ नेताओ ने उपजिलाधिकारी राजेश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी आशीष कुमार, कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज से पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि भारतीय जनता पार्टी और सहयोगी दल जानबूझ कर विवादित रास्ते से पालकी निकाल कर हिन्दू-मुस्लिम एकता को नई परम्परा बनाते भविष्य में विवाद की स्थिति बनाना चाहते हैं। जबकि मा0 न्यायालय व मुख्यमंत्री ने भी धार्मिक हिंसा को रोकने के लिए नई परम्परा स्थापित करने से बचने की सलाह दी है। उनका कहना है कि जब तक दोनों पक्षों में आपसी बैठक व समझौता नहीं हो जाता तब तक कोई नई धार्मिक परम्परा न बनाई जाये। जबकि उक्त रैली के लिए प्रशासन ने पूर्व में किसी प्रकार की कोई बैठक भी नहीं की और अपनी मनमर्जी से रैली निकालने की अनुमति प्रदान कर दी। जब दोनों पक्षों में विवाद बढता नजर आने लगा जिसको देखते दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत की लेकिन मामला सुलझने के बजाय उलझने लगा जिसको लेकर आनन फानन में अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम भी कोतवाली पहुंच गए जबकि पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा मुख्यालय में बैठकर मामले की मानीटरिंग करती रहीं। जिसमें मुस्लिम पक्ष की तरफ से कहना था कि छिमौली रोड से कपसा रोड होते मंदिर तक निकाल लें पर अगली बार से कोई भी नई परम्परा के लिए प्रशासन दोनों पक्षों से समझौते के बाद ही कोई फैसला ले। जिसके चलते बीजेपी पक्ष वाले इस बात से सहमत नहीं हुये और घंटों तक कई राउंड दोनों पक्षों से बातचीत की लेकिन दोनों पक्ष पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हो सके। जिसके चलते कई थानों की पुलिस भी बुलाई गई। लेकिन बातचीत के माध्यम से हल नहीं निकलने के बाद दोनों पक्ष कोतवाली से चले आए। जबकि एक पक्ष के सलीम अहमद सहित अन्य लोगों की मांग थी कि इस बार पालकी निकाल लें लेकिन प्रशासन इस बात को लिखित रूप में दे कि आगे से नहीं निकाली जाएगी। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने गोल मोल जवाब दिया। मामले में धार्मिक लोगों से अधिक दोनों पक्षों से राजनीतिक लोग मौजूद रहे जिसके चलते मामले में जमकर राजनीति की गई। बताते चलें कि बीते पांच साल पहले कंश का दंश झेलने वाले मौदहा कस्बे को भी ऐसे ही राजनीतिक लोगों की नजर लग गई थी जिसके बाद मौदहा में कंश मेले पर साम्प्रदायिक सौहार्द खराब हुआ था। जिसको लेकर मौदहा कस्बा हमेशा प्रशासन की नजर में रहता है परन्तु इस बार उपजिलाधिकारी एवं प्रशासन से ऐसी लापरवाही देखने को मिली जिसमें कुछ समय के लिए प्रशासन के पसीने छूटते दिखे और प्रशासन को अपनी गलती का अहसास हुआ जिसमें कुछ मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठित लोगों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के सूझबूझ से हिन्दू - मुस्लिम में होने वाले विवाद को टाला जा सका। जबकि मुस्लिम पक्ष के द्वारा चेताने के बाद भी प्रशासन ने राजनीतिक दलों के दबाव के चलते जबरन खानका से रहमानिया स्कूल से होते मलिकुंआ, गाँधी स्कूल, बड़ी देवी मंदिर से मार्किट स्टेशन रोड होते सैयद बाबा की दरगाह से दीवान सहीद बाबा होते शेखचंद्र बाबा के रास्ते से मंदिर तक महाकाल की रैली निकाली गई। जो कि यह रैली नगर में पहली बार और नये रास्ते से निकाली गई है। । रैली निकले के बाद मुस्लिम युवाओ में भारी आक्रोश दिखा उनका कहना है कि हमें किसी भी धर्म की धार्मिक रैली से कोई परहेज नही है परन्तु जो धार्मिक रैली के पीछे राजनीतिकरण करते है माहौल ख़राब करने का कार्य करते है हमें उस से परहेज रहता है एवं उनका कहना है की प्रशासन की इस प्रकार की लापरवाही के लिए वो कानूनी कार्यवाही की मांग करेंगे।

# रोजगार व शिक्षा के आभाव से नाबालिक बच्चे बन रहे है अपराधी, लूट, डकैती, जैसे अपराधो को दे रहे अंजाम

- छोटी सी उम्र से अपराध की दुनिया में कदम रखते कई बार जा चुके है जेल

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



**सुमेरपुर।** बुन्देलखण्ड उत्तर प्रदेश का सबसे पिछड़ा क्षेत्र मना जाता है बुन्देलखण्ड के हमीरपुर जनपद में शिक्षा एवं रोजगार के आभाव में युवा पीढ़ी अपराध की तरफ कदम बड़ा रही है थाना सुमेरपुर क्षेत्र में आये दिन युवाओ द्वारा किये गये अपराधो की घटनाये ख़बरों में प्रकाशित होती रहती है पर इस घटना ने क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। बता दे थाना सुमेरपुर क्षेत्र में 18 अगस्त की सुबह मुंडेरा रोड में विरखेरा मोड़ के पास बाइक सवार दो सगे भाइयों से असलहा के दम पर चार अज्ञात युवाओ ने लूटपाट की घटना को अंजाम जिसमे आज चार लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस द्वारा खुलासा करने पर पुरे क्षेत्र में यह ख़बर चर्चा का विषय बनी है कि आखिर नाबालिक बच्चो के द्वारा इतनी बड़ी घटना को अंजाम कैसे दिया गया होगा एवं आस-पास के लोगो द्वारा बताया जा रहा है कि पिछले कई महीनो से मुंडेरा रोड में ऐसी घटनाये को लूटेरे अंजाम दे रहे थे जिसमे पुलिस प्रशासन हर बार फ़ैल नजर आता था। गौर तलब है कि 18 अगस्त की सुबह सिसोलर निवासी विशंभर सिंह और जितेंद्र सिंह पुत्र शिवबरन सिंह जब चित्रकूट एक्सप्रेस से लखनऊ जाने के लिए बाइक से सुमेरपुर आ रहे थे तभी बदनपुर-बिरखेरा के बीच बाइक सवार चार बदमाशों ने उनके साथ मारपीट कर 20 हजार की नगदी, दो मोबाइल, बैंक पासबुक, चेक बुक, आधार कार्ड, कपड़े आदि जरूरी अभिलेख लूट लिए थे। विशंभर सिंह को लखनऊ जाना था उसका भाई जितेंद्र सिंह भाई को ट्रेन में बैठाने के लिए उसे भेजने जा रहा था, घटना के बाद लहुलुहान दोनो भाई थाना सुमेरपुर पहुंचे थे, पुलिस ने उन्हें पीएचसी में भर्ती कराया था और विशंभर सिंह की तहरीर पर 4 अज्ञात के खिलाफ धारा 309(4) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था, घटना के बाद पुलिस तुरंत हरकत में आ गई थी और घटना स्थल पर जाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी और उच्चाधिकारियों को अवगत कराया था, घटना के खुलासे के निर्देश मौके पर पहुंचे सीओ सदर ने थानाध्यक्ष सुमेरपुर को दिए थे, सीओ सदर राजेश कमल ने बताया कि लूट को अंजाम देने वाले चारों बदमाशों को रविवार देर रात बिरखेरा मोड़ के पास मौजूद होने की सूचना मिली। पुलिस की टीमों ने घेरकर चारों को पकड़ लिया। चारों आरोपियों में दो की उम्र 17 वर्ष और दो की 15 वर्ष बताई गई है। इनके कब्जे एक तमंचा, एक कारतूस लूट का 12500 रुपये, एक पिट्ठू बैग, पांच शर्ट, तीन पैंट, एक लुंगी, चेक बुक, आधार कार्ड और लूट में प्रयुक्त दो मोटर साइकिल बरामद की गई है। आपको बता दे चारो नाबालिक युवक से आस पास के लोगो में पहले से दहशत का माहौल बना था कुछ लोगो का कहना है कि उक्त नाबालिक लड़के प्रत्येक दिन पारा रैपुरा के सरकारी विद्यालय में आकर घंटो घंटो रहते और वहा दारू शराब सिगरेट पीते थे जिससे लोगो में घबराहट थी और कुछ लोगो का कहना है कि थाना सुमेरपुर के सब इंस्पेक्टर से बात करने पर पता चला की चारो युवक अलग अलग क्षेत्र के है जिसमे एक टेढ़ा का एवं एक मदौहा, एक गड़रिया, और एक लड़का जसपुरा बाँदा जनपद का रहना वाला बताया गया है जिसमे चारो नाबालिक युवक पहले से भी अवैध तमंचा, और अन्य वारदातों में जेल जा चुके है और जेल से छुटने के बाद उक्त नाबालिक लडको ने अपराध की दुनिया को ही अपना उद्देश बना कर नई नई घटनाओ को अंजाम देना शुरू किया जिसमे पुलिस प्रशासन ने सभी को ग्रिफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## चौतरफा जाम, व्यवस्था धड़ाम

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** रक्षाबंधन पर्व पर यातायात बढ़ने और मुख्य चौराहों पर पुलिसकर्मियों के न होने से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त रही। हर तरफ जाम ही जाम नजर आया। शहर में तीन घंटे तो चकलवंशी में चार घंटे जाम से लोग जूझे। गंजमुरादाबाद में एंबुलेंस फंसी रही। पुरवा व परियर में भी जाम लगा। सोमवार दोपहर करीब एक बजे हरदोई पुल तिराहे पर भारी संख्या में बहनें व अन्य लोग वाहनों के इंतजार में खड़े थे। इसी बीच रोडवेज व निजी बसें आईं तो सवारियां बैठाने के लिए सड़क पर ही वाहन खड़े कर दिए। सिपाही नदारद होने से पीछे वाहनों की कतारें लगने लगीं। यातायात अधिक होने से कुछ ही देर में वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। तेज धूप और उमस भरी गर्मी में लोग जाम में फंसकर बेहाल हो गए। करीब दो घंटे तक यातायात रेंगता रहा। बाद में जाम की सूचना पर यातायात पुलिस पहुंची और जाम में फंसे वाहनों को हटवाने की कवायद शुरू की। दोपहर तीन बजे के करीब जाम खुल सका। वहीं, चकलवंशी चौराहे पर वाहनों की संख्या बढ़ने से जाम लगा। इस चौराहे से उन्नाव, हरदोई, कानपुर, संडीला, लखनऊ की ओर वाहन आते-जाते हैं। सोमवार को त्योहार के चलते चकलवंशी चौराहे पर हजारों बाइक, कार व पैदल यात्रियों की संख्या बढ़ गई। विपरीत दिशा से आ रहे वाहनों को जाने के लिए कोई रास्ता नहीं मिला, जिससे चारों तरफ के मार्ग जाम हो गए। जाम से लगभग 10 किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गईं।

## रक्षासूत्र बांधकर लिया रक्षा करने का वादा

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

भाई और बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर रेशम के धागे का सूत्र बांधकर जीवन भर रक्षा करने का वादा लिया। भाइयों ने बहनों को विभिन्न प्रकार के उपहार देकर खुशी में चार चांद लगाए।

सोमवार को रक्षाबंधन पर सुबह से ही भाई-बहन अटूट रिश्ते के पर्व को यादगार बनाने की तैयारियों में जुट रहे। वैसे राखी बंधवाने के लिए शुभ समय दोपहर 1.32 बजे के बाद था। इसलिए भाइयों को कुछ देर इंतजार करना पड़ा। शुभ घड़ी आते ही बहनों ने सबसे पहले भाइयों के माथे पर रोचना किया। इसके बाद कलाई पर राखी बांधकर मेवा मिष्ठान खिलाकर रक्षा का संकल्प दिलाया।

भाइयों ने अपनी बहनों को सामर्थ्य के अनुसार उपहार और रुपये दिए। मिठाई की दुकानों में सुबह से शाम तक खरीदारों की खासी भीड़ रही। इस दौरान सामान्य मिठाइयां 300 से 500 रुपये प्रति किलो, वहीं काजू, बादाम, छेने की मिठाइयां पांच से एक हजार रुपये प्रतिकिलो तक बिकीं। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र संचालिका ब्रह्मा कुमारी सरला बहन ने बांगरमऊ कोतवाली पहुंचकर प्रभारी राजकुमार को रक्षासूत्र बांधा।

जेल में बंद भाइयों से मुलाकात कर नम हुईं आंखें रक्षाबंधन पर्व पर बहनें जेल में बंद अपने भाइयों को राखी बांधने पहुंचीं। बहनों की भीड़ अधिक होने से जेल प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जेल परिसर के बाहर भीड़ के चलते पैर रखने तक की जगह नहीं थी। जेल कर्मियों ने सभी महिलाओं की कतार लगवाकर मुलाकात कराई।

450 से अधिक बहनों ने जेल में बंद भाइयों से मुलाकात की और रोचना लगाकर राखी बांधकर मुंह मीठा कराया।

त्योहार को देखते हुए जेल अधिकारियों ने टीका-रोचना और मिठाई ले जाने की छूट दी। हालांकि इस दौरान जेल अधीक्षक, जेलर और डिप्टी जेलर लगातार गश्त कर बंदियों और मुलाकातियों पर नजर रखे रहे। जेल में बहनें अपने भाइयों से मिलीं तो उनकी आंखें नम हो गईं।

# लैटिन अमेरिकी और कैरीबियाई देशों के साथ साझेदारी के नए अवसर तलाश रहा भारत

जन एक्सप्रेस । शाश्वत तिवारी

**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा लैटिन अमेरिका और कैरीबियाई क्षेत्र के पांच देशों के दौरे पर हैं। विदेश राज्य मंत्री का पदभार संभालने के बाद मार्गेरिटा की यह पहली आधिकारिक विदेश यात्रा है। वह आपसी हित के नए क्षेत्रों में भारत की साझेदारी को विकसित करने और सहयोग को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से पांच देशों की यात्रा पर हैं। उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत 16 अगस्त को डोमिनिकन गणराज्य से की थी, जहां उन्होंने राष्ट्रपति लुइस अबिनैडर के लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। इसके अलावा राज्य मंत्री ने विदेश मंत्री रॉबर्टो अल्वारेज से भी मुलाकात की, जिस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-डोमिनिकन गणराज्य संबंधों के विविध पहलुओं पर गहन चर्चा की। मार्गेरिटा ने यहां भारतीय प्रवासियों के साथ संवाद भी किया। इसके बाद मार्गेरिटा 17-19 अगस्त के बीच ग्वाटेमाला और अल साल्वाडोर की यात्रा पर रहे। उन्होंने ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति बर्नार्डो एरेवालो से मुलाकात की, जहां दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच मौजूदा सहयोग को मजबूत करने तथा भारत और ग्वाटेमाला के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशने पर सार्थक बातचीत की। राज्य मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा ग्वाटेमाला के विदेश मंत्री कार्लोस रामिरो मार्टिनेज से मुलाकात की। व्यापार एवं निवेश, तकनीकी एवं विकास साझेदारी, बुनियादी ढांचे के विकास और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहायता के क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर उपयोगी चर्चा हुई। मार्गेरिटा ने ग्वाटेमाला के उद्योग मंडल, कृषि, वाणिज्यिक, औद्योगिक और वित्तीय संघों की समिति (सीएसीआईएफ) के सदस्यों से मुलाकात की और भारत के साथ संभावित सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। इसके अलावा राज्य मंत्री ने अल साल्वाडोर में राष्ट्रपति नायब बुकेले और विदेश मंत्री एलेक्जेंड्रा हिल टी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मार्गेरिटा 20-22 अगस्त के बीच पनामा और 23-24 अगस्त के बीच त्रिनिदाद और टोबैगो की आधिकारिक यात्रा करेंगे।



# प्रधानमंत्री मोदी ने सामाजिक न्याय के प्रति हमेशा अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है: अश्विनी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्र सरकार में लेटरल एन्ट्री के संबंध में जारी विज्ञापन पर रोक लगाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय का स्वागत किया है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को एक बार पुनः बेहद महत्वपूर्ण निर्णय द्वारा प्रतिस्थापित किया है। यूपीएससी ने लेटरल एंट्री के लिए एक बेहद पारदर्शी तरीका अपनाया था। उसमें भी अब आरक्षण का सिद्धांत लागू करने का निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सामाजिक न्याय के प्रति हमेशा अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। वैष्णव ने मीडिया से कहा कि पहले ओबीसी आयोग जो एक साधारण बॉडी थी हमने उसे संवैधानिक दर्जा दिया। नीट हो, मेडिकल एडमिशन हो, सैनिक विद्यालय या नवोदय विद्यालय हों, हमने सभी जगह आरक्षण के सिद्धांत को लागू किया है।



# यूपीएससी ने 45 पदों पर सीधी भर्ती के लिए जारी विज्ञापन रद्द किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव स्तर के 45 पदों के लिए लेटरल एंट्री संबंधी विज्ञापन रद्द कर भर्ती प्रक्रिया भी रद्द कर दी। आयोग ने यह कदम केंद्र सरकार द्वारा लेटरल एंट्री का विज्ञापन वापस लेने के निर्देश के बाद उठाया है। यूपीएससी ने जारी एक परिपत्र में लिखा, सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि रोजगार समाचार, विभिन्न समाचार पत्रों और आयोग की वेबसाइट पर 17 अगस्त, 2024 को प्रकाशित विभिन्न विभागों में संयुक्त सचिव/निदेशक/उप सचिव स्तर के 45 पदों के लिए लेटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन संख्या 54/2024 को, अपेक्षित प्राधिकारी के अनुरोध पर रद्द कर दिया गया है। इससे पहले मंगलवार को केन्द्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण, लोक शिकायत राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी अध्यक्ष प्रीति सूदन से लेटरल एंट्री के लिए जारी विज्ञापन को रद्द करने के लिए पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के तहत, विभिन्न मंत्रालयों में सचिव, यूआईडीएआई का नेतृत्व आदि जैसे महत्वपूर्ण पद बिना किसी आरक्षण प्रक्रिया का पालन किए लेटरल एंट्री को दिए गए हैं। इसके अलावा यह सर्वविदित है कि बदनाम राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य एक सुपर-नौकरशाही चलाते थे और यह प्रधानमंत्री कार्यालय को नियंत्रित करती थी। हमारी सरकार का प्रयास प्रक्रिया को संस्थागत रूप से संचालित, पारदर्शी और खुला बनाने का रहा है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद सीतापुर।**

पत्रांक :- 603/एस0बी0एम0/न0पा0प0सी0/2024-25 दिनांक : 12 अगस्त 2024

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद, सीतापुर अपने नगर निवासियों से अपील करती है कि

01. नागरिकों से अपील है, कि घर-घर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया में समस्त जनता अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं घर मे सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग किया जाय, सूखा कचरा नीले में व गीला कचरा हरे कचरे पात्र में ही डालें इसी प्रकार नगर पालिका की गाड़ियों में प्रतिदिन सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रिसाइकल करें।
02. आप अपने घर मे एक कूड़ेदान में गीला कूड़ा हरा डिब्बे व सूखा कूड़ा नीला डिब्बे में अवश्य रखें।
03. नगर में निर्मित सामुदायिक शौचालय सार्वजनिक शौचालय / यूनिरल निर्मित पिंक शौचालयो का सदैव प्रयोग करे, खुले में शौच तथा पेशाब न करे स्वच्छता में सहयोग करें।
04. सिंगल यूज प्लास्टिक / प्लास्टिक युक्त सामग्री का प्रयोग न करें और न ही दूसरो को करने दे, पॉलीथिन पर्यावरण के लिये हानिकारक है, पालीथिन का प्रयोग / विक्रय करते हुये पाये जाने पर मु0-50,000.00 तक जुर्माना का प्राविधान है।
05 . अपने जानवरों को खुला न छोड़े, तथा सड़कों व सार्वजनिक स्थान पर न बाधें।
06. चाय की बिक्री में कॉच के ग्लास व कुल्हड़ का प्रयोग करें, प्लास्टिक के ग्लास का प्रयोग न करें।
07. भार्गों एवं गलियों में किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें।
08. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के अन्दर कराकर नि:शुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
09. बकाया करों के सरचार्ज में छूट का लाभ उठाए जाने हेतु करों की अदायगी करें।
10. पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए नल की टंकियों को खुला न छोड़ें।

(महेश गुप्ता) कार्यालय अधीक्षक नगर पालिका परिषद सीतापुर।
(वैभव त्रिपाठी) अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1 नगर पालिका परिषद सीतापुर।
(नेहा अवस्थी) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीतापुर।

समस्त सभासदगण एवं समस्त कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद सीतापुर।



सभी देशवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस के इस पावन पर्व की शुभकामनाएं
विनय तिवारी (पूर्व विधायक) 139-विधानसभा गोला
समाजवादी पार्टी



**कार्यालय नगर पंचायत लहरपुर जनपद सीतापुर**

स्वतंत्रता दिवस की 78वी वर्षगांठ पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनायें।

नगर पालिका परिषद लहरपुर अपने नागरिकों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती है।

पत्रांक-3388/न0पा0परिक खैराबाद समस्त सदस्यगण दिनांक-30.08.2024

1. पूरे नगर में 25 वार्डों में 90 सड़के नाली इंटरलाकिंग का कार्य कराया गया है।
2. जल निकासी हेतु नगर पालिका द्वारा 19 नालों का निर्माण कार्य कराया गया है। जिससे पूरे नगर की जलनिकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।
3. पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था हेतु दो भागों में पूरे नगर को बांटकर डोर टू डोर सफाई व्यवस्था की जा रही है जिसके लिये 14 वार्डों को ठेके पर तथा 11 वार्डों को संविदा सफाई कर्मचारी हर वार्ड में 03 व 04 आवश्यकता के अनुसार लगाकर प्रतिदिन सफाई करायी जा रही है। इसके लिये 30 अद्द नई ठेलिया पालिका द्वारा कय की गयी है। जिससे नगर का कूढा उठाया जाता है।
4. पालिका द्वारा पेयजल व्यवस्था हेतु स्थापित 18 मिनी पम्प तथा 03 बड़े पम्पों से पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।
5. लहरपुर बिसवां गेट पर 100 फिट ऊँचे तिरंगें झण्डे का अधिष्ठापन कार्य कराया गया है।
6. क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पास पालिका द्वारा अस्थाई गौशाला संचालित किया गया है। जिसमें लगभग 28 गौवंश उपलब्ध है। जो पालिका द्वारा देख रेख की जाती है।
7. प्रकाश व्यवस्था हेतु पूरे नगर के समस्त पोलों पर तिरंगा रोप लगायी गयी है तथा पूरे नगर में 500 लाईटें 45 वाट व पूरे डिवाइडर रोड पर तितली लाईटें लगायी गयी है तथा पूरे नगर में सभी खम्भों पर लाईटों की मरम्मत भी करा दी गयी है।
8. पश्चिमी क्षेत्र में द्वितीय एमआरएफ सेन्टर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिससे नगर के कूड़े का पृथ्थकीकरण किया जायेगा।

**अग्रिम योजनायें**

1. शीघ्र ही पालिका द्वारा 15 वां वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से 08 बड़ी सड़कों व व जल निकासी हेतु 07 नालों का निर्माण कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित करने जा रही है। 2. सफाई व्यवस्था हेतु 25 अद्द ई-रिक्शा तथा पेयजल हेतु 03 मिनी पम्प व 3 जनरेटर स्थापित किये जायेगें तथा नगर के 16 स्थानों पर सोलर पम्प स्थापित किये जायेगें जिससे पेयजल व्यवस्था हर समय उपलब्ध रहेगी। 3. मजाशाह चौराहे पर तथा पाटनदीन चौराहे पर 01-01 फौव्वारा स्थापित किया जायेगा। 4. शहर बाजार चौराहे पर शीघ्र ही क्लॉक टावर स्थापित किया जायेगा। 5. नगर के दोनों मेन गेट पर सैल्फी प्वांइट बनाये जायेंगें एवं मजाशाह गेट को रोशनी से सुसज्जित किया जायेगा। शीघ्र ही 30 अदद फीजर वाटर कूलर आपूर्ति की जानी है जिससे नगर के चौराहों के साथ साथ सभी वार्डों में जनता को पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा।

**लहरपुर के समस्त सम्मानित नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा**

1. पॉलीथीन का प्रयोग दण्डनीय अपराध है। इसका प्रयोग कदापि न करें इसका उपयोग / बिकी करते पाये जाने पर अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा। 2. गृहकर, जलकर व जलमूल्य व विविध लाईसेन्स शुल्क प्रत्येक वित्तीय वर्ष में जमा करना सुनिश्चित करें। 3. शुष्क शौचालय का निर्माण व उपयोग, खुले में शौच / पेशाब करना व इधर उधर थूकना दण्डनीय अपराध है उक्त कृत्य करने पर जुर्माना वसूल किया जायेगा। 4. प्रत्येक 3 वर्ष में अपना सेप्टिक टैंक अवश्य खाली करायें। किसी भी प्राईवेट सेप्टिक टैंक आपरेटर से टैंक को खाली न करायें अन्यथाअर्थदण्ड रु0 5000.00 वसूल किया जायेगा। 5. किसी भी तालाब / नाले में कूड़ा करकट न फेकें और न ही आस पास शौच खुले में पेशाब न करें जिससे स्वच्छ वातावरण रहे। पकड़ेजाने पर अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा। 6. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें, तथा नल की टोंटी खुली न छोड़े। 7. सड़कों पर इधर उधर कूड़ा न फेंकें और न ही जलायें, ऐसा करने पर आपसे जुर्माना 50 500 वसूल किया जायेगा "स्वच्छ भारत मिशन" के अन्तर्गत नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें तथा डोर-टू-डोर कूड़े वाले पालिका सफाई कर्मी को ही अलगअलग गीला-सूखा कूड़ा दे। नगर आपका है, इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने हेतु अपना अमूल्य सुझाव मुझे सदैव देते रहे, जिससे नगर पालिका बेहतर सेवा नागरिक मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर सके।

सम्मानित सभासदगण नगर पालिका परिषद लहरपुर
अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लहरपुर
जावेद अहमद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद लहरपुर



May Your Independence Day Day Be Filled With Patriotic Spirit!
IN THE MEMORY OF LATE SHREE KRISHNA GUPTA
CHILDREN'S ACADEMY
Affiliated to CBSE New Delhi
GOLA GOKARANNATH - KHERI
मुख्य कार्यालय मोहम्मदी रोड गोला गोकरननाथ खीरी
6393147367, 9839643597
www.childrensacademygola.com
सतीश चंद्र गुप्ता एम डी
अजय कृष्णानंद प्रिंसिपल



**मुख्य चिकित्सा अधिकारी जालौन स्थान उरई**

पत्रांक-सी0एम0ओ0 /मानस्वा0/विज्ञापन/ 2024-25/2720 दिनांक/5/08/2024

78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनायें

मानसिक रोग किसी को भी हो सकता है। इसके बारे में जानें ! मानसिक रोग का उपचार किया जा सकता है।

मानसिक रोग के लक्षण -

- नींद न आना या देर से आना
- बेहोशी के दौरे या मिर्गी आना
- चिन्ता, घबराहट, उलझन आदि रहना
- बुद्धि का कम विकास होना
- आत्महत्या के विचार आना

सम्पर्क करें :- जिला पुरुष चिकित्सालय में स्थापित मानसिक स्वास्थ्य क्लीनिक ब्लाक बी मनकक्ष एवं ओ0पी0डी0 (सोमवार, बुधवार व शुक्रवार) कमरा नम्बर-02 में संचालित है।

डॉ0 अरविन्द भूषण जिला नोडल अधिकारी (मान0 स्वा0) जालौन
डॉ0 एन0डी0 शर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी जालौन
राजेश कुमार पाण्डेय IAS जिलाधिकारी जालौन

जिला स्वास्थ्य समिति - जालौन



आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राम सेवक यादव
पूर्ति निरीक्षक
तहसील निघासन खीरी



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
**कार्यालय नगर पालिका परिषद सीतापुर**
अपने नगर निवासियों से अपील करती है कि
जनता से अपील
स्वच्छ सर्वेक्षण 2024

01. नागरिकों से अपील है, कि घर-घर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया में समस्त जनता अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं घर मे सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग किया जाय, सूखा कचरा नीले में व गीला कचरा हरे कचरे पात्र में ही डालें इसी प्रकार नगर पालिका की गाड़ियों में प्रतिदिन सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रिसाइकल करें।
02. आप अपने घर मे एक कूड़ेदान में गीला कूड़ा हरा डिब्बे व सूखा कूड़ा नीला डिब्बे में अवश्य रखें।
03. नगर में निर्मित सामुदायिक शौचालय सार्वजनिक शौचालय / यूनिरल निर्मित पिंक शौचालयो का सदैव प्रयोग करे, खुले में शौच तथा पेशाब न करे स्वच्छता में सहयोग करें।
04. सिंगल यूज़ प्लास्टिक/प्लास्टिक युक्त सामग्री का प्रयोग न करें और न ही दूसरो को करने दे, पॉलीथिन पर्यावरण के लिये हानिकारक है, पालीथिन का प्रयोग/विक्रय करते हुये पाये जाने पर मु0-50,000.00 तक जुर्माना का प्राविधान है।
05. अपने जानवरों को खुला न छोड़े, तथा सड़कों व सार्वजनिक स्थान पर न बाधें।
06. चाय की बिक्री में कॉच के ग्लास व कुल्हड़ का प्रयोग करें, प्लास्टिक के ग्लास का प्रयोग न करें।
07. भार्गों एवं गलियों में किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें।
08. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के अन्दर कराकर नि:शुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
09. बकाया करों के सरचार्ज में छूट का लाभ उठाए जाने हेतु करों की अदायगी करें।
10. पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए नल की टंकियों को खुला न छोड़ें।

महेश गुप्ता कार्यालय अधीक्षक नगर पालिका परिषद सीतापुर।
वैभव त्रिपाठी अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1 नगर पालिका परिषद सीतापुर।
नेहा अवस्थी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीतापुर।
समस्त सभासदगण एवं समस्त कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद सीतापुर।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद - सीतापुर**

जनता से अपील

स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

1. घरों के आस पास पानी इकट्ठा न होने दें।
2. घरों में गमलों एवं कूलर का पानी समय समय पर बदलते रहें।
3. घरो में कूड़ा पृथक्कीकृत तरीके से सूखा व गीला अलग अलग दें।
4. कूड़ा कचरा इधर उधर न डालें।
5. प्लास्टिक का उपयोग न करे, बाजार जाते वक्त घर से कपड़े का झोला अवश्य ले कर जायें।
6. शौच के लिये शौचालय का ही प्रयोग करे।
7. जल ही जीवन है, जल को अनावश्यक बर्बाद न करे।
8. पीने हेतु स्वच्छ पेयजल का ही प्रयोग करें।
9. बुखार जैसी स्थिति होनें पर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जायें।
10. जन्म मृत्यु पंजीयन समय से कराये।
11. गृह कर जल मूल्य समय से भुगतान करें।
12. पर्यावरण के दृष्टिगत सभी लोग 01 पौधा अवश्य लगायें।

शैलेन्द्र कुमार दुबे अधिशासी अधिकारी नगर पालिका महमूदाबाद सीतापुर।
समस्त सदस्यगण
मो0 अहमद अध्यक्ष नगर पालिका महमूदाबाद सीतापुर।



स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
मा0 रमेश चंद मिश्रा विधायक बदलापुर जौनपुर
मा0 रमेश चंद मिश्रा विधायक शाहगंज जौनपुर
खुशीराम मिश्र
ठीकेदार (पी डब्लू डी)
महामंत्री भाजपा मंडल
अरसिया जौनपुर


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)